रांची का तापमान
कांके: अधिक. 32.0° न्यून. 20.0°
रांची: अधिक. 32.8° न्यून. 19.2°
रांची, मंगलवार
06 मई 2025
वर्ष-26, अंक-93, पृष्ठ-12
वैशाख शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
₹3.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 12

## विदेशी निवेश के उद्देश्य से स्पेन और स्वीडन गए प्रतिनिधिमंडल ने कहा

# टेस्ला एएस ने झारखंड में 150 मिलियन यूरो के निवेश में दिखाई रुचि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विदेशी निवेश के उद्देश्य से स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल वरीय पदाधिकारियों ने सोमवार को रांची में प्रेस कांफ्रेंस कर निवेश से संबंधित जानकारी साझा की। उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन गए प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड में निवेश के लिए विदेशी निवेशकों को आमंत्रित किया। इस दौरान हमें कई निवेशकों के प्रस्ताव भी मिले। कई कंपनी ने झारखंड में निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई।



उद्योग सचिव राजकमल ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पेन और स्वीडन के विभिन्न उद्यमियों से कहा है कि झारखंड में निवेश की सुगम सुविधा के लिए यूरोपीय कंपनियों के लिए एक समर्पित डेस्क स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्पेन में टेस्ला ग्रुप एएस के चेयरमैन दुसान लिचाड्र्स ने ग्रुप की रोमानिया गीगा फैक्ट्री परियोजना के बारे में प्रस्तुति दी और बैटरी भंडारण उत्पादन के निर्माण के लिए झारखंड में एक समान परियोजना स्थापित करने के लिए करीब 150 मिलियन यूरो के निवेश की रुचि व्यक्त की है। साथ ही, झारखंड सरकार को आरसीडी एस्पेनयोल फुटबॉल क्लब से झारखंड में खेल विकास में सहयोग के लिए फुटबॉल कोचों को प्रशिक्षण देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू/एलओआई) का प्रस्ताव मिला। इसके अलावा, रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से एक मेगा सम्मेलन शेष पेज 11 पर

### बोले उद्योग सचिव

- झारखंड में विदेशी निवेश को बढ़ाना था यात्रा का उद्देश्य
- **स्पेन-स्वीडन झारखंड में निवेश के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण देश**
- देश की जीडीपी में राज्य का हिस्सा 2.5 प्रतिशत, जबकि विदेशी निवेश मात्र 0.98 प्रतिशत

### विदेशों की यात्रा से झारखंड की ब्रांड वैल्यू में होगा सुधार

उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि स्पेन और स्वीडन की यात्रा पूरी होने के एक सप्ताह के भीतर ही झारखंड को सात निवेश प्राप्त हुए। इसलिए अन्य राज्यों की तरह ही विदेशी निवेश के लिए उस देश की कंपनियों के साथ निरंतर जुड़ाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि करीब 9 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कोई झारखंड से सरकारी प्रतिनिधिमंडल विदेशी दौरे पर गया। इस यात्रा से विदेशों में झारखंड की उपस्थिति दर्ज होगी और झारखंड की ब्रांड वैल्यू में सुधार होगा।

### लीगल सपोर्ट की जरूरत पड़ी तो वह भी उपलब्ध कराया जाएगा

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जब अरवा राजकमल से पूछा गया कि झारखंड में जमीन कंपनियों को देने के दौरान अक्सर विवाद होते रहे हैं। झारखंड के लिए जमीन एक बड़ा मुद्दा है। यदि निवेशक झारखंड आते हैं, तो उन्हें जमीन कैसे और कहां से दिया जाएगा? जितनी आसानी से कहा जा रहा है, उतनी आसानी से क्या समाधान निकलेगा? इस पर उन्होंने कहा, इंडस्ट्री लगाना और लगवाना हमारा काम है, इसके लिए हमारी तरह से पूरी कोशिश की जाएगी। वहीं, उन्होंने कहा कि इन हालातों में यदि लीगल सपोर्ट की जरूरत पड़ी, तो लीगल सपोर्ट भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर अवमानना याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट और चीफ जस्टिस के बारे में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान के खिलाफ दायर अवमानना याचिका सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि हमारे कंधे चौड़े हैं और हम याचिका पर विचार नहीं करना चाहते। याचिका में सुप्रीम कोर्ट और सीजीआई संजीव खन्ना पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए दुबे पर अवमानना कार्यवाही करने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान सीजीआई ने कहा- हमारे कंधे मजबूत हैं, हम याचिका पर विचार नहीं करना चाहते हैं।

### गृह मंत्रालय ने राज्यों को कल मॉक ड्रिल करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूती देने के उद्देश्य से सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 7 मई को मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है। यह निर्णय पहलगाम हमलों और पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बाद लिया गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, इस मॉक ड्रिल में हवाई हमले की स्थिति में नागरिकों को सचेत करने के लिए सायरन की प्रभावशीलता का परीक्षण करना और नागरिकों एवं छात्रों को बुनियादी आत्मसुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करना शामिल है।

## हेमंत ने जारी की कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी की पूरी सूची

# झामुमो की 63 सदस्यीय केंद्रीय कार्यकारिणी घोषित

- **नई कार्यकारिणी में विधानसभा अध्यक्ष भी शामिल**

**नवीन मेल डेस्क**


**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने सोमवार को केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की घोषणा कर दी। नई कार्यकारिणी समिति में कुल 63 पदाधिकारी हैं। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने सोमवार को कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी की पूरी सूची जारी की। इनमें संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के अलावा आठ उपाध्यक्ष, चार महासचिव, चार सचिव, तीन प्रवक्ता भी शामिल हैं। नई केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में 31 व्यक्ति आदिवासी समुदाय से हैं। हेमंत सोरेन की पत्नी विधायक कल्पना सोरेन और भाई बसंत सोरेन को कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में जगह दी गई है। ज्ञात हो कि विगत 14-15 अप्रैल को रांची में झामुमो का 13वां महाधिवेशन हुआ था। शेष पेज 11 पर



### केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य

कल्पना मुर्मू सोरेन, बसंत सोरेन, दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो, विजय हांसदा, महुआ माजी, रबींद्रनाथ महतो, मोहन कर्मकार, संजीव बेदिया, डॉ कमल नयन सिंह, निरल पूर्ति, दशरथ गगराई, हफीजुल हसन, सुमन महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगा सुसरण होरो, विकास सिंह मुंडा, संजीव सरदार, राजू गिरी, गणेश चौधरी, एमटी. राजा, धनंजय सोरेन, आलोक सोरेन, लुईस मरांडी, उदय शंकर सिंह शेष पेज 11 पर

कल्पना सोरेन और बसंत सोरेन बनाए गए कार्यकारिणी के सदस्य



### रूपी सोरेन बनीं उपाध्यक्ष सुप्रियो भट्टाचार्य महासचिव

केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के हस्ताक्षर से जारी सूची के अनुसार, नलिन सोरेन, प्रो स्टीफन मरांडी, रूपी सोरेन, सविता महतो, सरफराज अहमद, मथुरा प्रसाद महतो, वैद्यनाथ राम और रामदास सोरेन को झामुमो का उपाध्यक्ष बनाया गया है। विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, जोबा मांझी और मिथिलेश कुमार ठाकुर को पार्टी का महासचिव बनाया गया है।

**शादी की खुशी मातम में बदली**

# 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से पिता-पुत्र की हुई मौत

- **भतीजी की शादी में सामान लाने निकले थे भाई और चाचा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर (पलामू)।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के उत्तर कोयल मुख्य नहर स्थित मुखर्जी पुल के समीप खरगाड़ा गांव में 11 हजार वोल्ट विद्युत प्रवाहित तार रविवार की रात में नहर में गिर गया, लेकिन पूरी रात विभाग को जानकारी नहीं लगी। उसी रास्ते भतीजी की शादी में जेनरेटर संचालित करने के लिए डीजल लेने बाइक से निकले सिमरसोत गांव निवासी बिंदु मेहता (45 वर्ष) व उनके पुत्र बिपिन मेहता (12 वर्ष) की दर्दनाक मौत इस तार की चपेट में आने से झुलसकर घटना स्थल पर ही हो गई।

घटना स्थल पर इनके बाइक व तेल के जार भी बिखरे पड़े थे। इस घटना के बाद उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ ने विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध घंटों हंगामा मचाते हुए शव को उठाने नहीं दिया। उनका कहना था कि विभाग को लगातार सूचना देने के बावजूद तार को दुरुस्त नहीं किया जाता है, जिससे आए दिन ऐसी घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं। इसकी सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी दलबल के साथ पहुंच कर ग्रामीणों को काफी समझाने-बुझाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया।

मृतक बिंदु मेहता की भतीजी की सोमवार की शाम ही शादी को लेकर बारात आने वाली थी। इस घटना में बिंदु मेहता के इकलौता पुत्र बिपिन मेहता की जान चली गई। इस घटना के बाद मृतक के गांव में सन्नाटा पसर गया है। शादी के जश्न के बीच पूरा गांव गम में डूबा पड़ा है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। आसपास के लोग भी मर्माहत हैं। इस घटना पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई व परिजनों को हरसंभव मदद सहित मुआवजा सुनिश्चित की जाएगी। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने इस घटना में दोषी विभागीय अधिकारियों व कर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने व कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग को कमजोर और गरीब लोगों पर केस कर परेशान करने से फुर्सत ही नहीं रहता। उन्होंने कहा कि कहीं भी सड़क के आरपार तार को गुजरने के दौरान गार्ड वायर लगाने के प्रावधान रहते हुए भी यह व्यवस्था विभाग ने क्यों नहीं की। लापरवाही और कुव्यवस्था से ही दो ग्रामीणों की मौत विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से हो गई है। उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान व पूर्व मुखिया जितेंद्र पासवान ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में झूलते तार को अविलंब दुरुस्त नहीं किया गया, तो बाध्य होकर विभाग के विरुद्ध हैदरनगर-जपला मुख्य पथ को जाम किया जाएगा।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**
सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### एसीबी ने जिला खनन कार्यालय के कर्मी को घूस लेते किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** एसीबी ने जिला खनन कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर (आउटसोर्सिंग के रूप में कार्यरत) बिंदेश तिर्की को रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, अनगढ़ा थाना क्षेत्र के निवासी अश्वन तिर्की ने लिखित में आवेदन दिया था कि उनका एक ट्रैक्टर, जिसे उनका ड्राइवर सोमरा मुंडा सरकारी कार्य के लिए तिलगीसेरेन घाटी से बालू लादकर जोन्हा ले जा रहा था। बालू ले जाने के क्रम में राहे अंचल अधिकारी ने ट्रैक्टर को पकड़ लिया और सिल्ली थाने को सौंप दिया। इसके बाद 28 अप्रैल को सिल्ली थाना के प्रभारी द्वारा फोन पर बताया गया कि ट्रैक्टर का चालान खनन विभाग, रांची को भेज दिया गया है और वहीं जाकर फाइन भरकर ट्रैक्टर को छुड़वा लीजिए। अश्वन तिर्की ने आवेदन में कहा है कि इसके बाद दो मई को जिला खनन कार्यालय में जाकर पता किया तो शेष पेज 11 पर

## रबींद्रनाथ महतो ने किया सेवानिवृत्त आईपीएस महेंद्र मोदी की पुस्तक का विमोचन

# 'ऐ मेरे प्यासे वतन' पुस्तक से देश को होगा लाभ : विस अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक महेंद्र मोदी की पुस्तक 'ऐ मेरे प्यासे वतन' का लोकार्पण झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में किया। जलगुरु के नाम से प्रसिद्ध महेंद्र मोदी वर्तमान में उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग के जल संरक्षण सलाहकार हैं। वे बाढ़ और सुखाड़ विश्व जल आयोग स्वीडन के भी सलाहकार हैं। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा, जलगुरु महेंद्र मोदी के मन में ललक थी कि प्यासा जंगल, प्यासी जमीन और प्यासे वातावरण के लिए जल संरक्षण कैसे किया जाए। इस पर उन्होंने अपने व्यस्त कामों के बीच भी चिंता की और अध्ययन किया, जिसके बाद उन्होंने 'ऐ मेरे प्यासे वतन' किताब को लिखा। रबींद्रनाथ महतो ने कहा, इस किताब के अध्ययन से राज्य को ही नहीं, बल्कि पूरे देशवासियों का फायदा होगा। क्योंकि, जल संरक्षण जीवों के लिए बेहद जरूरी है। शेष पेज 11 पर

### महेंद्र मोदी ने कई मॉडल किए हैं विकसित

पुस्तक 'ऐ मेरे प्यासे वतन' के लेखक जलगुरु महेंद्र मोदी ने भूगर्भ जल स्तर तेजी से उठाने और जल प्रबंधन के निमित्त वैज्ञानिक और व्यावहारिक प्रयोग के माध्यम से अपने कई मॉडल विकसित किए हैं। ये मॉडल प्रदूषण रहित, मितव्ययी, आसान, तकनीकों से जल संरक्षण और परिशोधन के लिए जाने जा रहे हैं। महेंद्र मोदी के चार मॉडल को पेटेंट एक्ट 1970 के अंतर्गत पेटेंट अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं।

**इंडिया**

# बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग और राजनीतिक दांव पेंच

केंद्र में भाजपा की सरकार के पास राज्य भाजपा के नेता लगातार पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करते रहते हैं, पश्चिम बंगाल प्रदेश के कई भाजपा नेता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर चुके हैं पर अनेक हिंसक और अमानवीय घटनाओं के बावजूद एनडीए गठबंधन की सरकार ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के मामले को टालती रही है। राजनीतिक पंडितों के अनुसार बीजेपी को सबसे बड़ा डर यह सताता रहता है कि यदि केंद्र सरकार ने ममता बनर्जी सरकार को अपदस्त कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगा दिया तो पीड़ित कार्ड खेलकर अपनी शैली में हल्ला मचाकर विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी फिर से जीत सुनिश्चित कर लेंगी। अनेक टीवी चैनलों में दिखाए गए फुटेज और मीडिया रिपोर्ट में राज्य सरकार पर हिंसा की अनदेखी, बीजेपी और अन्य विरोधी नेताओं पर हमला करवाने, हिंदुओं पर हमला और कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा देने जैसे गंभीर आरोप लगाने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य में राष्ट्रपति शासन नहीं लगाना चाहते हैं पर अभी पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की एक रिपोर्ट ने केंद्र सरकार की दुविधा को और बंगाल की राजनीति का तापमान बढ़ा दिया है। सूत्रों के अनुसार राज्यपाल ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा की रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी गई रिपोर्ट में राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि 'कट्टरपंथ और उग्रवाद की दोहरी' समस्या राज्य के लिए गंभीर चुनौती बन गई है। रिपोर्ट में बांग्लादेश के साथ लगते पश्चिम बंगाल के दो जिलों- मुर्शिदाबाद और मालदा में हालात भयावह तौर पर खराब होने का जिक्र किया गया है। अपनी रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य की ममता बनर्जी सरकार और पश्चिम बंगाल की पुलिस पर भी सवाल उठाते हुए हिंसा की पूरी जांच के लिए एक जांच आयोग का गठन, बांग्लादेश की सीमा से लगे जिलों में केंद्रीय बलों की चौकियां स्थापित करने जैसे कई अहम सुझाव दिए हैं। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने अपनी रिपोर्ट में राष्ट्रपति शासन की तरफ इशारा करते हुए यह कह कर सनसनी फैला दी है कि स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर संविधान के अनुच्छेद-356 के तहत संवैधानिक प्रावधान के भी विकल्प खुले रहेंगे। अनुच्छेद-356 यानी राष्ट्रपति शासन। राज्यपाल ने सीधे तौर पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश तो नहीं की है लेकिन यह जरूर लिख दिया है कि अगर राज्य में स्थिति और ज्यादा बिगड़ती है तो केंद्र संविधान के अनुच्छेद-356 के प्रावधानों को लागू करने पर विचार कर सकती है। पश्चिम बंगाल में अगले साल 2026 में विधानसभा का चुनाव होना है। बंगाल हिंसा पर घुर विरोधी कांग्रेस भी बीजेपी के साथ एकमत है और जोर-शोर से चुनाव की तैयारियों में जुटी हई है। पार्टी आलाकमान का यह दावा है कि इस बार बीजेपी राज्य में सरकार बनाने जा रही है। लेकिन इससे पहले ही राज्यपाल की इस रिपोर्ट ने पार्टी के आला नेताओं की दुविधा को बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार को चलाने वाले नेता अब तक अपने ही नेताओं की पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को खारिज करते रहे हैं लेकिन राज्यपाल की इस रिपोर्ट के बाद अब ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त करने की मांग को इतनी आसानी से नकारा नहीं जा सकता। इस मामले में एक तरफ पश्चिम बंगाल बीजेपी के तमाम नेता और कार्यकर्ता हैं जो हर हाल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा देखना चाहते हैं तो दूसरी तरफ बीजेपी की केंद्र सरकार है जिसका यह मानना है कि राष्ट्रपति शासन लगा तो ममता बनर्जी के पक्ष में उन्हें हराने को तत्पर स्थानीय और बसे हुए बाहरी मुस्लिमों के साथ-साथ कुछ न्यायप्रिय संभावित हिंदू वोटरों का भी ध्रुवीकरण होगा जो हिंसा को दुष्प्रचार मानती रही है। ऐसे में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कोई बीच का रास्ता निकाल पाती है या नहीं, इसके लिए इसके लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। इसमें पेंच यह भी है कि मूल बंगालियों के अलावा बड़ी संख्या में अन्य राज्यों के वहां बसे लोग नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि वे बंगाल की वर्तमान सरकार और उनके समर्थक गुर्गों से परेशान हैं पर विवश हैं क्योंकि पुरानी सीपीएम की सरकार के समय से ही पूरे बंगाल के सत्तासीन पार्टी कैडर एक-एक आदमी और वोटर का हिसाब रखते हैं कि किस मुहल्ले से कितने वोट मिले और इसीलिए चुनाव उपरान्त हिंसा में घर जलाने से लेकर हत्या तक की घटनाएं घट चुकीं हैं। इसके समाधान के लिए केंद्रीय बलों की स्थायी तैनाती चुनाव पूर्व ही नहीं बाद में भी आवश्यक है पर इसके लिए राष्ट्रपति शासन लागू करने का साहस केंद्र सरकार जुटा नहीं पा रही है।


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ रूस : पुतिन

- **रूसी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से की फोन पर बात**
- **निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत-रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुभकामनाएं दीं शेष पेज 11 पर

# हर अस्पताल होगा सुरक्षित, सुरक्षा से नहीं होगा कोई समझौता : स्वास्थ्य मंत्री

- स्वास्थ्य व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, सिस्टम में आएगा बड़ा बदलाव
- मैं डॉक्टर हूं, आंखों के सामने किसी को मरते नहीं देख सकता: स्वास्थ्य मंत्री
- सुरक्षा सर्वोपरि: राज्य के हर अस्पताल में होगी पुख्ता व्यवस्था





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर की हालिया घटना से मर्माहत स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा, अब यदि रिम्स या किसी भी अस्पताल में किसी मरीज की मौत सुरक्षा कारणों से होती है, तो उसकी पूरी जवाबदेही मेरी होगी। राज्य के हर अस्पताल को पूरी तरह से सुरक्षित बनाया जाएगा।

डॉ. अंसारी ने निर्देश दिया है कि राज्य के सभी सदर अस्पताल, रिम्स और मेडिकल कॉलेज तीन दिन के भीतर अपने भवनों की स्थिति पर रिपोर्ट सौंपें। कौन-से भवन मरम्मत योग्य हैं, कौन-से जर्जर हैं या ध्वस्त किए जाने चाहिए – इसकी विस्तृत जानकारी दी जाए। रिपोर्ट मिलते ही मरम्मत एवं निर्माण कार्य के लिए तुरंत बजट जारी किया जाएगा। सुरक्षा सर्वोपरि है, किसी की जान से खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

उन्होंने कहा कि जमशेदपुर जैसी घटना दोबारा न हो, यह मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वे खुद पीड़ित परिवारों से मिलेंगे और हरसंभव सहायता सुनिश्चित करेंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डॉ. अंसारी ने भावुक होते कहा कि पूर्व में क्या हुआ, मैं उसमें नहीं जाना चाहता, लेकिन जब इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी मुझे मिली है और खासकर जब मैं खुद एक डॉक्टर हूं — तो मैं अपनी आंखों के सामने किसी को मरते नहीं देख सकता। हमें इस व्यवस्था को मजबूत और बेहतर बनाना है, और मैं चाहूंगा कि इसमें आप सभी मेरा साथ दें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जमशेदपुर में राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं और पूरी टीम तैनात कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने साफ किया है कि अब लापरवाही की कोई जगह नहीं रहेगी - मरीजों की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## देवघर एम्स के बर्न वार्ड पर हाईकोर्ट ने जानकारी मांगी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने देवघर एम्स में बन रहे बर्न वार्ड की जानकारी मांगी है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने देवघर एम्स प्रबंधन को यह बताने को कहा है कि बर्न वार्ड कब तक शुरू (ऑपरेशनल) हो जाएगा। मामले की अगली सुनवाई अगस्त में होगी। बता दें कि 23 अगस्त 2022 को दुमका में एक नाबालिग को उसके कथित प्रेमी ने घर में सोते समय पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था। इलाज के दौरान नाबालिग की मौत हो गयी थी। उसे इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया था। अदालत ने यह जानना चाहा था कि जब देवघर में एम्स है तो जलने की स्थिति में करीब 300 किलोमीटर दूर क्यों रेफर किया गया।

## राज्य की विधि व्यवस्था से राज्यपाल को कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज भवन में भेंट की। इस क्रम में श्री मरांडी ने राज्य की वर्तमान गिरती हुई विधि-व्यवस्था की स्थिति की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही, उन्होंने पुलिस महानिदेशक के पद को लेकर राज्य सरकार के रवैये से भी अवगत कराया।

## बीएसएफ का प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरु कैंप, हजारीबाग के महानिरीक्षक धीरेंद्र संभाजी कुटे एवं अन्य वरीय अधिकारियों ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। उक्त अवसर पर महानिरीक्षक ने राज्यपाल को भूमि संबंधित समस्याओं की ओर अवगत कराया।

## पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने किया प्याऊ का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सहजानंद चौक( हरमू ) में मातृभूमि (सरकार द्वारा पंजीकृत सामाजिक संस्था)की ओर से घड़े का प्याऊ स्थापित किया गया। इस प्याऊ का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने फीता काटकर एवं लोगों को जल पिलाकर किया। संस्था के प्रेम वर्मा ने कहा आगे भी रांची के विभिन्न स्थानों मे प्याऊ स्थापित किया जाएगा। मौके पर यदुनाथ पांडेय ने संस्था के लोगों को इस पुण्य कार्य के लिए देते हुए कहा यह एक पुण्य सेवा कार्य है। उद्घाटन समारोह में मातृ भूमि संस्था के संरक्षक विनोद सिंह, सचिव बहुरन लोहारा, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, डॉक्टर महेंद्र कुमार राज, समाजसेवी संतोष कुमार, प्रमोद पांडे, शंकर विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

# जातिगत जनगणना कराने की पहली लड़ाई हम जीते : के राजू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस भवन में सोमवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि जातिगत जनगणना कराने की लड़ाई में जीत का पहला पड़ाव हम पार कर चुके हैं। जातिगत जनगणना के कई पहलुओं के लिए अभी संघर्ष करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मानती है कि जातिगत जनगणना के बगैर हम देश में समानता नहीं ला सकते। इससे हमें मालूम होगा कि किस समुदाय को कितना हक मिल रहा है और संसाधनों पर उनका कितना हक है। भाजपा जातिगत जनगणना की मांग को खारिज करती रही और इसके विरोध में देश में माहौल बना रही थी, प्रधानमंत्री ने जातिगत जनगणना की मांग करने वाले कांग्रेस नेताओं को अर्बन नक्सल कहा। जातिगत जनगणना की मांग के कारण राहुल गांधी को भाजपा ने लगातार हंसी का पात्र बनाया लेकिन कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में सरकार को मजबूर किया। जातिगत जनगणना की घोषणा करने के लिए जातिगत जनगणना का तेलंगाना मॉडल सरकार को अपनाना चाहिए जनगणना की समय सीमा तय करने के साथ-साथ सूचनाओं संख्याओं को सार्वजनिक करने का प्रावधान हो। जातिगत जनगणना एक ऐतिहासिक मोड़ है, यह राहुल गांधी की जीत है एसटी, एससी, ओबीसी के सामाजिक आर्थिक परिवर्तन का नया अध्याय इससे शुरू होगा। संविधान बचाओ अभियान के तहत हम प्रमुख मांगों को सामने रखेंगे 50% आरक्षण की सीमा को समाप्त करना पिछले 11 वर्ष में एसटी,एससी क्षेत्र में बजट के प्रावधान कम हुए हैं इन क्षेत्रों में संख्या के आधार पर विकास के लिए बजट तय हो जिस तरह आंध्र प्रदेश कर्नाटक राजस्थान की राज्य सरकारों ने किया।

संवाददाता सम्मेलन में झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी सीरीबेला प्रसाद, दीपिका पांडे सिंह, डॉ। इरफान अंसारी, बंधु तिर्की, सुबोधकांत सहाय, प्रदीप कुमार बालमुचू, राजेश ठाकुर,राकेश सिन्हा सतीश पौल मुजनी, सोनाल शांति भी उपस्थित रहे।



### सदन और न्यायालय में भी हुआ जातिगत जनगणना का विरोध : गुरदीप सिंह सप्पल

कांग्रेस कार्य समिति सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल ने कहा मोदी सरकार सिर्फ जुबान से ही जातिगत जनगणना की विरोधी नहीं थी बल्कि सदन और न्यायालय तक में इन्होंने जातिगत जनगणना का विरोध किया, जातिगत जनगणना की बात करने पर हमें तालिबानी फौजी कहा गया। लगातार इस मुद्दे पर विरोध करने वाली मोदी सरकार ने हर बार की भांति अचानक यू टर्न लेकर यह फैसला किया है इस यू टर्न का कांग्रेस स्वागत करती है क्योंकि यह यू टर्न देश की जनता के मांगों के हित में है।

### संविधान बचाओ रैली विजय सभा के रूप में होगी : केशव महतो कमलेश

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा की संविधान बचाओ रैली विजय सभा के रूप में होगी, राहुल गांधी के प्रयासों से कांग्रेस ने जातिगत जनगणना की लड़ाई को जीतकर विजय पताका लहराया है। यह कांग्रेस के अनवरत संघर्ष का परिणाम है कि समाज को जीत मिली। जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी धरातल पर उतरेगी। प्रखंड से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लगातार मांग करने, आंदोलन करने के कारण केंद्र सरकार को झुकना पड़ा और जातिगत जनगणना की घोषणा करनी पड़ी।

### कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज



रैली में शामिल होने के लिए खड़गे, केसी बेणुगोपाल और भूपेश बघेले आज पहुंचेंगे रांची

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सोमवार को बताया कि आयोजित संविधान बचाओ रैली की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है पुराना विधान सभा के समक्ष मैदान में अयोजित संविधान बचाओ रैली झारखंड में मिल का पत्थर साबित होगा। इस रैली में राज्य के सभी जिलों से कांग्रेस कार्यकर्ता और आम जनता की काफी संख्या में भागीदारी रहेगी है। उन्होंने कहा इस रैली में शिरकत करने के लिए मंगलवार को 11.15 बजे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, अखिल भारतीय कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी बेनुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेले सहित कई बड़े नेता रांची पहुंचे। उन्होंने कहा सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य और झारखंड प्रभारी के राजू, गुरदीप सिंह सप्पल रांची पहुंच चुके हैं। राकेश सिन्हा ने बताया कि रैली के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ तमाम नेता होटल बीएनआर चाणक्य में जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी के साथ बैठक करेंगे इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी की बैठक में शामिल होने दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## सांसद ढुलू महतो की संपत्ति की जांच पर सुनवाई 16 जून को

**रांची।** धनबाद के सांसद ढुलू महतो की संपत्ति की जांच के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में 16 जून को सुनवाई होगी। सोमवार को प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता प्रशांत भूषण पक्ष रखेंगे। इसके लिए प्रार्थी ने समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए 16 जून को सुनवाई निर्धारित की। सांसद ढुलू महतो की आय से अधिक संपत्ति की जांच के लिए सोमनाथ चटर्जी ने याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई के दौरान आयकर विभाग की ओर से बताया गया कि ढुल्लू महतो की संपत्ति के बारे में एसबीआई पटना की ओर से कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। इस मामले से जुड़े कुछ तथ्य जानने के लिए कई बार आग्रह किया गया, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गयी है। इसके बाद अदालत ने एसबीआई को प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया था। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने आयकर विभाग से ढुल्लू महतो की संपत्ति के संबंध में रिपोर्ट मांगी थी और पूछा था कि कोर्ट के आदेश के आलोक में अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई हुई है। राज्य सरकार को भी कोर्ट ने निर्देश दिया था कि वह आयकर विभाग को आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराए। याचिका में कहा गया है कि विधायक बनने के बाद ढुलू महतो ने अतिरिक्त संपत्ति अर्जित की है।

## पेपर लीक मामले में छह की जमानत पर आदेश 9 मई को

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अधीन संचालित संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा के पेपर लीक मामले में जेल में बंद छह आरोपियों की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई पश्चात सीआईडी की विशेष अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश 9 मई को सुनाएगी। मामले में आरोपी कविराज, रोबिन कुमार, अखिलेश कुमार, गौरव कुमार, निवास कुमार राय और अभिलाष कुमार ने पिछले महीने जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। सभी आरोपी इंडियन रिजर्व बटालियन-8 के जवान हैं। सीआईडी ने आरोपियों को उक्त मामले में 25 मार्च 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वे तब से जेल में हैं। बता दें कि 21 सितंबर 2024 व 22 सितंबर 2024 को राज्य के सभी जिलों में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई थी।

### जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर नाराज हुए संजय सेठ, कहा

# लोकतंत्र के लिए यह अच्छा नहीं अधिकारियों को निर्देशित करें

- रक्षा राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा हो रही है, जो बेहद गंभीर विषय है। उपरोक्त बातें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे पत्र में कही है। योजनाओं के क्रियान्वयन व उद्घाटन शिलान्यास में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से नाराज रक्षा राज्य मंत्री ने सीएम को पत्र लिखा है।

पत्र में श्री सेठ ने कहा कि कांके प्रखंड के सुकुरहुट्टू के बरवाटांड़ में सरना टोली से रिंग रोड तक एक सड़क का निर्माण होना है। उपरोक्त सड़क निर्माण की स्वीकृति मेरी अनुशंसा पर आरआरडीए के द्वारा दी गई है। अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मैंने स्थानीय ग्रामीणों को उक्त सड़क के निर्माण कराने के लिए आश्वस्त किया था। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उपरोक्त सड़क का शिलान्यास मेरी अनुपस्थिति में कर दिया गया। शिलापट्ट में मेरा नाम जरूर है परंतु उसकी कोई सूचना मुझे या मेरे कार्यालय को नहीं दी गई है।

पूर्व में भी दिशा समिति की बैठकों में मैंने यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी योजना के उद्घाटन-शिलान्यास में सभी जनप्रतिनिधियों को पूर्व सूचना दी जाए। बावजूद इसके इस विषय पर जिला प्रशासन सहित किसी भी अधिकारी का ध्यान नहीं है। आपको अवगत कराना चाहूंगा कि लोकतंत्र के लिए यह अच्छा नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र विधायिका और कार्यपालिका के सहयोग से ही आगे बढ़ता है। निश्चित रूप से विकास के कार्य होते हैं तो जनप्रतिनिधि भी उसका माध्यम बनते हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों की यह उपेक्षा लोकतंत्र का अपमान है।

उन्होंने सीएम से अनुरोध किया है कि इस दिशा में झारखंड के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें ताकि राज्य का कोई भी जनप्रतिनिधि योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

### झीमड़ी की घटना पर रक्षा राज्य मंत्री ने डीसी को लिख पत्र, कहा

# पीड़ित परिवार की सुरक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करें

**नवीन मेल संवाददाता**



- घटना में थानेदार की लापरवाही उन्हें अविलंब हटाएं
- ग्रामीणों को अनावश्यक प्रताड़ित और परेशान नहीं करे प्रशासन

**रांची।** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के झीमड़ी में एक बच्ची के साथ जबरन धर्मांतरण व इसके बाद बढ़े मामले को लेकर रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने सरायकेला का उपायुक्त को कड़ा पत्र लिखा है। इस पत्र में रक्षा राज्य मंत्री ने यह बताया है कि देश की परिस्थितियों के कारण वह क्षेत्र नहीं आ पा रहे हैं परंतु उसे परिवार और गांव की सुरक्षा आवश्यक है। इसके लिए रक्षा राज्य मंत्री ने डीसी को भी निर्देश दिए हैं। सरायकेला खरसावां जिले के झीमड़ी में एक बेटी का ब्रेन वाश कर जबरन धर्मांतरण का मामला सामने आया था। इस मामले में ग्रामीणों में भी जबरदस्त आक्रोश रहा। पीड़िता का पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान रहा। उसके समाधान से जुड़े कई विषयों पर जिला प्रशासन को सकारात्मक कदम उठाना चाहिए। वर्तमान में देश की ऐसी परिस्थितियों की वजह से मैं क्षेत्र में नहीं आ सका हूं परंतु वहां की स्थिति पर मेरी नजर है। उक्त पीड़ित परिवार की शिक्षा, सुरक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य जैसे विषय चिंताजनक हैं। इस दिशा में जिला प्रशासन अपने स्तर पर पहल करते हुए ठोस कदम उठाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीड़ित बच्ची को उच्च शिक्षा के साथ सुरक्षित भविष्य के लिए रोजगार भी उपलब्ध हो, इस दिशा में प्राथमिकता के साथ जिला प्रशासन कार्य करे। इस दिशा में सकारात्मक कार्य हो। बच्ची के स्वास्थ्य संबंधी परेशानी को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर उच्च संस्थान में समुचित इलाज की व्यवस्था कराएं। आवश्यकता पड़ी तो मैं एम्स में भी बच्ची की ईलाज की व्यवस्था करूंगा।

श्री सेठ ने थानेदार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतने संवेदनशील घटनाक्रम में स्थानीय थाना प्रभारी का रवैया बहुत ही उदासीन रहा है। यह मामला थाना प्रभारी की निष्क्रियता के कारण भी बहुत बड़ा होता चला गया, जिसके फल स्वरुप कई घटनाएं हुई और सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई। ग्रामीण आज भी थाना प्रभारी की उस कार्रवाई से आक्रोशित हैं। इसलिए तत्काल थाना प्रभारी का तबादला किया जाए। श्री सेठ ने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि इस मामले में किसी भी निर्दोष ग्रामीण महिला पुरुष को किसी प्रकार की प्रताड़ना नहीं हो पाए। उन्हें अनावश्यक परेशान नहीं किया जाए। भय का माहौल नहीं बने। यह ध्यान प्रशासन को रखना चाहिए और इसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पीड़िता की मां से मैंने फोन पर बात की है और लगातार उनके परिवार के संपर्क में हूं। उनके परिवार की जरूरत का भी ख्याल जिला प्रशासन रखे। इसके साथ ही पीड़ित परिवार के की सुरक्षा की गारंटी भी सुनिश्चित करें।

### पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से निकालने को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

# भाजपईयों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पहलगाम में हिंदू पर्यटकों के नरसंहार के विरोध में और रांची सहित झारखंड में वैध-अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल भारत से निकालने की मांग को लेकर पाकिस्तानी भारत छोड़ो कार्यक्रम के तहत सोमवार को भाजपा रांची महानगर एवं ग्रामीण जिला की ओर से आक्रोश प्रदर्शन किया गया। भाजपा कार्यकर्ता शहीद चौक स्थित जिला स्कूल परिसर से हाथों में झंडा एवं पाकिस्तान विरोधी लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में उपायुक्त कार्यालय पहुंचे।

### हिंदू पर्यटकों के नरसंहार से पूरे भारतवासी गुस्से में : बाबूलाल मरांडी




जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों द्वारा हिंदू पर्यटकों के नरसंहार से पूरे भारतवासी गुस्से में हैं। कहा कि पहलगाम घटना के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तानियों का वीसा रद्द कर उन्हें 48 घंटों में भारत छोड़ने का निर्देश दिया था। लेकिन जिन राज्यों में इंडिया गठबंधन की सरकारें चल रहीं हैं, वहां पाकिस्तानी नागरिकों को संरक्षण दिया जा रहा है। झारखंड में भी कई पाकिस्तानी छुप कर रह रहे हैं, लेकिन यहां की सरकार उन्हें बचाने में लगी है। उन्होंने राज्य सरकार से कहा कि वैसे पाकिस्तानी नागरिक जो वैध या अवैध रूप से छुपकर रहे हैं, उन्हें तत्काल चिह्नित कर डिपोर्ट करें। श्री मरांडी ने कहा कि नाम एवं धर्म पूछकर हिंदू पर्यटकों का नरसंहार करने वाले आतंकियों व उनके आकाओं को उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत की सेना उन्हें ऐसी सजा देगी कि पूरी दुनिया देखेगी।

### सेना आतंकियों के आकाओं को करारा जबाव देगी

पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि भारत की सेना आतंकियों के आकाओं को करारा जबाव देगी। ऐसी दुस्साहस करने वाले मिट्टी में मिला दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से कहा कि छुप के रहे पाकिस्तानियों को अविलंब चिह्नित कर बाहर निकाले, अन्यथा राज्य की जनता घर-घर से खोजकर उन्हें बाहर निकालेगी।

आक्रोश प्रदर्शन के बाद दीपक प्रकाश, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, मनोज सिंह, अमर बाउरी, वरुण साहू, विनय महतो, बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर, मनोज वाजपेयी, सुनीता सिंह, सरोज सिंह, गंगोत्री कुजूर, समरीलाल, जीतू चरण राम, राम कुमार पाहन, आरती सिंह, शिवपूजन पाठक ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त रांची को ज्ञापन सौंपा। मौके पर योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रतुल शाहदेव, रमाकांत महतो, अजय शाह, राफिया नाज, सत्यनारायण सिंह, केके गुप्ता, सुरेंद्र महतो, रमेश सिंह, संजय जयसवाल, ललित ओझा, अरुण झा, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, अनीता वर्मा समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# पहलगाम हमले पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर : वाजपेयी

**नवीन मेल संवाददाता**




रांची। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस पर पहलगाम हमले के बाद दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया है। डॉ वाजपेयी ने कहा कि सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड के सभी जिलों में प्रदर्शन कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और मांग की, कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राज्य में रह रहे पाकिस्तानियों को चिह्नित कर अविलंब वापस पाकिस्तान भेजा जाए। वाजपेयी ने आरोप लगाया कि जहां-जहां देश में इंडिया गठबंधन की सरकारें हैं, वहां पाकिस्तानियों को चिह्नित कर उन्हें उनके देश भेजने के लिए राज्य सरकार तत्परता नहीं दिखा रही। ऐसा लगता है उन पर तुष्टीकरण का भूत सवार है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के सुर रोज बदल रहे। भारत सरकार द्वारा आयोजित सर्वदलीय बैठक में वे मोदी सरकार के निर्णयों के साथ आतंकवाद और पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई का समर्थन करते हैं, वहीं कई वरिष्ठ नेता केंद्र सरकार, सेना की कारवाई पर सवाल भी खड़ा करने लगे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी का बयान इसी से मिलता-जुलता है। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि यूपी के कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सेना और भारत की सैन्य शक्ति का मजाक उड़ा दिया। राफेल जैसे उच्च कोटि के लड़ाकू विमान को खिलौना बताया, जिसका हाईवे पर विगत दिनों प्रदर्शन कर सेना ने देश का गौरव बढ़ाया है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि पहलगाम में धर्म पूछ कर आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या की। लेकिन सवाल पूछ कर कांग्रेस शहीदों, सेना को अपमानित करने में पीछे नहीं हट रही। पहले भी सर्जिकल स्ट्राइक पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं।

## जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त

# कांके अंचल के कर्मचारी को शोकॉज करें : मंजूनाथ भजन्त्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- आवेदक को अनावश्यक रुप से कार्यालय का चक्कर लगवाने पर डीसी सख्त
- संबंधित पदाधिकारियों को जनता की समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

मालगुजारी रसीद में रकबा सुधार के लिए आवेदक को बार-बार अंचल कार्यालय के चक्कर लगवाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कर्मचारी को शोकॉज करने का आदेश दिया है। अपर समाहर्त्ता को कांके अंचल के कर्मचारी को शो-कॉज करने का आदेश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि आम जनता को अनावश्यक कार्यालय का चक्कर लगवाने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में भूतपूर्व सैनिक शिवनंदन झा द्वारा जनता दरबार में शिकायत की गई थी।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री सोमवार को एक बार फिर जनता दरबार में आम जनों की शिकायतों से रुबरु हो रहे थे। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को बारी-बारी से सुनते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को जल्द समाधान करने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जनता दरबार के दौरान भू-राजस्व से संबंधित ज्यादातार शिकायतें आई। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जनता दरबार के दौरान ही अपर समाहर्त्ता एवं राजस्व कर्मी द्वारा अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संबंधित अंचल अधिकारियों को भी उन्होंने फोन पर आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान के निर्देश दिए। रांची के लालपुर क्षेत्र स्थित प्राचीन जलमीनार के निकट अधिक क्षमता के लिए जलमीनार के निर्माण एवं वारीपार्क के रख-रखाव के संबंध में भी जनता दरबार में आवेदन आए। जिस पर उपायुक्त ने नगर निगम एवं पीएचईडी के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा भी उपस्थित थे।

### शादी समारोह से लौट रहे युवक को पीटकर किया घायल

**रांची।** कोकर सुभाष चौक निवासी अभिषेक कुमार ने धर्मवीर के दोस्तों के अलावा अनिश और राहुल पांडेय के विरूद्ध सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि तीन अप्रैल को वह न्यू नगर बांधगाड़ी में एक शादी समारोह में गया था। वहां पर राहुल पांडेय नामक युवक से उसकी बहस हुई। इसके बाद जब वह घर लौटने लगा तभी राहुल अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे पीटा। बेल्ट समेत अन्य चीजों से मारकर उसे जख्मी कर दिया। इसके बाद वह थाना पहुंचा और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने किया सुधा डेयरी का शैक्षणिक भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सोमवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के 50 विद्यार्थियों ने शिक्षण कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत 'बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड' की इकाई धुर्वा स्थित सुधा डेयरी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अध्ययन यात्रा का नेतृत्व शिक्षक इन्द्रजीत दत्ता एवं शिक्षिका नमिता सिन्हा ने किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने डेयरी के कार्यप्रणाली की गहराई से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने देखा कि किस प्रकार सुधा डेयरी पारंपरिक गोपालन की प्रवृत्ति में कमी के बावजूद घर-घर शुद्ध दूध तथा उससे निर्मित अन्य उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। यह न केवल एक व्यवसायिक उपक्रम है, बल्कि समाजसेवा की दिशा में एक प्रेरक पहल भी है। बच्चों ने दूध प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विभिन्न उत्पादों के निर्माण की तकनीकी विधियां प्रत्यक्ष रूप से देखीं और उनकी गुणवत्ता मानकों को समझा। इस प्रक्रिया में उन्हें यह भी ज्ञात हुआ कि यह संस्था कई लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करवा रही है, जिससे सामाजिक और आर्थिक स्थायित्व को बल मिलता है। विद्यालय के प्राचार्य बिपिन राय ने रांची डेयरी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। वहीं कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार की जानकारी देना वास्तव में एक प्रेरणादायी पहल है। इससे न केवल उनका दृष्टिकोण व्यापक होगा, बल्कि वे उत्पादकता, रोजगार, उद्यमिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को समझने के योग्य भी बनेंगे।

# समर्पण शाखा ने किया अस्थायी 'अमृतधारा' का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची समर्पण शाखा ने अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में बढ़ती गर्मी को देखते हुए 22, अस्थाई अमृत धारा का उद्घाटन किया गया। यह कार्य मारवाड़ी भवन में संपन्न किया गया। अमृतधारा प्रभारी शशि बंका एवं दीपिका टेकरीवाल ने मिलकर इस कार्यक्रम के लिए काफ़ी मेहनत की और कार्यक्रम को सुंदर तरीक़े से संपन्न किया। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि यह स्थाई अमृत धारा शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाई जाएगी जिससे स्कूल के बच्चे आने वाले राहगीरों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम को अमृत धारा प्रभारी ने बहुत ही सुचारू रूप से सजाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष सुमित लाठ , पूर्व अध्यक्ष कंचन सोमानी, कार्यकारणी सदस्य रितु पोद्दार, सोनम शर्मा, स्मिता अग्रवाल, कोमल पोद्दार, पूजा लाडिया, पिंकी शर्मा, पायल जैन, आशा संथालिया, दीपिका मोतीका, निकिता जालान, सौम्या सामोता, रेखा राईका, कोमल झुनझुनवाला, शशि बंका, सपना सिंघानिया अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## दो दिवसीय सत्यानंद ओपन योग चैंपियनशिप संपन्न

# रांची की संचिता राय व जमशेदपुर के अभिषेक बने चैंपियन ऑफ चैंपियंस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची के बिशप स्कूल में सत्यानंद योगा एसोसिएशन एवं श्री अरबिंदो आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सत्यानंद ओपन योग चैंपियनशिप संपन्न हुई। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न स्थानों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 से ऊपर प्रतिभागियों ने भाग लिया। दो दिवसीय योग प्रतियोगिता के अलावा पेंटिंग, निबंध, रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की गई । योग प्रतियोगिता में रांची योग जीनियस की संचिता राय और बालक वर्ग में रॉयल योग जमशेदपुर के अभिषेक कुमार ने चैंपियन ऑफ चैंपियंस के खिताब पर कब्जा किया।प्रतियोगिता में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग का प्रयोग की गई। कोलकाता से पहुंचे मानिक प्रधान के नेतृत्व में झारखंड के निर्णयाको के सहयोग से प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायें। संस्था के निर्देशक आदित्य कुमार सिंह एवं सचिव रूपम कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड पर्यटन विभाग की निदेशक श्रीमती अंजलि यादव, अतिथि सेवा भारती रांची महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत यादव, नीलू भाटिया, आशी भाटिया, श्री अरविंद सोसाइटी के सचिव रमेश भाई, सामाजिक कार्यकर्ता रंजन कुमार मिश्रा, डॉ परिणीता सिंह,आदित्य कुमार सिंह, संजय कुमार झा, पंकज प्रसाद,डॉ रूपम सिंह ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। इस मौके सपन साह, रजनी बक्शी, राहुल पोद्दार, डा कृष्ण कुमार राय, सुशीत बनर्जी, अन्नु झा, वंदना कुमारी, शीतल महतो, गोवर्धन कुमार, संजय कुमार सहित योग प्रेमी, योग प्रशिक्षक उपस्थित थे।

### साथी की मौत के बाद धरना दे रहे अनुंबध कर्मियों में रोष

**रांची।** झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय अनुबंध शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा की ओर से बीते 27 दिनों से राजभवन के समक्ष धरना दिया जा रहा है। ये अनुबंधी कर्मी समायोजन की मांग कर रहे हैं। इसी बीच एक चतुर्थ वर्गीय अनुबंध कर्मी शुभाशीष यादव का असामयिक निधन हो गया।इससे अनुबंध कर्मियों में रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2019 से प्राचार्य की लापरवाही के कारण शुभाशीष यादव को मानदेय भुगतान नहीं किया गया। परिजनों का कहना है कि शुभाशीष की दोनों किड़नी फेल हो चुकी थी और इलाज के लिए बहुत पैसे की जरूरत थी। लेकिन, परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण शुभाशीष यादव का बड़े अस्पताल में इलाज नहीं हो पाया और उनकी मृत्यु हो गई। आरोप- 27 दिनों से धरने पर, कोई सुनने वाला नहीं।

# परिसीमन की समस्या से जूझ रहा है वार्ड नंबर 5



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची सिटीजन फोरम की बैठक वार्ड नंबर 5 स्थित बसंत विहार कॉलोनी, डूमरदगा में अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित स्थानीय निवासियों ने फोरम के पदाधिकारियों को बताया कि वार्ड नंबर 5 में सबसे अधिक समस्या परिसीमन की है। कई जगहों पर रांची नगर निगम काम नहीं कर रहा है। उसके जगह कांके ब्लॉक के द्वारा काम हो रहा है। जबकि इन जगहों पर रांची नगर निगम होल्डिंग टैक्स ले रहा है। भवन का नक्शा कांके ब्लॉक से पास हो रहा है। कई लोग ऐसे भी हैं, जो रांची नगर निगम के चुनाव में भी वोट डालते हैं और मुखिया के चुनाव में भी। कुछ लोगों ने कई वर्षों से होल्डिंग टैक्स देना बंद कर रखा है और अपने खुद के आपसी कंट्रीब्यूशन से मोहल्ले में साफ-सफाई इत्यादि कार्य करवा रहे हैं, क्योंकि यहां नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होती है और कूड़े का उठाव नियमित रूप से नहीं होता है, साथ ही बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा यहां पर वर्ष 2022 में पाइपलाइन बिछाया गया था, लेकिन अभी तक पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं की गई है। जिससे इस भीषण गर्मी में असुविधा हो रही है।

# सीता नवमी धार्मिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पर्व : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि सीता नवमी जिसे जानकी नवमी भी कहा जाता है, हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन को देवी सीता के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है।साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को सीता नवमी मनाई जाती है। इस दिन को सीता जयंती और जानकी जयंती के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि मां सीता मिथिला नरेश राजा जनक की पुत्री थीं, इसलिए उन्हें जानकी भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वैशाख शुक्ल की नवमी तिथि के दिन माता सीता धरती पर प्रकट हुई थीं। सीता नवमी का शुभ मुहूर्त पंचांग के अनुसार, वैशाख शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि का आरंभ 5 मई को सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर होगा। नवमी तिथि का समापन 6 मई को सुबह 8 बजकर 38 मिनट पर होगा। सीता नवमी के दिन व्रत करने का भी विधान है। इस दिन व्रत कर भगवान राम और मां सीता की विधिपूर्वक की जाती है। कहते हैं कि सीता नवमी के दिन जो कोई भी व्रत करता है, उसे सोलह महादानों और सभी तीर्थों के दर्शन का फल मिलता है। साथ ही माता सीता और श्री राम के मंत्र का 11 बार जप करना चाहिए।

### आज / कल




### युवा कर्मठ रहकर किसी भी कार्य को करें : डॉ सरोजनी

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज की आतंरिक शिकायत समिति (आईसीसी) और आईक्यूएसी की मदद से कॉलेज में सोमवार को 'समाज में युवाओं को मूल्यवान व महत्वपूर्ण स्तंभ के तौर पर देखना' विषय पर विशेष व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता आईपीएस डॉ सरोजनी लकड़ा थीं। उन्होंने अपनी संघर्षपूर्ण जीवनयात्रा को साझा कर युवाओं को अनुशासित, लक्ष्य केंद्रित व कर्मठ रहकर किसी भी कार्य को करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि संघर्षपूर्ण जीवन से ही व्यक्तित्व का विकास होता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर बोले, बिना संघर्ष के व्यक्ति का सफल होना बेमानी है और डॉ सरोजिनी इसका उदहारण हैं। कार्यक्रम में कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ अजय अरुण मिंज, आईसीसी संयोजक डॉ मधुलिका सिंह, डॉ. सुनील भाटिया, आलोक रंजन आदि मौजूद थे।

# सदर अस्पताल में कैमरा तकनीक से पहली बार हुआ ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सदर अस्पताल में कैमरा तकनीक से पहली बार पित्त की थैली के पत्थरी का ऑपरेशन हुआ। यह एक बहुत ही सराहनीय और उन्नत तकनीक है। इस नई कैमरा तकनीक के माध्यम से आईसीजी डाई का इस्तेमाल किया, जिससे पित्त की थैली और उसके आस-पास के अंगों को अलग-अलग रंगों में देख पाना ऑपरेशन के दौरान बहुत मददगार साबित होता है। इससे डॉक्टरों को सटीकता के साथ काम करने का मौका मिलता है, और मरीज की सुरक्षा की संभावना अत्यधिक बढ़ जाती है। श्यामली कॉलोनी की रहने वाली महिला मरीज पिछले एक सप्ताह से अत्यधिक पेट दर्द से परेशान थी। उनका सफल ऑपरेशन यह साबित करता है कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियां कैसे मरीजों को जल्दी ठीक होने में मदद कर सकती हैं। इस नई तकनीक का रांची के सदर अस्पताल में प्रयोग निश्चित रूप से एक बड़ी उपलब्धि है, और उम्मीद है कि इससे और भी मरीजों को फायदा होगा। मरीज का ऑपरेशन सफल रहा। ऑपरेशन करने वाली टीम में एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार, एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर चंदन झा, नेली सिस्टर, ओटी असिस्टेंट मंटू ,नीरज, नंदिनी,सरिता,अमिता मुख्य रूप से उपस्थित थे।






## जून में होगा राज्य कर्मियों का महाजुटान

# सेवानिवृत्ति की उम्र 62 साल करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एण्ड एंप्लॉईज फेडरेशन (झारोटेफ) के प्रांतीय समिति की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से वर्तमान सरकार के घोषणा पत्र में शामिल संकल्पों, जिसमें अन्य राज्य कर्मियों की भांति शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ प्रदान करने, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र को 62 वर्ष करने एवं केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्य कर्मियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ दिए जाने को संगठन द्वारा आहूत पांच चरणों के आंदोलनों के समीक्षा की गई। बैठक के प्रथम सत्र में झारखंड राज्य के अलग अलग सेवा संघों द्वारा पेंशन आन्दोलन में उनके सहयोग एवं सहभागिता के लिए संघीय प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत संगठन के मांगों पर एवं इसमें सभी संघों के प्रतिनिधियों की क्या भूमिका होगी इसपर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित संघीय प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि जिस प्रकार से पेंशन आंदोलन में हम सब ने अपनी सहभागिता निभाई वैसे ही महासंघ द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रमों में हमारा पूर्ण सहयोग और समर्थन रहेगा। राज्य के विभिन्न सेवा संघों के प्रतिनिधियों के रूप में मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू, पशु चिकित्सा सेवा संघ के महामंत्री डॉ शिवानंद काशी, अखिल भारतीय राज्य पेंशनर फेडरेशन के महासचिव महेश कुमार सिंह, झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल शरण सिंह, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ से जसीम अख्तर, झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव गंगा प्रसाद यादव, झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के महासचिव बलजीत कुमार सिंह, अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) से पंकज कुमार, झारखंड राज्य जन सेवक संघ के महासचिव लोकेश कुमार, झारखंड राज्य और वन सेवा संघ के महामंत्री मनोरंजन कुमार, झारखंड +2 शिक्षक संघ से सुनील कुमार, झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ से अमित कुमार महतो सहित अन्य ने झारोटेफ के कार्यों की प्रशंसा की।

## एक नजर

### पहलगाम हमले पर भाजपा का प्रदर्शन सिर्फ राजनीतिक दिखावा : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी के बयान और रांची में किए गए प्रदर्शन को महज एक राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में घटित दुखद आतंकी घटना पर पूरा देश शोक में है, लेकिन भाजपा इस शोक को भी राजनीति का साधन बना रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहलगाम हमले के बाद सर्वदलीय बैठक में स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार का समर्थन करते हुए कहा था कि कांग्रेस पार्टी और संपूर्ण विपक्ष केन्द्र सरकार के साथ पूरी ताकत के साथ खड़े हैं और हम सब एकजुट होकर आतंकियों के खिलाफ सख्त और उनको संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग करते हैं।

### इचापिड़ी पंचायत में ग्राम प्रधान चुनाव की तैयारी

**पिठौरिया ।** कांके प्रखंड अंतर्गत इचापिड़ी पंचायत में लोकतंत्र के पर्व की तैयारी जोरों पर है। 7 मई 2025 को होने वाले ग्राम प्रधान के चुनाव को लेकर पंचायत में उत्साह का माहौल है। पंचायत भवन में सुबह दस बजे से चुनाव प्रक्रिया आरंभ होगी।इसी कड़ी में पंचायत के उपमुखिया मोहम्मद गुफरान अंसारी जन-जन तक पहुंच कर अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी निभाई सुनिश्चित करने में जुटे हैं। वे गांव-गांव, टोला-टोला जाकर लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे निर्धारित समय पर पंचायत भवन पहुंचें और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।ग्राम पिरूटोला, नया टोला, बेड़ा टोला सहित अन्य गांवों में जाकर उपमुखिया गुफरान अंसारी लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

### मनी लाउंड्रिंग मामले में अभिषेक झा समेत दो पर आरोप गठन 21 को

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा एवं जय किशोर चौधरी पर आरोप गठन की अगली तारीख 21 मई निर्धारित की गई है। सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी, लेकिन समय की मांग की गई। जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए 21 मई की तारीख निर्धारित की है। मामले में चार्जशीटेड अन्य आरोपियों पूजा सिंघल, सुमन कुमार एवं शशि प्रकाश के खिलाफ 10 अप्रैल 2023 को ही आरोप तय किया जा चुका है। वहीं, मामले के मुख्य आरोपी बर्खास्त जेई राम बिनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोविड काल में ही 26 फरवरी 2021 को आरोप तय किया गया था।

उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

# पुल निर्माण कार्य इस्टीमेट के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। अड़की** अड़की में सोमवार को मुख्यमंत्री गाम सेतु योजना के तहत डोम्बारी और भुरसुडीह के बीच मसड़ा डीह घाट राबो छोट नदी में एक उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस पुल का निर्माण करोड़ों की लागत से होगा और इसका शिलान्यास खुंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा और तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। यह पुल निर्माण क्षेत्र के लोगों की दशकों पुरानी मांग है, जो अब पूरी हो गई है।इस पुल के बनने से तमाड़, अड़की और कुचाई प्रखंड के सैकड़ों गांवों और टोलों के लोगों को सप्ताहिक डोरया बाजार में अपने आवश्यक खरीद-बिक्री के लिए आवागमन में सुगमता होगी।कार्यक्रम शिलान्यास स्थल पर पहुंचने से पहले पारंपरिक तरीके से बाजे-गाजे के साथ सांसद और विधायक का भव्य स्वागत किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि लोगों को बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना वर्तमान हेमंत सरकार की प्राथमिकता है। साथ ही संसद और विधायक ने पुल निर्माण कर रहे ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि पुल निर्माण कार्य इस्टीमेट के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी सख्त लहजे में लोगों के कामों में नरमी बरतते हुए कम से कम 10 दिनों में समाधान करने का प्रयास करने का निर्देश दिया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जिन्होंने सड़क, पानी, बिजली से संबंधित समस्याओं का आवेदन दिया और समाधान करने के लिए कहा। इस दौरान खुंटी सांसद प्रतिनिधि, अड़की सांसद प्रतिनिधि, तमाड़ प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### गुमशुदा महिला व तीन नाबालिग बच्चे गोवा से बरामद

**पिठौरिया।** 16 अप्रैल से लापता महिला व उसकी तीन बच्चों को पिठौरिया पुलिस ने गोवा से बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त महिला 16 अप्रैल को अपनी नाबालिग 2 बेटी और 1 बेटा के साथ लेकर घर से बिना बताए चली गई थी। इस संबंध में महिला के पति हरि कुजूर ने 20 अप्रैल को पिठौरिया थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि महिला गोवा के डिचोली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मकान में रह रही थी। पिठोरिया पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें गोवा से बरामद कर सोमवार की शाम लगभग 6 बजे परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार के द्वारा एक टीम गठित की गई जिसने 4 मई को गोवा पहुंचकर महिला और उनके तीनों बच्चों को बरामद किया।

### शिव कुमार महतो बने राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के तकनीकी अधिकारी



**खूंटी।** खूंटी जिला कबड्डी संघ के सचिव शिव कुमार महतो को एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से नौ से 12 मई तक महाराष्ट्र के देवली स्थित रामदास जी विदर्भ केसरी स्टेडियम में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तकनीकी अधिकारी बनाया गया है। शिव कुमार की इस उपलब्धि पर कबड्डी संघ ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह खूंटी के लिए गर्व की बात है। खूंटी से पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी अधिकारी के रूप में शामिल होने का मौका मिला। झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन कुमार रावत, जिला अध्रूख गुलाब महतो, सचिव संजय झा और कोषाध्यक्ष हरीश कुमार सिंह ने बधाई दी है। यह जानकारी खूंटी जिला कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष सुमित कुमार ने सोमवार को दी।

नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र

# युवाओं को प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाएं प्रशिक्षण अधिकारी : मंत्री

### इमानदारी व निष्ठा से करें कर्तव्य निर्वहन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सोमवार को नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। रांची के नेपाल हाउस स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित 12 नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को अपने हाथों नियुक्ति पत्र वितरण किया। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से 13 प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कार्यक्रम के दौरान एक उपस्थित नहीं हो सके थे। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के मौके पर मंत्री ने सभी नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ उन्हें शुभकामना देते हुए कहा कि सभी अब सरकार के अभिन्न अंग हो गए हैं। युवाओं को अच्छी शिक्षा व प्रशिक्षण देकर कौशल विकास की दिशा में दक्ष बनाएं, ताकि उन्हें रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी इमानदारी व निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार बेसरा, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अपर सचिव नागेंद्र पासवान, उपनिदेशक प्रशिक्षण देवेंद्र प्रसाद, उपनिदेशक नियोजन निशिकांत मिश्रा, मंत्री के पीएस पारितोष तिवारी एवं अमित कुमार बेसरा, सहायक निदेशक प्रशिक्षण अंजू अग्रवाल, नियोजन पदाधिकारी निदेशालय पंकज कुमार गिरी आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज | बॉक्स

### प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित




**मुरी।** 05 मई को संत माईकल + 2 स्कूल, मुरी में इंगलिश जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता के विजेताओ को सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 28 अप्रैल को विद्यालय में आयोजित कि गई थी। जिसमें वर्ग छठवीं से बारहवी तक के बच्चो ने बढ़ चढ़ ?कर हिस्सा लिया था। स्कूल के निदेशक राकेश कुमार ने आशिष वचन के साथ बच्चों को इस प्रतियोगिता का महत्व बताए एवं इस तरह के प्रतियोगिता में सभी बच्चों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किए। स्कूल के प्राचार्य सीएल प्रजापति ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में होने वाली अन्य सभी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दिए। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सभी विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### बाइक के टक्कर में दो लोगों की मौत

**मांडर।** मांडर - टांगरबसली मुख्यपथ पर स्थित नारो जंगल के निकट दो बाइक सवार के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में दो व्यक्ति मौत हो गई। घटना सोमवार दोपहर की है। बताया जाता है कि बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा गांव निवासी पचास वर्षीय सोमरा उरांव अपनी पैतालिस वर्षीय पत्नी पंछी उरांव के साथ मांडर के गोरे अपने ससुराल आए थे। वहीं से दोनों पति-पत्नी वापस अपनी बाइक से बेड़ो की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान नारो जंगल के निकट विपरीत दिशा से आ रहे बाईस वर्षीय सचिन टोप्पो की बाइक से उनकी टक्कर हो गई। इस हादसे में सोमरा उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं सोमरा की पत्नी पंछी और सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही सभी को रेफरल अस्पताल मांडर लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मृतक सोमरा की पत्नी पंछी और सचिन को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां सचिन टोप्पो की मौत हो गई।

### डॉ राज कुमार को दी बधाई



रांची। रांची विश्वविद्यालय के एमपीएड कोर्स के मेंबर डॉ राज कुमार शर्मा को डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य बनने डोरंडा कॉलेज के प्रो राजेश भटनागर और प्रो अवधेश ठाकुर ने गुलदस्ता दे कर पर बधाई और शुभकामनाएं दिया ।

### लतरातु डैम से बाइक की हुई चोरी

**लापुंग ।** लापुंग थाना क्षेत्र के डुरु गांव के रहने वाले नागपुरी लोक कलाकार एवं अभिनेता बरियस खलखो की कर्रा थाना क्षेत्र के डुमरगडी. इलाके के यात्री शेड में रखे केटीएम ड्यूक बाइक नंबर जेएच 01 एव 4943 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घटना सोमवार को अपराह्न लगभग डेढ़ बजे की है। डुरु गांव के रहने वाले लोक कलाकार बरियस खलखो ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ लतरातु डैम के निकट डुमरगडी.इलाके में म्यूजिक एल्बम बेवफा सीरीज के फिल्मांकन के लिए पहुंचे थे। इस मौके पर अभिनेत्री विनिता धान, कैमरामैन अंगनु उरांव सहित कई कलाकार भी वहां पहुंचे थे। वहां पहुंचते ही बरियस खलखो ने अपनी बाईक डैम के निकट डुमरगडी. क्षेत्र में बने यात्री शेड में रखी और खुद शूटिंग की तैयारी में व्यस्त हो गए। इसी बीच लगभग डेढ़ बजे उनकी बाईक जिसकी कीमत लगभग पौने तीन लाख रुपए है शूटिंग के दौरान चोरी हो गई।

### गर्मी आते ही तमाड़ प्रखंड कार्यालय में पेयजल संकट



**तमाड़।** प्रखंड कार्यलय में पेयजल का घोर संकट है। 23 पंचायत के हजारों लोगों का प्रतिदिन कार्यालय आना जाना है लेकिन कर्यालय परिसर मे पिने की पानी का कई व्यवस्था नहीं है। दिखावा के लिए आरओ मशीन लगी है लेकिन उसमे एक बूंद भी पानी की उम्मीद नहीं है। हर रोज लोग पानी के लिए इधर उधर भटकते हैं। कार्यालय परिसर में एक प्याऊ का भी निर्माण कराया गया है जिसमे पानी एक बूंद भी नहीं मिलता है सिर्फ कार्यालय का शोभा बढ़ा रहा है।

संविधान बचाओ रैली को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया

# संविधान की रक्षा करना है ताकि जनता को न्याय मिल सके : मांगा उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** सोमवार को मांडर प्रखंड में कांग्रेस पार्टी के द्वारा आहूत छह मई को रांची के पुराने विधानसभा में होने वाले संविधान बचाव रैली को लेकर जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव, मंडल अध्यक्ष तबारक खान, सेवा दल अध्यक्ष सरीता तिग्गा, महिला अध्यक्ष सेरोफीना मिंज ने प्रखंड के सरवा , डुमरी, टांगर बसली, महुआ जाड़ी, अम्बा टोली, करगे , बरगड़ी समेत विभिन्न गांवों में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर मांगा उरांव ने कहा कि कांग्रेस संविधान के मूल्य की रक्षा करते आ रही है। लेकिन आरएसएस और बीजेपी लोकतंत्र का उपहास उड़ा रही है। आज हम सबको मिलकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करना है। ताकि जनता को न्याय मिल सके और देश से अराजकता को खत्म किया जा सके। उन्होंने लोगों से आह्वान भी किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग मंगलवार को रांची के पुराना विधानसभा मैदान में एकत्रित होकर संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ रैली को सफल बनाएं।

# सकारात्मकता को साथ रखें हर मंजिल पाएंगे : चौहान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सोमवार को लिटिल एंजेल हाई स्कूल पुंदाग में खुशी क्लास का आयोजन खुशी क्लास और लाइफ केयर रांची के संयुक्त बैनर तले किया गया। कार्यक्रम का संचालन खुशी दूत संदीप शाह ने किया। मुख्य अतिथि खुशी क्लास के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने खुशी मिशन के बारे में बतलाते हुए कहा कि कैसे अपने जीवन में खुश रहना चाहिए, सकारात्मक होना चाहिए, कभी भी अपने जीवन में तनाव /टेंशन को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में हमें सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। सभी अच्छी बातों को खुद में आत्मसात करना चाहिए, अंक किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का पैमाना नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें अपने जीवन में मुझे यह करना है यह सोच रखना चाहिए ना कि यह होना चाहिए यह सोच। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच मनुष्य को सफल बनाता है। प्रकृति ने बहुमूल्य जिंदगी जीने के लिए दी है, गुजारने के लिए नहीं।

# सभी निजी अस्पतालों से मांगा गया फायर एनओसी

◆ रिम्स में हाल ही में लगाए गए फायर सेफ्टी सिस्टम में पानी नदारद है। भवन में लगाए गए फायर सेफ्टी सिस्टम में कहीं पानी नहीं आ रहा है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बरियातू रोड में रामेश्वरम स्थित डॉ कुमकुम विद्यार्थी के घर में रविवार शाम आग लग गई। हालांकि, घर से सटा उनका क्लिनिक बच गया। लेकिन, इस घटना से सबक लेते हुए सिविल सर्जन ने सोमवार को जिला के सभी निजी अस्पताल और नर्सिंग होम से आग से सुरक्षा को लेकर फायर एनओसी मांगी है। सभी निजी अस्पताल व नर्सिंग होम के प्रबंधकों को भेजे पत्र में उन्होंने नियमानुसार अस्पताल/नर्सिंग होम में अग्निशम व्यवस्था का अनापत्ति प्रमाण पत्र अग्निशमन विभाग से प्राप्त कर अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। ताकि, स्वास्थ्य विभाग को प्रतिवेदन भेजा जा सके। बीते दिनों मनाया गया था फायर सेफ्टी वीक बता दें कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक ने बीते 21 से 26 अप्रैल तक राज्य भर में फायर व इलेक्ट्रिक ऑडिट कराते हुए फायर सेफ्टी वीक का आयोजन कर अस्पतालों में आग से सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

इसमें निजी अस्पतालों से भी फायर एनओसी लेने की बात कही गई थी। लेकिन, जिला स्वास्थ्य महकमा द्वारा इसपर समुचित अमल नहीं किया गया। यही नहीं, समाजेसवी ज्योति शर्मा ने गर्मी के दिनों में आग की घटना को रोकने के लिए बीते 24 अप्रैल को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने निजी अस्पतालों में अग्निशमन के इंतजाम का निरीक्षण कराने एवं फायर एनओसी लेने का अनुरोध किया था। लेकिन, न तो सरकारी आदेश पर नहीं निजी स्तर के अनुरोध पर अमल किया गया। रिम्स के फायर सिस्टम में पानी नदारद राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में आग से सुरक्षा के इंतजाम की बात करें तो वहां शुक्रवार को फायर एक्सटिंग्विशर के संचालन का मॉकड्रिल किया गया। लेकिन, रिम्स में हाल ही में लगाए गए फायर सेफ्टी सिस्टम में पानी नदारद है। भवन में लगाए गए फायर सेफ्टी सिस्टम में कहीं पानी नहीं आ रहा है। पाइप की हालत जर्जर है। स्थिति देखकर लगता है कि यदि पानी का लोड दिया जाए तो मुख्य पाईप ही जोड़ से टूट जाएगा।

26 वीं राष्ट्रीय मिनी एवं यूथ टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता

# मिनी बालिका को गोल्ड एवं बालक को मिला रजत पदक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** 02 से 04 मई तक गोपाबंधु स्टेडियम परादीप पोर्ट, परादीप जगतसिंहपुर ओडिशा में आयोजित 26 वी राष्ट्रीय मिनी एवं यूथ बालक बालिका टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई। इसमें टेनिस वॉलीबॉल संघ झारखंड के मिनी एवं यूथ बालक बालिका टीम भाग ले रही थी। झारखंड के मिनी बालिका वर्ग ने फाइनल मैच में महाराष्ट्र को डायरेक्ट 2 सेटों में 21-10 एवं 21-16 से पराजित कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया एवं मिनी बालक ने फाइनल मैच में कड़े मुकाबले में महाराष्ट्र से 3 सेट में 2 सेट में 21-18, 21-15 से पराजित हो कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। गोल्ड एवं रजत पदक आने पर टेनिस वॉलीबॉल संघ झारखंड के महासचिव ब्रजेश गुप्ता पश्चिम सिंहभूम के सचिव अरशद खान सरायकेला खरसावां के सचिव दीपक कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। यह जानकारी सरायकेला खरसावां के सचिव दीपक कुमार ने दी ।

बीआईटी मेसरा, रांची से संबंधित भूमि एवं मामलों को लेकर बैठक

# उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बीआईटी मेसरा से संबंधित विभिन्न मामलों को लेकर बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमित अग्रवाल, वाइस चांसलर, बीआईटी मेसरा, प्रोफेसर इन्द्रनील मन्ना एवं अन्य प्रतिनिधियों के साथ अंचल अधिकारी, कांके उपस्थित थे। बैठक में बीआईटी मेसरा द्वारा अधिग्रहित भूमि पर छात्रों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से चहारदीवारी निर्माण कार्य एवं अन्य मामलों की समीक्षा की गई। वाइस चांसलर, बीआईटी मेसरा, प्रोफेसर इन्द्रनील मन्ना द्वारा जिला प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया, जिस पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं अंचल अधिकारी, कांके को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# एक नजर

## हाई टेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेडोकला में सोमवार की सुबह एक युवक हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया जिससे युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। युवक टिंकू राणा पिता भुवनेश्वर राणा ग्राम मस्केडीह, चलकुशा टेंपू से समान अनलोड कर रहा था। इसी बीच हादसा हुई। घटना सोमवार की हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक समान अनलोड कर रहा था, इसी बीच कुछ ही ऊपर हाई टेंशन तार की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाई टेंशन तार को हटाने के लिए विभाग को कई बार जानकारी दिया गया है लेकिन विभाग ने सुध नहीं ली।

## सड़क निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध

**गोला।** गोला प्रखंड की कोराम्बे पंचायत के नावाजारा से पुरबडीह पंचायत के रायपुरा तक ग्रामीण कार्य विभाग से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तहत बनने वाली सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। घटिया निर्माण से गुस्साए दर्जनों ग्रामीण सोमवार को सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचे और हंगामा करते हुए संवेदक व विभागीय अधिकारियों के प्रति आक्रोश जताया। विरोध करने वालों में शामिल कारु मुंडा, दिनेश मुंडा, राजेश महतो, सेवधर महतो, आशीष महतो, डब्लू महतो, धनंजय महतो, नंदलाल मुंडा, दिवाकर मुंडा, अशिष्वर मुंडा, विनोद मुंडा, अखिलेश्वर मुंडा सहित दर्जनों ने कहा कि संवेदक विभागीय अधिकारियों से मिलकर घटिया सड़क का निर्माण करा रहा है।

## जेएलकेएम के पूर्व प्रत्याशी पनेश्वर निष्कासित

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने अनुशासनहीनता के आरोप में बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पनेश्वर महतो और युवा मोर्चा जिला सचिव रोहित महतो को पार्टी से तीन माह के लिए निकाल दिया है। इस दौरान दोनों पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यह कार्रवाई एक पखवारे पूर्व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पनेश्वर महतो और युवा मोर्चा जिला सचिव रोहित कुमार महतो के बीच बातचीत का एक ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें दोनों एक-दूसरे से असंसदीय भाषा और आर्थिक गतिविधियों के बाबत बातचीत कर रहे थे।

### बकाए का भुगतान नहीं होने पर आयुष्मान योजना से संबंद्ध अस्पतालों ने इलाज किया बंद

# सूचना मिलने पर मरीजों की छलकी आंखें, कहा-आयुष्मान है हमारी जिंदगी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग जिले में आयुष्मान भारत योजना से संबंध 20 प्राइवेट अस्पतालों ने 5 मई से मरीजों को आयुष्मान योजना से सेवा देना बंद कर दिया। आयुष्मान से इलाज कराने के लिए प्राइवेट अस्पताल पहुंचे मरीजों की परेशानी तब बढ़ गई जब अचानक उन्होंने नोटिस पर देखा कि प्राइवेट हॉस्पिटलों ने यह सेवा बंद कर दिया है। जिनके पास बेहतर इलाज के लिए आयुष्मान ही एकमात्र विकल्प है उनकी आंखें छलक गई। उनका कहना था कि हमारे आंखों के सामने अंधेरा छा गया है अब हम कहां जाएं? सरकार से हमारा अनुरोध है कि प्राइवेट अस्पताल के बकाए का भुगतान करें ताकि हम गरीब बीमार लोगों को इस योजना के माध्यम से प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज प्राप्त हो सके। हजारीबाग शहर का एचजेडबी आरोग्यम अस्पताल डायलिसिस की भी सेवा देता है। यहां 71 किडनी मरीज रजिस्टर्ड हैं। सबसे मुश्किल उनकी बढी है जो लगातार इस अस्पताल से डायलिसिस की सेवा लेते आ रहे थे। आरोग्यम के डायलिसिस सेंटर आयुष्मान भारत से डायलिसिस कराने के लिए पहुंचे किडनी मरीज काफी हैरान और परेशान दिख रहे थे। उनका कहना था कि कई वैसे मरीज हैं जिनको सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस लेना पड़ता है। जिसका एक डायलिसिस का चार्ज न्यूनतम 1200 और अधिकतम 2400 तक है। हजारीबाग सदर अस्पताल में डायलिसिस सेवा से इसलिए मन नहीं भरता है कि इन्फेक्शन के कारण पहले दो लोगों की मौत भी हुई है। कहां की हम किडनी मरीज के लिए डायलिसिस से एकमात्र विकल्प है और इसे प्राप्त करने के लिए आयुष्मान ही हमारी जिंदगी है। आयुष्मान से अभी यहां डायलिसिस बंद कर दिया गया है अब हम कहां जाएं। अब हम गरीब महीने में 15 से 20000 डायलिसिस के लिए कहां से लाएं।

सभी का कहना था कि हम किडनी मरीज के लिए डायलिसिस ही जीने की उम्मीद है। और इस उम्मीद को आयुष्मान भारत योजना पूरा कर रहा था। मालूम हो कि 23 अप्रैल को संघ के हजारीबाग चैप्टर के सभी आयुष्मान योजना से संबंध अस्पताल के संचालकों और चिकित्सकों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगाह किया था की आयुष्मान योजना का लंबे समय से बकाया होने के कारण हम कर्ज के बोझ तले दब गए हैं। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में संकेत भी दिया था कि अब हम लोगों के पास यह सेवा बंद करने के सिवा और कोई विकल्प नहीं है।

### हजारीबाग के 20 अस्पतालों का 40 करोड़ से अधिक है बकाया

जिले के 7 लाख आयुष्मान कार्ड धारी होंगे प्रभावित, संचालकों ने कहां हजारीबाग के 20 अस्पतालों का 40 करोड़ से अधिक है बकाया। प्रबंधन ने बताया कि जुलाई 2024 से अर्थात 10 माह से आयुष्मान भारत योजना की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। हजारीबाग जिले में 40 करोड़ से अधिक बकाया है। अकेले एचजेडबी आरोग्यम का 3500 आयुष्मान योजना के कार्ड धारी के इलाज का राशि बताया है। इतनी बड़ी राशि का बकाया होने से अस्पताल की व्यवस्था बिगड़ने लगी है। सभी संचालकों का कहना था कि चिकित्सक और कर्मियों को तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया जा सका है। अब बगैर भुगतान के इस योजना के तहत कितना इलाज करें। ऐसे में इस योजना से इलाज बंद करने के सिवा और कोई हमारे पास विकल्प नहीं है।

### आयुष्मान योजना बंद होने से किसने क्या कहा

एचजेडबी आरोग्यम में डायलिसिस कराने पहुंचे टाटीझरिया के गोविंद रजक ने कहां की इस बीमारी के लगने के बाद कमाई भी हमारी रुक गई। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से हम डायलिसिस की सेवा लेते आ रहे हैं अब आज जानकारी मिली कि इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। अब तो कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि हम क्या करें। दारू से आए अयूब अंसारी ने कहा कि हम लोग काफी गरीब हैं सप्ताह में दो बार या कभी-कभी तीन बार डायलिसिस लेना पड़ता है अब हर बार आने जाने की किराया खर्च के अलावा 1200 कहां से लाएंगे। विष्णुगढ़ के शहाबुद्दीन अंसारी ने कहा कि मेरी पत्नी को डायलिसिस करवाना पड़ता है । बड़कागांव से आए सरोज कुमार मिश्रा ने कहा कि अब हमारे पास मरने के सिवा कोई रास्ता नहीं है। बहुत गरीब हूं इस बीमारी के लगने के बाद काम भी नहीं कर पाता हूं अब तो कोई रास्ता ही नहीं बचा। टाटी झरिया से आई रूबी देवी , चतरा के मयुरहंड से आए आनंद कुमार, उपेंद्र कुमार दास ,शिवलाल महतो समेत तीन दर्जन से अधिक किडनी मरीज और उनके अटेंडेंट काफी निराश दिखे।

### कंटेनर वाहन बाइक सवार पर पलटा, मां बेटे की हुई मौत

# डेढ़ घटे तक रही सड़क जाम यात्री रहे परेशान




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

जीटी रोड स्थित गोरहर के समीप कंटेनर वाहन बाइक सवार पर पलट गई। इस हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बगोदर की ओर से आ रही कंटेनर संख्या एचआर 55 एसी 7885 ने अपाची बाइक संख्या जेएच 11एजी 2115 को पीछे से टक्कर मारते हुए बाइक पर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार दब गए। घटना सोमवार सुबह करीब 10 बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही गोरहर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई। सड़क जाम से लोग काफी परेशान दिखे खासकर बच्चों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा। वहीं क्रेन और पोकलेन की मदद से दबे शव को निकाला गया। शव की शिनाख्त गैनसी देवी उर्फ भूसी देवी 55 वर्ष पति भोली साव तथा उसका पुत्र मोनू कुमार साव 25 वर्ष ग्राम बंडासिंगा थाना गोरहर निवासी के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि शादी समारोह से लोआबाद ग्राम अटका से लौट रहे थे। इसी बीच हादसा हुई। वहीं स्थानीय लोगों ने कहा कि बगोदर की तरह से आ रही हाई स्पीड कंटेनर ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया। सड़क वन वे कारण यह हादसा हुआ। विदित हो कि सड़क निर्माण एंजेसी राज केशरी प्राईवेट लिमिटेड सह कौशल इंजीनियरिंग बीते छह वर्ष से कार्य कर रही है। कई जगहों पर सड़क को वन वे कर दिया गया है तथा एहतियात के लिए स्पीड नियंत्रण को लेकर कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिसके कारण आए दिन हादसे होता रहता है।

## 22 जून को होगा कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

4 मई को हेहल रांची आईटीआई सभागार में झारोटेप के बैनर तले राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में 11 सूत्री मांगों को लेकर व्यापक राज्य स्तरीय प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की गई। बताया गया कि संगठन द्वारा राज्य के 24 जिलों में पांच चरणों में चरणबद्ध रूप से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पांच चरणों में प्रथम चरण हस्ताक्षर अभियान, दूसरा चरण ध्यानाकर्षण रैली के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन देना ,तीसरा चरण स्थानीय विधायकों को ज्ञापन देना, चौथा चरण जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन और पांचवा चरण राज्य स्तरीय कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन का आयोजन। बताया गया कि कार्यक्रम के माध्यम से अपनी 11 सूत्री मांगों को सरकार को ध्यान आकर्षण करना है।पांच चरणों में से अब तक आयोजित दो चरणों के कार्यक्रम की समीक्षा की गई। तत्पश्चात आगे के तीन चरणों की कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रणनीति पर चर्चा की गई।

## न्यूज बॉक्स

### जनता दरबार लगाना सुनिश्चित करें पदाधिकारी : रवि

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पार्टी के केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार ने एक अहम घोषणा की है। उन्होंने कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो के निर्देशानुसार विधानसभा स्तर पर जनता दरबार लगाने को लेकर निर्देश पत्रांक संख्या जेएलकेएम/सीपी/37/24, दिनांक 24.12.24 जारी किया गया था। रवि कुमार ने बताया कि फिलहाल कुछ विधानसभा क्षेत्रों में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। परन्तु कई विधानसभा क्षेत्रों में अब तक यह व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो पाई है। इसको लेकर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों से आग्रह किया गया है कि वे अविलंब प्रभाव से जनता दरबार लगाना सुनिश्चित करें। ताकि पार्टी में लोगों का विश्वास बना रहे और जिन उम्मीदों से जनता ने अपना बहुमूल्य मत इस पार्टी को दिया है, उन उम्मीदों को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य है कि गरीब, शोषित, पीड़ित, वंचित, दबे, कुचले लोगों की जन समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से किया जाए। इसके लिए जनता दरबार लगाने के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं। जनता दरबार का स्थान और समय जिला अध्यक्ष के परामर्श से सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, यह व्यवस्था प्रत्येक सप्ताह में एक दिन कार्य दिवस पर की जाएगी। जनता की समस्याओं को सुनन और उसका निदान करना हम सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं का दायित्व है और इसे निभाना भी है।

### बेहतर कार्य के लिए उपायुक्त ने अंचलाधिकारी को किया सम्मानित



**बरकट्ठा।** रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से सफल संचालन करने हेतू जिला प्रशासन ने सम्मान समारोह का आयोजन किया. हजारीबाग समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय ने बरकट्ठा अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. अंचल अधिकारी को यह सम्मान बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी 2025 के अवसर पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन अत्यंत निष्ठा, संयम एवं कर्तव्यपरायणता के साथ करने पर दिया गया. सम्मान देते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द का वातावरण बना रहा, जो प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करता है एवं इस प्रशस्ति पत्र के माध्यम से आपको सम्मानित करता है. वैसे तो हर कोई अपने अपने कार्यों को बहुत ही जिम्मेदारी के साथ निभाया है और पर्व त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया है। इसके लिए प्रशासनिक पदाधिकारी सम्मानित करने के योग्य हैं।

### घर के आंगन में खड़ी बाईक चोरी, थाने में आवेदन



**बरही ।** बीते रात अज्ञात चोरों ने गौरिया करमा निवासी विकास कुमार यादव पिता अर्जुन यादव की ब्लू काले रंग की हीरो होंडा स्प्लेंडर बाईक संख्या जेएच 02बीके 6539 चोरी कर ली है. उक्त जानकारी भुक्तभोगी के पिता अर्जुन यादव ने बरही थाना को दिए आवेदन में बताया है. आवेदन के अनुसार भुक्तभोगी ने 4 मई की रात्रि 11 बजे अपने घर के पोर्टिको अपनी बाईक खड़ा कर गेट बंद करके सोने चला गया. सुबह उठने पर गेट खुला था तथा उसकी बाईक गायब थी. काफी छान बीन किया परंतु कुछ भी जानकारी नहीं मिली. अंततोगत्वा पीड़ित ने थाना में आवेदन देते हुए थाना प्रभारी से बाईक बरामदगी के लिए उचित कार्रवाई का अनुरोध किया है. चोरी गए बाईक का इंजन संख्या एचए10ईएएनएचके 51595 और चेचिस नंबर एमबीएलजेएडब्ल्यू175 एनएचके 20855 है. थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराधियों को पकड़ने के लिए हर संभव उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है.

### पाकिस्तानियों के विरुद्ध भाजपा का प्रदर्शन

## पहलगाम आतंकवाद ना भूलेंगे ना माफ करेंगे : प्रदीप





**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 5 मई को भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में पाकिस्तानियों भारत छोड़ो नारों के साथ रामगढ़ समाहरणालय के समीप पैदल मार्च कर भारत सरकार के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के महामंत्री व राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने मुर्शिदाबाद और पहलगाम की घटना की निंदा करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी घटना के बाद सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठा रही है। देश की जनता प्रधानमंत्री के साथ आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में एकजुट होकर खड़ी है। भारत सरकार ने आतंकवाद का पितृपुरुष पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कई कठोर निर्णय लिए हैं। सिंधु पानी समझौते को निरस्त किया गया है। वहीं, पाकिस्तान से व्यापार बंद करने, अटारी बॉर्डर को बंद करने सहित पाकिस्तान से हर तरह के संबंध समाप्त किए जा रहे हैं।

### पाकिस्तानी भारत छोड़ो को लेकर सीएम के नाम उपायुक्त को ज्ञापन

## राज्य में रह रहे पाकिस्तानियों की पहचान कर वापस भेजें : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

आतंकवाद के खिलाफ भाजपाई मुखर हो चुके हैं. पहलगाम घटना को लेकर पूरा देश मर्माहत है और एकजुटता के साथ आतंकवाद के खाते की मांग कर रह है. भारत में भी इसका पुरजोर विरोध हो रहा है. केंद्र सरकार भी पूरी एक्शन में है. आतंकवाद समर्थक पाकिस्तान और देश में रह रहें पाकिस्तानियों के खिलाफ सख्त निर्देश जारी कर उन्हे पाकिस्तान वापस जाने का निर्देश दे चुकी है. देश में रह रहे पाकिस्तानियों का वीजा रद्द करते हुए भारत से चले जाने का निर्देश दिया है. ऐसा नही करने पर पाकिस्तानियों के विरुद्ध सख्त कारवाई की जायेगी. केंद्र सरकार के निदेर्शों को सख्ती से अनुपालन करवाने के उद्देश्य से भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त हजारीबाग को ज्ञापन सौप हजारीबाग जिला सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में रह रहे पाकिस्तानियों को वापस भेजने की मांग किया है. ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष सहित बरही विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नू गोप, पूर्व डिप्टी मेयर आनंददेव, युवा जिलाध्यक्ष राजकरण पांडेय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण देवी, हरीश श्रीवास्तव, कुणाल दुबे, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र बिहार, नरेंद्र गुप्ता आदि कई भाजपाई शामिल थे. विधायक श्री यादव ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हर कोशिश आवश्यक है. हजारीबाग सहित राज्य के अन्य जिलों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की जांच कर उन्हें तत्काल देश से निकालने का काम करें. देश की सुरक्षा से किसी भी प्रकार की समझौता नही किया जा सकता है.

### स्कूल में जोशीला इंग्लिश वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# विद्यार्थियों ने अपनी वाकपटुता का शानदार प्रदर्शन किया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

विगत 3 मई 2025 को श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल द्वारा अंग्रेजी विभाग के मार्गदर्शन में इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लांबा, प्राचार्य हरजाप सिंह तथा प्रधानाचार्या मधुश्री सिंह भी उपस्थिति रही। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी वाकपटुता का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के लिए विषय इस प्रकार थेः

- कक्षा छह और सात : क्या तकनीक लोगों को कम सामाजिक बना रही है?
- कक्षा आठ और नौः क्या 16 वर्ष से कम उम्र के छात्रों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगना चाहिए?
- कक्षा दस और ग्यारह : क्या इंटरनेट पर सेंसरशिप आवश्यक है?

सभी प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास, स्पष्टता और ठोस तर्कों के साथ अपनी बात प्रस्तुत की। वाद-विवाद में विद्यार्थियों की डिजिटल जीवन और उसकी चुनौतियों पर बढ़ती समझ देखने को मिली।

वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताः

कक्षा 6 और 7ः

- प्रथम स्थान-मंनजोत कौर (7ए)
- द्वितीय स्थान-आकांक्षा कुमारी (7ए ) और अनमोल प्रीत सिंह (6बी )
- तृतीय स्थान-दृष्टि कुमारी (6डी) और अद्विक कुमार (6डी )

कक्षा 8 और 9ः

- प्रथम स्थान-सुरजीत मल्होत्रा (8ए)
- द्वितीय स्थान-जसप्रीत सिंह गिल (9बी)
- तृतीय स्थान-अर्थव सिंह (9बी)

कक्षा 10 और 12ः

- प्रथम स्थान-निवेदिता महतो (12वीं साइंस बी)
- द्वितीय स्थान-श्रद्धा सुमन (12वीं साइंस बी)
- तृतीय स्थान-ज्योति कुमारी (12वीं साइंस बी), सफिया नाज (12वीं कॉमर्स)

स्कूल प्रबंधन समिति ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं।

### प्रदूषण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

## प्रदूषण रोकने के लिए अलग से बिजली मीटर लगाने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभा कक्ष में बिहार फाउंड्री द्वारा किए जा रहे प्रदूषण से संबंधित शिकायत के निष्पादन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दोनों पक्षों की बातों को सुनी गई। इसके उपरांत बिहार फाउंड्री द्वारा उपायुक्त एवं अन्य को पीपीटी के माध्यम से बिहार फाउंड्री कंपनी द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे कार्यों को जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगाए गए ईएसपी द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने दोनों पक्षों की बातों को सुनते हुए बिहार फाउंड्री के जीएम को कारखाना में लगाए गए कुल 5 ईएसपी मशीन से हो रहे प्रदूषण को रोकने के लिए निरंतर प्रयोग करने का निर्देश देते हुए उन्होंने इसकी मॉनिटरिंग के लिए अलग से बिजली मीटर लगाने का निर्देश दिया। साथ ही सप्ताह के अंत में प्राप्त रीडिंग की छाया प्रति कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिहार फाउंड्री द्वारा प्रदूषण मापने हेतु लगाएंगे एयर क्वालिटी इंडेक्स रीडर की डाटा को घंटे के अनुसार अप्रैल एवं मई माह की डाटा को कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

### भव्य कलशयात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

## भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा, भक्तिमय हुआ वातावरण



**नवीन मेल सेवाददाता। हजारीबाग** कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत कुद में शिवमंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ सोमवार को पांच दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार संग राम दरबार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हुआ। प्रारंभ ग्राम के सनातनी धर्मावलंबियों ने पारंपरिक परिधानों में कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर पारंपरिक ढोल, गाजे-बाजे एवं परिधान के साथ भक्तों ने भव्य व विराट शोभायात्रा निकाली। कलश यात्रियों ने हर हर महादेव एवं ओम नमः शिवाय का पट्टा धारण कर माथे में कलश लेकर भगवत जयकारा का उद्घोष किया। उद्घोष से संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। पारंपरिक भक्ति गीतों की गुनगुनाहट के साथ भक्तिमय महौल बन गया। शोभायात्रा का प्रारंभ नवनिर्मित मंदिर परिसर से हुआ । इसके बाद रेलवे स्टेशन विष्णुपुरी होते हुए सनातनी भक्तों की कलश यात्रा स्थानीय शनि मंदिर पहुंचे। जहां गोदा नदी के तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ पुरोहित ने वरूण देवता का आवाहन पुजन कर सभी कलश यात्रियों ने अपने अपने कलश में गोंदा नदी के पवित्र जल को कलश में भर कर भक्ति के वातावरण में झुमते नाचते गाते भगवान का जयकारा लगाते पुनः मंदिर परिसर पहुंचे। बताते चलें कि इस प्रकार के यज्ञ का आयोजन पहली बार इस गांव में हो रहा है। वर्षों पुरानी हसरत आज ग्रामीणों की पुरी हो रही है, पांच दिवसीय यज्ञ में प्रत्येक दिन बनारस से आये कथा वाचक द्वारा संध्या में प्रवचन होगा। प्राण प्रतिष्ठा का प्रारंभ सोमवार को भव्य, कलश यात्रा, पंचांग पुजन, मंडप प्रवेश, अग्निस्थापन, जलाधिवास एवं कथा प्रवचन से प्रारंभ होकर 06/05/2025 (मंगलवार): प्रातः गौरी गणेश पुजन, पाठ मंडप पुजन, वेदीपुजन, हवन आरती, अन्नधिवास, एवं रात्रि में कथा प्रवचन।

## उपायुक्त ने वन अधिनियम को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

# लंबित मामलों का समयबद्ध व प्राथमिकता से करें निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया। इस बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निष्पादन को सुनिश्चित करना था।उपायुक्त ने बैठक के दौरान आरटीआई अधिनियम के तहत लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम नागरिकों के लिए एक सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से वे शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कर सकते हैं। इस अधिनियम के तहत जानकारी प्रदान करना प्रत्येक अधिकारी की प्रशासनिक जिम्मेदारी है, जिसे गंभीरता से निभाना आवश्यक है।उपायुक्त ने सभी विभागों को अपने-अपने कार्यालय परिसरों में अद्यतन सूचना बोर्ड स्थापित करने का निर्देश दिया, जिससे आम नागरिकों को योजनाओं, निविदाओं, जनशिकायतों आदि से जुड़ी जानकारी लोगों दे। उन्होंने कहा कि सूचना बोर्डों के माध्यम से विभागीय कार्यों की पारदर्शिता बनी रहेगी और नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास भी बढ़ेगा।बैठक में यह भी तय किया गया कि सूचना के अधिकार अधिनियम की जानकारी को जन-जन तक पहुँचाने हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अधिनियम से संबंधित जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ उठा सकें।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एलआरडीसी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## डीसी सिमडेगा की अध्यक्षता में विकास शाखा अंतर्गत संचालित योजना एवं कार्यों की हुई समीक्षा



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास शाखा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को सभी योजनाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने प्रखंड एवं अंचल स्तर पर निर्माणाधीन क्वार्टरों के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने की बात कही।बैठक के दौरान सिविल सर्जन के माध्यम से सदर अस्पताल के लिए सी-आर्म मशीन की खरीद के प्रस्ताव कि स्वीकृति दी गई, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार आएगा।

इसके साथ ही सोना बहू जंगल प्रोड्यूस कंपनी द्वारा साल बीज संग्रहण के प्रस्ताव को भी समिति की मंजूरी मिली। शिक्षा विभाग से सरकारी विद्यालयों में रसोई घर में उपयोग होने वाले बर्तन एवं प्लेट की खरीद हेतु प्रस्ताव मांगा गया। इसके अलावा, विद्यालयों में पेयजल समस्या को देखते हुए पानी से संबंधित आवश्यकताओं के लिए भी प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।बैठक में सांसद एवं विधायक निधि से संचालित योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली गई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि योजनाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उनका स्थलीय निरीक्षण भी आवश्यक है।

## उपायुक्त सिमडेगा ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**सिमडेगा।** आमजनों की समस्याओं के समाधान एवं त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दरबार में जिले के विभिन्न एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे उपायुक्त के समक्ष रखीं। जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर, जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।जनता दरबार में वज्रपात से मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने, पति के इलाज हेतु सरकारी लाभ दिलाने, सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने, नाली जाम की सफाई सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन जनहित में प्रतिबद्ध है और हर शिकायत पर समुचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नि:संकोच होकर अपनी समस्याएं जनता दरबार में रखें, ताकि उन्हें समय पर राहत मिल सके।

## उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में भू अर्जन कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज जिला भू-अर्जन कार्यालय की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, भू-अर्जन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, अंचलाधिकारी, हल्का कर्मचारी सहित संबंधित विभाग पदाधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।बैठक के दौरान जिले में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत चल रही सड़क चौड़ीकरण योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्रत्येक परियोजना की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और भूमि अधिग्रहण की स्थिति, मुआवजा वितरण, लंबित मामलों एवं अद्यतन स्थिति पर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कोलेबिरा -बानो- मनोहरपुर सड़क चौड़ीकरण, कोचेडेगा-रामरेखा, बीरू -तामड़ा-रामरेखा, ठेठईटांगर -बोलबा -केरसेई-किनकेल, खुंटीटोली- तामड़ा- पालकोट सहित अन्य सड़क चौड़ीकरण की समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लंबित है, वहां त्वरित गति से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी दस्तावेजी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए, ताकि परियोजनाओं में किसी प्रकार की देरी न हो।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित लोगों को नियमानुसार मुआवजा राशि शीघ्र भुगतान किया जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत या असंतोष की स्थिति उत्पन्न न हो।उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिले में चल रही सड़क परियोजनाएं विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनका समय पर क्रियान्वयन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने का आह्वान किया।

## किसानों को गर्मी के मौसम में खेती करने के लिए करें प्रेरित : उपायुक्त

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जलपथ प्रमंडल, सिमडेगा एवं लघु सिंचाई प्रमंडल के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति और प्रभावशीलता पर विस्तृत चर्चा हुई।कार्यपालक अभियंता सुभाष सिंह ने जानकारी दी कि जिले में कुल पाँच प्रमुख सिंचाई परियोजनाएं संचालित हैं, जिनमें कांसजोर जलाशय, रामरेखा, छिदा/केलाघाघ, लरबा सहित अन्य शामिल हैं। उपायुक्त ने इन सभी परियोजनाओं के अंतर्गत आच्छादित पंचायतों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और इन क्षेत्रों के किसानों को गर्मी के मौसम में खेती के लिए प्रेरित करने तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने हेतु किसानों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।बैठक में कार्यपालक अभियंता द्वारा यह भी बताया गया कि राजाबासा और हारापानी क्षेत्रों में पाइपलाइन आधारित सिंचाई परियोजना हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। उपायुक्त ने प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति दिलाने की प्रक्रिया को गति देने की बात कही ताकि कार्य जल्द प्रारंभ किया जा सके।इसके अलावा, उपायुक्त ने लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित चेक डैम निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की और उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इन सभी परियोजनाओं का उद्देश्य किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हो सके।

## जनहित से जुड़ी मांगों पर कालीचरण मुंडा ने दिखाई सक्रियता, डीसी को भेजा पत्र

**सिमडेगा।** नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत जनहित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और विकास योजनाओं के संबंध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप केसरी ने सांसद कालीचरण मुंडा के समक्ष कई मांगें रखीं थीं। इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए सांसद मुंडा ने संबंधित प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर उपयुक्त सिमडेगा को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की है। प्रदीप केसरी ने सोमवार को उपयुक्त सिमडेगा से मुलाकात कर सभी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उपयुक्त ने आश्वस्त किया कि सभी योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाएगा। इन योजनाओं में पीसीसी पथ निर्माण, जलमीनार, सड़क मरम्मती, शौचालय निर्माण तथा युवाओं के लिए ओपन जिम की स्थापना जैसी जनोपयोगी कार्य शामिल हैं। योजनाओं की अनुशंसा से संबंधित पत्र में सांसद कालीचरण मुंडा द्वारा सिमडेगा नगर क्षेत्र के विकास हेतु स्पष्ट रूप से दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रदीप केसरी ने कहा कि सांसद मुंडा द्वारा जनहित की मांगों पर तत्परता से कार्रवाई कराना प्रशंसनीय है। उन्होंने जनता की ओर से उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## बानो वाहन जांच अभियान में 9 बाइक चालकों का कटा चालान

### नियम पालन की दी चेतावनी



**बानो ।** बानो थाना क्षेत्र में सोमवार को यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान थाना प्रभारी सोनू कुमार के निर्देश पर एएसआई सत्यनारायण प्रसाद के नेतृत्व में थाना गेट के पास संचालित किया गया।अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की गहन जांच की गई। कई वाहन चालकों के पास न तो वैध ड्राइविंग लाइसेंस था, न ही गाड़ी से संबंधित पूर्ण कागजात। कुछ लोग बिना हेलमेट के भी यात्रा करते पाए गए।इन लापरवाहियों को गंभीरता से लेते हुए एएसआई सत्यनारायण प्रसाद ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई और भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी दी। इस दौरान कुल 9 मोटरसाइकिल चालकों का चालान काटा गया। एएसआई सत्यनारायण प्रसाद ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि सुरक्षा को गंभीरता से लें और यातायात नियमों का पालन करें।

## सलडेगा टोंगरी टोली में नशे के खिलाफ ग्रामवासियों की बैठक

### शराबियों को दी चेतावनी



**सिमडेगा ।** सिमडेगा के सलडेगा टोंगरी टोली में रविवार की शाम ग्रामवासियों ने नशाखोरी के बढ़ते प्रभाव को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में यह चिंता जताई गई कि गांव में बाहरी लोग आकर देर रात तक शराब व गांजा का सेवन करते हैं और असामाजिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं, जिससे गांव के युवाओं और बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।बैठक को संबोधित करते हुए रामकृष्ण महतो ने कहा कि आज के युवा शिक्षा और प्रगति की दिशा में बढ़ने के बजाय नशे की गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं। वे अपने परिजनों से छिपकर शराब, गांजा जैसी नशा सामग्री का सेवन कर रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है और गांव का माहौल भी दूषित हो रहा है।बैठक में निर्णय लिया गया कि शराब और गांजा के सेवन पर सख्त रोक लगाई जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक समाप्त होने के बाद सत्या महतो के नेतृत्व में मनीष महतो, अभिषेक सिंह, प्रकाश, विश्वनाथ, हेमंत, बबलू, रूपेश, सज्जू और रामबिलास ने गांव के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान सरना मंदिर रोड, शिशु विद्या मंदिर मैदान, श्मशान घाट, डैम, सरकारी मैरेज हॉल और चैली टोंगरी के पास कुछ युवक नशा करते पकड़े गए। सभी को प्रेमपूर्वक समझाकर चेतावनी दी गई कि दोबारा ऐसा करते पकड़े जाने पर उन्हें कानून के हवाले कर दिया जाएगा।ग्रामवासियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि उनके गांव को नशा मुक्त बनाने में सहयोग किया जाए।

## सिमडेगा में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित कर पाकिस्तान भेजें : विमला प्रधान






नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या के विरोध में सिमडेगा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश संख्या 25022/28/2025-एफ. आई.,शुक्रवार के आलोक में विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के अंतर्गत पाकिस्तानी नागरिकों की वीजा सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में उपायुक्त से मिला और राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए सिमडेगा में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित कर शीघ्र पाकिस्तान वापस भेजने की मांग की। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि झारखंड के सभी जिलों में भाजपा कार्यकर्ता आज इस मांग को लेकर ज्ञापन सौंप रहे हैं ताकि आतंकवाद को किसी भी रूप में शरण न मिले।पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि पहलगाम की आतंकी घटना दिल दहला देने वाली है और भारत इसकी पूरी तरह से जवाबदेही करेगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि देश में जो भी पाकिस्तानी नागरिक अवैध रूप से रह रहे हैं, उन्हें अब वापस जाना होगा।

भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि पुलवामा हमले के समय भारत ने सख्त कदम उठाए थे और अब पहलगाम हमले का जवाब भी उतनी ही कठोरता से दिया जाएगा। पाकिस्तान को हर हाल में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।भाजपा नेता दीपक पुरी ने कहा कि भारत में अब आंतरिक सुरक्षा को लेकर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुकेश श्रीवास्तव ने प्रशासन से मांग की कि जिलास्तर पर विशेष जांच अभियान चलाकर विदेशी नागरिकों की पहचान सुनिश्चित की जाए। अनुप प्रसाद एवं प्रणव कुमार ने कहा कि देशवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और कोई भी देशविरोधी तत्व यदि भारत में छिपा है, तो उसे तत्काल बाहर निकाला जाना चाहिए।

## बानो में जंगली हाथियों का आतंक, तीन घरों में तोड़फोड़, अनाज नष्ट, ग्रामीण दहशत में

नवीन मेल संवाददाता





**बानो ।** बानो प्रखंड के बांकी पंचायत के पाड़ो एवं भुरवाटोली में सोमवार की अहले सुबह जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के झुंड ने कोका महतो, बेसिल टोली निवासी शेरू सिंह तथा भुरवाटोली के छगरु डांग के अन्य ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने घरों में घुसकर भंडारित धान, चावल और अन्य अनाज चट कर दिया।घटना के दौरान ग्रामीणों ने जैसे-तैसे भागकर अपनी जान बचाई। गांव में सुबह से ही अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और लोग भय के साए में हैं। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का झुंड देर रात जंगल से निकलकर गांवों की ओर बढ़ा और सुबह लगभग चार बजे हमला कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना मौके पर पहुंचे और सभी प्रभावित गांवों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हालचाल जाना और वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग हाथियों के रोकथाम को लेकर गंभीर नहीं है।

## कोहिपाट में 53 युवक और युवतियों को मिला पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार, विशप स्वामी ने दिए आशीर्वचन



**बानो ।** प्रखंड के कोहिपाट गांव स्थित चर्च परिसर में छोटानागपुर डायोसिस उत्तर भारत की कलीसिया रांची के तत्वावधान में एक दिवसीय दृढ़ीकरण संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशप स्वामी की अगुवाई में 53 युवक-युवतियों को पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार प्रदान किया गया, जिसमें 14 बालक और 39 बालिकाएं शामिल थीं।कार्यक्रम की शुरुआत विशेष मिस्सा पूजा के साथ हुई। इस दौरान चर्च में भक्तिपूर्ण वातावरण रहा और बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग उपस्थित थे। दृढ़ीकरण संस्कार प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों के परिजनों ने उन्हें माला पहनाकर, गुलदस्ता भेंट कर और उपहार देकर सम्मानित किया।

## सिमडेगा : जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नियुक्त पारा लीगल वोलेंटियर की हुई मासिक बैठक



**सिमडेगा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नियुक्त पारा लीगल वोलेंटियर की मासिक बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को प्राधिकार सभागार में किया गया।

प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए पीएलवी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में पीएलवी द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में सात अप्रैल को स्वास्थ्य दिवस,22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस और एक मई को मजदूर दिवस पर आयोजित हुए विधिक जागरूकता शिविर के बारे जानकारी ली गई। इसी तरह के 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस पर भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया।

## किशोर भारती एवं कन्या भारती चुनाव हेतु नामांकन कराया

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा ।** विवेकानन्द शिशु-विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में शनिवार को किशोर भारती और कन्या भारती के चुनाव हेतु छात्र-छात्राओं द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। किशोर भारती में सेनापति पद के लिए एकलव्य दल से छात्र साहिद महतो, शिवाजी दल से छात्र निलेश सिंह, आरुणि दल से छात्र निलेश सिंह और भरत दल से छात्र सुभाष सिंह, सह सेनापति के लिए एकलव्य दल से छात्र साहिल साहू, शिवाजी दल से छात्र पवन राम नायक, आरुणि दल से छात्र अनूप महतो और भरत दल से छात्र निशांत नायक, मंत्री पद के लिए एकलव्य दल से छात्र श्रेष्ठ कुमार, शिवाजी दल से छात्र रघुनाथ सिंह, आरुणि दल से छात्र शशिभूषण नाग और भरत दल से छात्र सुदर्शन महतो, सह मंत्री के लिए एकलव्य दल से छात्र विश्वकर्मा नायक, शिवाजी दल से छात्र सूरज सिंह, आरुणि दल से छात्र आयुष बड़ाईक और भरत दल से छात्र अमित कुमार सिंह, अध्यक्ष पद के लिए एकलव्य दल से छात्र ओली हेमरोम, शिवाजी दल से छात्र सत्यजीत नायक, आरुणि दल से छात्र संजीव कुमार और भरत दल से छात्र जगरनाथ सिंह, उपाध्यक्ष के लिए एकलव्य दल से छात्र सचिन महतो, शिवाजी दल से छात्र श्रवण साहू, आरुणि दल से छात्र केदारनाथ सिंह और भरत दल से छात्र शिवा बड़ाईक ने नामांकन किया।

वहीं कन्या भारती के लिए सेनापति पद के लिए एकलव्य दल से छात्रा पूनम कुमारी, शिवाजी दल से छात्रा सरस्वती कुमारी, आरुणि दल से छात्रा अनिता कुमारी और भरत दल से छात्रा संध्या नायक, सह सेनापति के लिए एकलव्य दल से छात्रा साक्षी कुमारी, शिवाजी दल से छात्रा पीहु कुमारी, आरुणि दल से छात्रा कविता कुमारी और भरत दल से छात्रा पूजा कुमारी, मंत्री पद के लिए एकलव्य दल से छात्रा प्रतिमा कुमारी, शिवाजी दल से छात्रा श्वेता कुमारी, आरुणि दल से छात्रा नम्रता कुमारी और भरत दल से छात्रा वर्षा कुमारी, सह मंत्री के लिए एकलव्य दल से छात्रा सपना कुमारी, शिवाजी दल से छात्रा अंशिका कुमारी, आरुणि दल से छात्रा अर्चना कुमारी और भरत दल से छात्रा श्रुति कुमारी, अध्यक्ष पद के लिए एकलव्य दल से छात्रा लक्ष्मी कुमारी, शिवाजी दल से छात्रा सौम्या कुमारी, आरुणि दल से छात्रा रेणु कुमारी और भरत दल से छात्रा अनामिका कुमारी, उपाध्यक्ष के लिए एकलव्य दल से छात्रा संजना कुमारी, शिवाजी दल से छात्रा सपना कुमारी, आरुणि दल से छात्रा सविता कुमारी और भरत दल से छात्रा ललिता कुमारी ने विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू ने कहा कि इस तरीके से मतदान के माध्यम से चुनाव करने से सभी छात्र-छात्राएं मतदान करने के लिए जागरूक होंगे और चुनाव की लोकतांत्रिक प्रणाली को समझेंगे, साथ ही उन्हें नेतृत्व करने का मौका मिलेगा। आगे चलकर इनमें से कोई एक अच्छा राष्ट्रनिर्माता, अच्छा नेता, अच्छा वक्ता और भारत देश का प्रतिनिधित्व भी कर सकता है। मतदान और मतगणना 09 मई को और शपथ ग्रहण समारोह 10 मई को होगी। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं सहित आचार्य प्रमोद पाणिग्रही, सुदर्शन कुमार, बिमल टेटे, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह, अर्जुन महतो, आचार्या लक्ष्मी देवी, विमला देवी, दशरथी देवी, बसंती देवी, सुश्री शकुंतला कुमारी, यमुना कुमारी, निशि कुल्लू, प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी, सुनीति कुमारी, रेखा देवी उपस्थित थे।

### गोतिया पर पीएम आवास बनाने से रोकने का आरोप

# ब्लॉक से अनुमंडल तक चक्कर काट रहे दिव्यांग



- दूसरे के घर में गुजर बसर कर रहा दिव्यांग और उनका परिवार
- मामला तिसरी प्रखंड के पलमरुआ पंचायत का

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** तिसरी प्रखंड के पलमरुआ पंचायत में में गोतियारी झगड़े या बंटवारे के कारण एक दिव्यांग अपना प्रधानमंत्री आवास नहीं बना पा रहे हैं। घर ध्वस्त होने के बाद वे दूसरे के मकान में गुजर बसर कर रहे हैं। पलमरुआ के रहने वाले दिव्यांग हीरालाल साव ने बताया कि वे पीएम आवास बनाने के लिए ब्लॉक और अनुमंडल का चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनकी कोई नहीं सुन रहा। सोमवार को भी वे पत्नी और बेटे के साथ बैशाखी के सहारे तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे लेकिन कोई उम्मीद नहीं दिखी। जिसके बाद मुख्यालय स्थित गांधी स्मारक के पास वे बैठकर अपनी आपबीती सुनाने लगे। बता दे कि हीरालाल साव एक पैर से दिव्यांग हैं। अपना आवास बनवाने के लिए लगातार एक महीने से वे चक्कर काटने को विवश हैं। उन्होंने बताया कि आवास बनाने के लिए पुराना घर तोड़ चुके हैं लेकिन जैसे ही आवास का काम शुरू किया गया उनके भाई द्वारा काम रोक दिया गया। उन्हें अपने ही जमीन पर पीएम आवास नहीं बनाने दिया जा रहा है। इसे लेकर प्रखंड मुख्यालय से अनुमंडल तक चक्कर काट चुके हैं फिर भी उनकी कोई नहीं सुन रहा। अनुमंडल से आदेश मिलने के बाद जैसे ही काम शुरू किया गया सभी गोतिया मिलकर काम रोक दिया। हीरालाल साव ने बताया कि हम बीते 40 साल से उस जमीन पर रह रहे थे और दोनों भाई का बंटवारा भी हो चुका है। इस विवाद को लेकर कार्य स्थल पर तिसरी सीओ, प्रमुख और कर्मचारी ने निरीक्षण कर काम शुरू करने को कहा, लेकिन जैसे ही काम लगाया जाता है वैसे ही उनके भाई - भतीजा आदि पुलिस बुलाकर काम रुकवा देते हैं। इधर हीरालाल के भाई रामेश्वर साव और उनकी पत्नी शकुंति देवी ने सभी आरोप को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि हिस्सा का बंटवारा नहीं हुआ है, बंटवारा करके ये बनाए हमे कोई आपत्ति नहीं है। इस बाबत पूछे जाने पर तिसरी सीओ ने कहा कि कार्य स्थल जाकर बनाने का निर्देश दिए थे जल्द ही निर्माण शुरू होगा

# चाकू मारकर युवक की हत्या शव हाइवे किनारे फेंका



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** बोकारो में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी. फिर उसके शव को हाइवे के किनारे फेंक दिया गया. युवक का शव सोमवार को पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र स्थित रामगढ़-बोकारो हाईवे के किनारे खेदाडीह के पास मिला. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट पहुंचे हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है. खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थी. पुलिस आसपास के गांवों में युवक की शिनाख्त के लिए पूछताछ कर रही है.

## जमशेदपुर से पाकिस्तानी नागरिकों को बाहर निकाले सरकार : रघुवर दास



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्वी सिंहभूम के डीसी से मिलकर ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में जमशेदपुर में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को शीघ्र निकालकर भारत से बाहर भेजने की मांग की है. भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से चलाये जा रहे अभियान के तहत रघुवर दास सहित अन्य भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने जिला कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये और ज्ञापन सौंपा. सभी ने राज्य सरकार से अपील की कि केंद्र सरकार के दिशा-निदेशों के अनुसार इस फैसले को सख्ती से लागू किया जाये.

## धनबाद के तीन युवकों का मुंबई में अपहरण, 3 करोड़ मांगी फिरौती

**धनबाद।** धनबाद के रहने वाले तीन युवकों का मुंबई में अपहरण करने का मामला सामने आया है. अपहरणकताओं ने तीन करोड़ की फिरौती भी मांगी है. अपहत युवकों में मुनीडीह ओपी क्षेत्र के आमडीह बस्ती निवासी सरोज कुमार महतो और उसके दो दोस्त शामिल हैं. सरोज के भाई मनोज कुमार महतो ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है. मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस जांच में जुट गयी है. एक विशेष टीम को जांच के लिए मुंबई भेजा गया है. जबकि टेक्निकल सेल भी मामले की जांच में जुटी है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह सुनियोजित अपहरण प्रतीत होता है और सभी संभावित एंगल से जांच की जा रही है. जल्द ही मामले का खुलासा हो जायेगा.

## रुआर कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला आयोजित

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के कुकडू प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम की सफलता को लेकर एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता कुकडू के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला ने की. कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ राजश्री ललिता बाखला, प्रखंड उप प्रमुख मोहम्मद एकराम, बीईईओ रविशंकर महतो आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.

# झिमड़ी कांड के पीड़ित परिवारों को मिली सहायता



**. युवती की मां को बकरी पालन योजना के तहत चार बकरी व एक बकरा और एक गाय व एक बछड़ा दिया गया है**

**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल** सरायकेला खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड के झिमडी में घटी घटना के बाद प्रशासन पूरी तरह से गांव पर नजर बनाए हुए है. सुरक्षा के दृष्टिकोण से गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है. अब गांव की स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और लोग आपसी तालमेल के साथ काम करने लगे हैं. यह बातें चांडिल एसडीओ विकास कुमार राय ने सोमवार को कहीं. उन्होंने बताया कि घटना के बाद दोनों पीड़ित परिवारों को सरकारी लाभ मुहैया कराया गया है. घटना से आक्रोशित भीड़ ने आरोपी तस्लीम के मकान को जला दिया था. प्रशासन ने तस्लीम के परिवार को एक लाख 20 हजार रुपये मुआवजा राशि दी है. एसडीओ ने बताया कि पीड़ित युवती का इलाज जमशेदपुर के बड़े अस्पताल में कराया जा रहा है. वहीं, उसकी उच्च शिक्षा के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज में नामांकन कराया गया है. युवती जब तक पढ़ना चाहेगी तब तक पढ़ाई का पूरा खर्च प्रशासन उठाएगा. इसके साथ ही युवती को मंईयां सम्मान योजना से जोड़ दिया गया है. युवती की मां को बकरी पालन योजना के तहत चार बकरी व एक बकरा और एक गाय व एक बछड़ा दिया गया है. उन्होंने बताया कि श्रम कार्ड पंजीकरण भी युवती की मां के नाम से कराया गया है. युवती के छोटे भाई को अनाथ एकल योजना के तहत प्रतिमाह चार हजार रुपये दिए जाएंगे. 18 वर्ष के होने तक उसे इस योजना का लाभ मिलता रहेगा.

### जमशेदपुर में मिट्टी में दबकर मजदूर की मौत

# पुलिस जांच में जुटी



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** बागबेड़ा थाना क्षेत्र में ग्रामीण मेगा जलापूर्ति योजना के तहत काम करने के दौरान मिट्टी में दबकर एक मजदूर की मौत हो गई. घटना स्थल पर पहुंचे बागबेड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि एक मजदूर की मिट्टी में दबने से मौत हुई है, जबकि दूसरा मजदूर घायल है. जिसका इलाज महात्मा गांधी मिशन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमजीएम) में चल रहा है. जमशेदपुर के कुसुम घाट के पास पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई की जा रही थी जब यह घटना हुई. घटना में 21 वर्षीय कृष्णा बास्के जो कि बागबेड़ा के प्रधानटोला का रहने वाला था और पहली बार मजदूरी का काम करने आया था, उसके साथ यह घटना घटित हो गई. इस घटना में घायल युवक का नाम पंचू बताया जा रहा है.

आपको बता दें कि क्षेत्र में वर्ल्ड बैंक की योजना के अंतर्गत बागबेड़ा ग्रामीण वृहत जलापूर्ति योजना का काम चल रहा है, जिसके तहत पानी का पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम चल रहा था. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मिट्टी गीली होने के कारण दोनों युवक अचानक फिसलकर गड्ढे में गिर गए और आसपास जमा मिट्टी उनके ऊपर गिर गई, जिस कारण कृष्णा बास्के की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद आस पास के लोग वहां जमा हो गए और कड़ी मशक्कत के बाद घायल पंचू को बाहर निकाला गया. स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसा ठेकेदार की लापरवाही के कारण हुआ है. इधर घटना की सूचना मिलते ही बागबेड़ा थाना प्रभारी घटना स्थल पहुंचे और कृष्णा बास्के और पंचू को महात्मा गांधी मिशन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमजीएम अस्पताल) भिजवाया, जहां डॉक्टर ने कृष्णा बास्के को मृत घोषित कर दिया. घटना स्थल पर मौजूद बागबेड़ा थाना प्रभारी गोपाल यादव ने बताया कि आस पास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच की जा रही है. उन्होंने बताया कि जलापूर्ति योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई में मिट्टी के नीचे दब जाने से एक मजदूर कृष्णा बास्के की मौत हुई. जबकि दूसरा मजदूर घायल है. मामले की पूरी जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी.

## तिरुलडीह में डाक सुविधाएं बढ़ीं, विभाग ने उपलब्ध कराया वाहन



**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के सुदूरवर्ती कुकडू प्रखंड के तिरुलडीह सब पोस्ट ऑफिस में डाक सेवाओं में बड़ा बदलाव आया है. डाक विभाग ने तिरुलडीह के लिए एक वाहन उपलब्ध कराया है, जिसके माध्यम से अब रोजाना पत्र, पार्सल आदि सीधे जमशेदपुर पहुंचाए जाएंगे. इससे डाक सेवाएं तेज और सुविधाजनक होंगी. पहले डाक कर्मियों को परिवहन की कमी और लंबी दूरी के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था. चांडिल अनुमंडल के सब डाक निरीक्षक (एसडीआई) दिवाकर कुमार दीपक के प्रयासों से यह वाहन उपलब्ध हुआ है. तिरुलडीह के पोस्टमास्टर सुकुमार भगत ने बताया कि यह ग्रामीण डाक सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. वाहन से डाक वितरण अब अधिक व्यवस्थित, तेज और विश्वसनीय होगा. लोगों को समय पर डाक सेवाएं मिलेंगी और डाक कर्मियों का कार्यभार भी कम होगा. मौके पर डाक कर्मी निजाम अंसारी, मंगल आड्डी समेत कई लोग उपस्थित थे.


**पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**



गुमशुदा व्यक्ति गंदुर नोन्हार पे0–स्व0 गोन्दा नोन्हार, सा0 – राय सिमला सेमर टोली, थाना–तोरपा, जिला–खूँटी दिनांक–02.04.25 को अपने परिवार वालों को बिना बताये घर से निकल गया है। अबतक घर नहीं लौटा है। खोजबीन करने का काफी प्रयास किया गया, परन्तु कुछ पता नहीं चल पा रहा है।

इस संबंध में तोरपा थाना सनहा सं0–08/25 दिनांक –12.04.25 दर्ज किया गया है।

अतः सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा व्यक्ति गंदुर नोन्हार के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलंम्ब सूचित करेंगें।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी – 9431706116
थाना प्रभारी, तोरपा – 7903216078
डी0सी0बी0, भाखा, खूँटी – 8340655295

पुलिस अधीक्षक, खूँटी।

PR.NO.351668 Police(25-26):D


# टीबी मुक्त अभियान को जन आंदोलन बनाने की है जरूरत : जोबा मांझी



**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को चक्रधरपुर स्थित अनुमंडल अस्पताल में टीबी मरीजों के बीच पोषण खाद्य सामग्री का वितरण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी उपस्थित रही. इस मौके पर क्षेत्र के चिन्हित 22 टीबी रोगियों के बीच सामुदायिक सहायता से पोषण खाद्य सामग्री का वितरण किया गया. सांसद जोबा माझी ने कहा कि टीबी मुक्त अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए लोगों में टीबी के बारे में जागरूकता फैलानी होगी.उन्हें बताना होगा कि इस बीमारी की रोकथाम संभव है, इसका इलाज प्रभावी और सुलभ है, तथा सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए निःशुल्क सुविधा प्रदान करती है. उन्होंने कहा कि कुछ रोगियों और समुदायों में इस बीमारी को लेकर हीन भावना है और लोग .

# सेफ्टी बोर्ड सदस्यों ने लिया कोलियरी का जायजा, दिए सुझाव



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** कोल इंडिया क्षेत्रीय सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने परियोजना अधिकारियों के साथ सीसीएल कथारा कोलियरी का निरीक्षण किया. इस दौरान कोलियरी में मजदूरों की सुरक्षा के बिंदु पर बारीकी से जांच की गई. जहां कमियां मिलीं उन्हें दूर करने के सुझाव दिये गये. बोर्ड सदस्यों ने तीन नंबर आउटसोर्सिंग फेस में चल रहे प्राइवेट हाइवा डंपरों के चालकों से बात की. उनके पास परिचय पत्र, सेफ्टी बेल्ट की कमी मिली. चालकों ने वीटीसी नहीं होने, आठ की जगह 12 घंटे कार्य करवाने की शिकायत की. बोर्ड सदस्यों ने कोयला फेस में लगी आग बुझाने के कार्य में तेजी लाने, कामगारों को जूता व टोपी आदि देने सहित कई सुझाव दिये. निरीक्षण के बाद बोर्ड सदस्यों के साथ प्रबंधन की बैठक माइंस रनिंग सेक्शन सभागार में हुई. प्रबंधन ने शिकायतों को दूर करने व सुझावों पर त्वरित पहल का आश्वासन दिया. निरीक्षण में सीटू के निजाम अंसारी, एचएमकेयू के इम्तियाज खान, भामसं के कृष्ण कुमार, एटक के केके रवानी, एसओ सेफ्टी आरके वर्णवाल आदि शामिल थे.


**कार्यालय, नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक–273 दिनांक–12.04.2025 द्वारा प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या–02/2025-26, में अंकित Date-15.04.2025 (Date of Publication of Tender on Website) के स्थान पर Date-06.05.2025 , Date-03.05.2025 (Last Date /Time for receipt Bid on Online) के स्थान पर Date-20.05.2025 तथा Date-05.05.2025 (Date of Opening Tender) के स्थान पर Date-22.05.2025 पढ़ा जाय। जिसका PR. No.350291 (Urban Development) 25-26 (D) है।

शेष सभी शर्ते यथावत् रहेंगी।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 351645 (Urban Development)25-26*D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002**

Invitation of Proposal (e-procurement Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-04/2025-26
3rd Call NATIONAL COMPETITIVE BIDDING
e-Tender Ref No–RCD/PID/RANCHI/04/2025-26 Date:-05.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for the Preparation of Detailed Project Report (DPR) and Project Management Consultancy (PMC) for the Construction of a Sky walk /Glass bridges under Package I and II in the State of Jharkhand. |
| 2 | Tentative Length & width | 45-m-long,3-meter-wide (each bridge) |
| 3 | Period of Completion of Work | 45 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Cost of Tender Document Rs 10,000/- (Ten Thousand only) EARNEST MONEY DEPOSIT: -Rs 1,20,000 (One lakh twenty thousand only) irrespective of participation in either a single package or both the packages. As per the Departmental Letter no. -4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through eprocurement portal ( https://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e -Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no - 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 07.05.2025,12:00 Noon |
| 7 | Date of Pre Bid Conference | 13.05.2025 (In the Chamber of CE, CDO, RCD, 1st Floor, Nirupan Bhawan, Doranda, Ranchi-834002) |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Bid | 20.05.2025, 12:00 Noon |
| 9 | Date and Time of Technical Bid opening | 21.05.2025, 12:30 PM |
| 10 | Date & Place of Presentation of Concept Plan (Part of Technical Evaluation) | 23.05.2025 (In the office of Road Construction Department, Jharkhand, Ranchi.) |
| 11 | Bid validity | 120 days |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD,Ranchi, Mob No.-9471650883 |
| 13 | Advertisement no. | PR 350551 Road(25-26)#D |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 351675 Road (25-26)D



**JAPIT**

**Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology**
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt. of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044/2401067, E-mail- japit_doit@rediffmail.com

**CORRIGENDUM-I**

Purchase, Installation, Configuration & Integration for Establishment of LAN nodes under phase III of eCourts projects at District & Subdivisional Offices with 01 Years Comprehensive Warranty

**Tender Ref No. JAPIT/HIGHCOURT-LAN/01/2025**

With reference to the above tender, please be informed that the tender schedule has been revised.

| | Revised Tender Schedules | |
|---|---|---|
| S.N. | Basic Requirement | Specific Requirement |
| 1. | Start Date for Online Submission of Bids | 09/05/2025 (5:00 P.M.) |
| 2. | Last Date for Online Submission of Bids | 15/05/2025 (3:00 P.M.) |
| 3. | Date of Opening of Technical Bids (online) | 16/05/2025 (3:30 P.M.) |
| 4. | Date of Commercial Bid opening | To be announced later |

For further details please visit https://jharkhandtenders.gov.in.
PR Ref No. 350728

Sd/-
(OSD, JAP-IT)

PR 351674 Information Technology (25-26)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice (2nd Call)
Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 15 /2025-26 Date:-03-05-2025

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Aanganbadi Kendra ,Khapriyawa-05, Panchayat-Khapriyawa , Block- Katkamdag, Dist- Hazaribag (20360110605) | 1108200/- | 23000/- | 2500/- | 04 Month |
| 2 | Construction of Aanganbadi Kendra ,Banwari, Panchayat- Shiladih , Block- Barkatha, Dist- Hazaribag (20360030403) | 1108200/- | 23000/- | 2500/- | 04 Month |
| A. | Date of Publication of Tender on website | 08-05-2025 | | | |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 15-05-2025 03.00 PM | | | |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag | | | |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 | | | |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 | | | |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Hazaribag

PR.NO.351666 Building(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

आपका अधिकार केवल कर्म करने में है, फल में नहीं। इसलिए बिना किसी आसक्ति के अपने कर्मों को सही तरीके से करें और उनके परिणामों के बारे में चिंता न करें। -चाणक्य

संपादकीय

# पाकिस्तान देश से नहीं विचारधारा से युद्ध

पहलगाम में हुए जिहादी और भड़काऊ हमले के खिलाफ पूरा देश आक्रोशित और एकजुट है। इस संकटमयी क्षण में कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व ने मोदी सरकार के साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता जताई है, परंतु पाकिस्तान एक अलग ही नैरेटिव गढ़ रहा है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले को 'हिंदुत्व प्रदत्त शोषण' के खिलाफ 'अल्पसंख्यकों का व्यापक विद्रोह' बताया है। यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस प्रोपेगेंडा को भारत के एक वर्ग द्वारा प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन मिल रहा है। नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के व्यवसायी पति रॉबर्ट वाड्रा के लिए पहलगाम में हिंदुओं को चुन-चुनकर मारना, 'दुर्बल-शोषित मुस्लिमों' का 'प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आक्रोश' है। कुछ इसी प्रकार की भाषा का प्रयोग कर्नाटक में कांग्रेसी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार और कश्मीर में कांग्रेसी नेता सैफुद्दीन सोज ने भी किया है। लब्बोलुआब यह है कि पाकिस्तान और भारत में एक वर्ग दोनों देशों के बीच अशांति के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहा है। भारत-पाकिस्तान के रिश्ते इस बात से तय नहीं होते कि दिल्ली या इस्लामाबाद में कौन शासन कर रहा है। गांधी जी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर और मोहम्मद अली जिन्ना के जीवित रहते दोनों देशों के बीच पहला युद्ध हुआ। इसके बाद दोनों के बीच कई संधियां हुईं, जिनमें सबसे प्रमुख 1960 का सिंधु जल समझौता है। इसमें भारत ने नहर-सिंचाई आदि निर्माण कार्यों के लिए पाकिस्तान को दस किस्तों में 6.2 करोड़ पाउंड स्टर्लिंग (वर्तमान समय में लगभग 700 करोड़ रुपए) का अनुदान दिया था। इसके बदले पाकिस्तान ने वर्ष 1965 में भारत के खिलाफ फिर युद्ध छेड़ दिया। तब भारत में कांग्रेसी प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री थे, तो पाकिस्तान की सत्ता की बागडोर सैन्य तानाशाह अयूब खान के हाथों में थी। भाजपा कहती है भारत के प्रति पाकिस्तान की घृणा कितनी गहरी है, यह 1965 में तत्कालीन पाकिस्तानी विदेश मंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो, जो बाद में पाकिस्तान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी बने— के संयुक्त राष्ट्र में दिए भाषण से स्पष्ट है। तब उन्होंने भारत के खिलाफ 'अगले एक हजार वर्षों तक युद्ध लड़ने' का एलान किया था। भुट्टो की मानसिकता इससे भी समझी जा सकती है कि 1943 में उन्होंने केवल 15 वर्ष की आयु में मोहम्मद अली जिन्ना को पत्र लिखकर 'हिंदुओं को कुरान और पैगंबर का घातक दुश्मन' बताया था। इसी चिंतन का घिनौना स्वरूप 1971 के युद्ध में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में तब दिखा, जब बंगाली अस्मिता से जन्मे मुक्तिवाहिनी विद्रोह को कुचलने के नाम पर पाकिस्तानी सैनिकों ने चुन-चुनकर लाखों हिंदुओं को मारा और उनकी महिलाओं के साथ बलात्कार किया। तब भारत में इंदिरा गांधी का शासन था और पाकिस्तान में याह्या खान की सैन्य तानाशाही। जब 1999 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई मित्रता का संदेश लेकर बस से लाहौर पहुंचे, तब इसके दो माह बाद ही पाकिस्तान ने भारत की पीठ में छुरा घोंपते हुए कारगिल पर हमला कर दिया।

*दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस प्रोपेगेंडा को भारत के एक वर्ग द्वारा प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन मिल रहा है।*

# पाप के पथ पर पुण्य का प्रश्न



जीवन का सत्य यह है कि पाप के बोझ से ही लोग नहीं डूबते हैं, बल्कि पुण्य के बोझ से भी डूब जाते हैं। बोझ सदैव ही आदमी को डूबता है। हां, यह सच है कि आदमी पाप के बोझ से छूटना चाहता है और पुण्य हो, तो उसको कस कर पकड़ लेता है। जीवन में पाप भी पत्थर है और पुण्य में भी जड़ता है। सच्चाई यह है कि हम न पाप करते हैं और न पुण्य करते हैं। हम वह करते है जो अस्तित्व हमसे कराती है। जीवन को अतियों के खांचे में देखना ही गलत है। वैसे भी संसार में कुछ भी पाप और पुण्य नहीं होता है। यह हमारे दृष्टिकोण की विषमता का ही दूसरा नाम है। धम्मपद में पाप और पुण्य के सबंध में विशद चर्चा की गयी है। इसमें कहा गया है कि पुण्य करने में शीघ्रता करे, पाप से चित्त को हटाए। पुण्य को धीमी गति से करनेवाले का मन पाप में रमने लगता है। इसका तात्पर्य यह है कि जीवन गतिमान है। इसकी सक्रियता बनी रहनी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर हमारी ऊर्जा का प्रवाह गलत दिशा की ओर होने लगेगा। पाप कोई चीज या जगत नहीं है। यह एक एहसास है, खोने का। अपनी सबसे महत्वपूर्ण चीज खोने का। पाप वह बंधन है जो भय, राग, लोभ, द्वेष और स्वार्थ का दुख देता है। पुण्य हमको मित्र, निर्भयता, करुणा और अभयता का सुख देता है। ऊर्जा का क्षण-क्षण उपयोग ही पुण्य है। और ठीक उल्टा पाप है। अगर हमारी ऊर्जा बिना उपयोग के खर्च हो रही है तो हम पाप के भागी बनते है। इस अस्तित्व में आने की औचित्य पर प्रश्न खड़ा हो उठता है।

साल 1934 में एक उपन्यास चित्रलेखा प्रकाशित हुई थी जिसमें उपन्यासकार भगवतीचरण वर्मा ने पाप और पुण्य की लेखा-जोखा को एक कहानी के जरिये प्रस्तुत करने की कोशिश की थी। चित्रलेखा की कथा पाप और पुण्य की समस्या पर आधारित है। पाप क्या है? उसका निवास कहाँ है? - इन पुरातन का उत्तर जानने के लिए महाप्रभु रत्नाकर के दो शिष्य, श्वेतांक और विशालदेव अपने समय के सामंती बीजगुप्त और योगी कुमारगिरि के शरण में जाते हैं। इस उपन्यास में पाप और पुण्य का प्रश्न ही सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है, जो आदि से अंत तक बना रहता है और फिर वह पुनः आरंभ हो जाता होता है। इस कथा वृतांत में हर एक पात्र अपनी-अपनी दृष्टि से पाप और पुण्य का संकेत देता है। योगी कुमारगिरि योगरत होते हुए भी चित्रलेखा के प्रति कदाचित वासनात्मक दृष्टि रखते हुए उसे पाने का भलीभांति यत्न करते हैं, चाहे इसके लिए उन्हें झूठ का ही सहारा क्यों ना लेना पड़ा हो, जबकि बीजगुप्त जो एक सामन्त होते हुए पहले से ही भोग-विलास रत पुरुष हैं, उनका चित्रलेखा के प्रति परम आकर्षक होते हुए भी आखिर में संसार से विरत हो जाना एक नई धारणा को जन्म देता है। इस उपन्यास का कथानक पाप और पुण्य की धार्मिक-सामाजिक धारणा से इतर एक नई दृष्टि की सर्जना करता है। श्वेतांक जो सामंत बीजगुप्त का सेवक बनता है, उसे बीजगुप्त के बदलते जाने से लगातार हैरानी होती है वहीं विशालदेव जो योगी कुमारगिरि का शिष्य है, वह अपने गुरु के विचलन को देखकर महाश्चर्य में पड़ जाता है।

आज की बात



डॉ मयंक मुरारी

पुण्य का अर्थ है- जीवन का सार्थक विस्तार। नदी का विस्तार और प्रवाह उसकी सक्रियता पर निर्भर होती है। ठहराव से पानी का गंदा हो जाता है। जीवन भी नदी की तरह है, उसमें प्रवाह नहीं है तो उसके कर्म से पाप का संचय होगा। यह पाप हमारे जीवन में दुख, भय, क्रोध, लोभ, लालच, आलस्य और ईर्ष्या को लाता है। महात्मा बुद्ध का कहना है कि पुण्य करने में तीव्रता जरूरी है। शक्ति में शिथिलता आयी, तो उसकी मारक क्षमता कम हो जायेगी। यह विकल्प है। अगर हमारा ध्यान करुणा पर है, अहिंसा पर है और गति पर है तो पाप की गुंजाइश ही नहीं रहेगी। सबसे बड़ी बात है कि हम कभी भी कोई कार्य यह सोच कर नहीं करते है कि वह पाप है। दूसरी हरेक कार्य के आगे-पीछे पुण्य और पाप का द्वैत लगा रहता है। हमारी करुणा की ओट में क्रोध छिपा है, तो हिंसा की ओट में अहिंसा का वास है। जापानी संस्कृति में केवल दो चीजें वहां के लोग जानते है- विजय या पराजय। संसार में हरेक जापानी किसी न किसी तरह आदर का पात्र बनाए रखना चाहता है। इसलिए वहां पर उपहास और निंदा को सबसे बड़ी बुराई माना जाता है।

विश्व प्रसिद्ध लेखक फ्रांज काफ्का ने ज्यादतर जर्मन भाषा में लिखे। अपने जीवनकाल के दौरान, उन्होंने केवल कुछ लघु कथाएँ प्रकाशित कीं और बहुत ही छोटा उपन्यास "द मेटामोर्फोसिस" जिसे 1915 में लिखा, को छोड़कर अपने किसी भी उपन्यास को कभी पूरा नहीं किया। मेटामोर्फोसिस हमें अपनी पहचान, अपने अस्तित्व पर सवाल उठाने के लिए मजबूर करता है- मानव होने के लिए क्या चाहिए, हम दूसरों को खुश करने के तरीके से कैसे व्यवहार करने की कोशिश करते हैं। उपन्यास में जिस तरह से ग्रेगर समसा अपने परिवार के सदस्यों की बेवफाई के आगे खुद को समर्पित कर देता है, जिस तरह से वह अपने लिए बनाए गए अस्तित्व से वंचित हो जाता है, वह काफी परेशान करने वाला है और जीवन की तर्कहीनता, हमारे अपने कायापलट की भयावहता और खतरों के बारे में बताता है। काफ्का हमें बताता है कि कैसे सामान्य समाज की परंपराएँ सतह से परे अंदर के व्यक्ति को देखने की हमारी अक्षमता के कारण विकृत हो जाती हैं। उसी दौर में गुरुदत्त ने एक उपन्यास पाप और पुण्य लिखी। इसमें वह श्रीमद्भगवद्गीता के सन्दर्भ में पाप और पुण्य को परिभाषित किया है। उन्होंने समझाया कि कुछ कार्य पाप नहीं होते, लेकिन कानून की दृष्टि से अपराध होते हैं। इसी प्रकार कई कार्य कानून की दृष्टि में अपराध न होते भी पाप होते हैं।

गीता जो दुनिया का पहला मनस शास्त्र है, उसमें पाप और पुण्य को कर्तव्यों से जोड़ा गया है। सहज जीवन निर्वाह के लिए व्यवसायगत विवशताएं कर्तव्यों के रूप में व्याख्यायित हैं और वह पुण्य कर्मों में शुमार हैं, वहीं निर्धारित कर्म से इतर कोई विचलन पाप कर्म के रूप में वर्णित है। मनुष्य मन के ताने-बाने का जैसा निचोड़ कर गीता में रख दिया गया, वैसी सहज प्रवाहमय संयोजना अन्य कहीं नहीं दिखती। अर्जुन का कर्तव्यपथ से विमुख होना अगर संभव हो जाता तो उसका ये कृत्य पाप की श्रेणी में गिना जाता, यही तो श्रीकृष्ण के कथनों का सारतत्व है। परम मनीषी महर्षि व्यास ने पाप-पुण्य की श्रेणी पूरी तरह सामाजिक अवधारणा को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से निर्धारित की। अतएव जीवन को अतियों में तोड़कर देखना ही गलत है। जीवन को जब हम तोड़कर देखते हैं तो भ्रांति उत्पन्न होती है। हम एक किनारे को चुनते हो, तो दूसरे किनारे को छोड़कर चुनते है। इस छोड़ने से दूसरा किनारा मिटता नहीं। मनोविज्ञान कहता है कि हम जो देखते हैं, वह हमारे चित्त को बदलता है और इसके साथ पूरे भविष्य को बदल डालता है। यह हमारे अस्तित्व को प्रभावित करता है। इसलिए देखने की कला विकसित करनी होगी। एक बार देखने की कला आ जाए, तो हम पाते हो, जहां से पाप निकलता है, वहीं पुण्य का उद्गम है। जहां दुख मिलता था वहीं से सुख के झरने बहने लगे। इधर हम नाचे कि, उधर आनंद का माहौल बना। सारे जगत में उत्सव की अगड़ाई शुरू हो जाती है। हंसो, सारा जगत हमारे साथ हंसता है। क्योंकि हमारा दृष्टिकोण ही हमारा जगत है। और हम उसी जगत में रहते है, जो हम बनाते है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# डिजिटल युग में साहित्य की भूमिका और दिशा

जिस युग में हम खड़े हैं, वह सूचना और संचार की तीव्रतर होती दुनिया है, जिसे हम 'डिजिटल युग' कहते हैं। यह वह समय है जब विचार, भावनाएँ, साहित्य, कला, संगीत और राजनीति – सब कुछ कुछ ही सेकंड में वैश्विक हो जाता है। ऐसे परिवेश में यह प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक हो उठता है कि साहित्य की भूमिका क्या है और उसकी दिशा किस ओर जा रही है? हमारे शास्त्रों में कहा गया है "साहित्यं समाजस्य दर्पणं भवति", अर्थात् साहित्य समाज का दर्पण होता है। यह दर्पण केवल दिखाने का कार्य नहीं करता, बल्कि चेताने, जगाने और आत्मालोचन की प्रेरणा भी देता है। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने कहा था "साहित्य वह तंत्र है, जो समाज के भीतर मानवीय मूल्यों को बचाए रखने का संघर्ष करता है।" ऐसे में जब समाज डिजिटल रूप से तीव्र गति से बदल रहा हो, तब साहित्य की यह भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। डिजिटल युग में सूचना की सुलभता ने लेखन को लोकतांत्रिक बना दिया है। ब्लॉग, ई-बुक्स, ऑडियोबुक्स, पोडकास्ट, इंस्टाग्राम पोएट्री जैसे माध्यमों ने रचना को मंच प्रदान किया है। परंतु इस तीव्रता ने 'गुणवत्ता बनाम मात्रा' का प्रश्न भी खड़ा किया है। हर कोई लिख रहा है, पर क्या वह साहित्य है? क्या वह समाज को दिशा देने की भूमिका निभा रहा है? श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया है "स्वधर्मे निधनं श्रेयः", अर्थात् अपने धर्म में स्थित रहना ही श्रेयस्कर है। साहित्य का धर्म है सत्य की प्रतिष्ठा, करुणा की अभिव्यक्ति और समाज का संवेदनशील चित्रण। डिजिटल युग में जब कंटेंट वाइरल होने के दबाव में सत्य का संकुचन हो रहा हो, तब साहित्य को और अधिक सजग होने की आवश्यकता है। महादेवी वर्मा ने लिखा था "साहित्य वह अनुभूति है जो पाठक को भीतर से झकझोर दे।" आज सोशल मीडिया पर क्षणभंगुर भावनाओं की बाढ़ है, पर क्या वह मन के गहरे तल तक पहुँचती है? क्या वह करुणा, प्रेम, संघर्ष, शांति और जीवन की जटिलताओं को वैसे ही व्यक्त कर पा रही है, जैसे मुक्तिबोध या नागार्जुन कर पाते थे? डिजिटल युग ने साहित्य को सीमाओं से मुक्त किया है। विकेंद्रीकरण के इस दौर में ग्रामीण, हाशिए के समाज, स्त्रियाँ, दलित, आदिवासी और यौनिक अल्पसंख्यकों की आवाज़ अब पहले से अधिक मुखर हुई है। यह इस युग की बड़ी उपलब्धि है। अब 'कवि सम्मेलन' सिर्फ सभागारों में नहीं, यूट्यूब और फेसबुक पर भी होते हैं। ई-कविता और इंस्टा-गद्य ने नई पीढ़ी को भाषा और अभिव्यक्ति से जोड़ा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तथाकथित साहित्य की बाढ़ में बहुत कुछ ऐसा भी है जो भाषा, विचार और मूल्यों के स्तर पर चिंता का विषय है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



डॉ. दीपक प्रसाद
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

# गुम होती सुबहें : प्रकृति की चेतावनी

जहाँ गौरैया नहीं गाती : शहर की मूक त्रासदी

हर सुबह की शुरुआत पहले चहचहाते स्वर के साथ होती थी - जब गौरैया की चहचहाहट, कोयल की मधुर कूक और कबूतरों की गुटरगूं से घर आंगन गूंज उठते थे। ऐसा लगता था मानो प्रकृति ने जागरण की घड़ी भेजी हो। पर अब वह सुबहें खामोश हैं, और वो स्वर कहीं गुम होते जा रहे हैं। यह खामोशी सिर्फ कानों को नहीं, दिल को भी चीरती है। हमने ऊंची इमारतें, चमचमाती सड़कें और आधुनिकता का तमगा तो हासिल कर लिया, पर क्या कभी ठहरकर सोचा कि इस चकाचौंध के पीछे हमने क्या खो दिया? वे छोटे पंखों वाले मेहमान, जो कभी हमारे आंगन का हिस्सा थे, अब कहीं गम हो चुके हैं। यह सिर्फ पक्षियों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि हमारे और प्रकृति के बीच बढ़ती खाई की कहानी है। शहरों में बदलते पक्षी आवास एक अनदेखी चुनौती बनकर उभरे हैं, जो हमें चेतावनी दे रही है - अगर अभी नहीं जागे, तो आने वाली सुबहें और भी सन्नाटे में डूब जाएंगी। शहरों का विस्तार आधुनिकता का प्रतीक है, लेकिन यह विस्तार एक भारी कीमत वसूल रहा है। कभी जिन पेड़ों की छांव में चिड़ियां घोंसले बनाती थीं, वे अब कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं। बगीचे, तालाब और खुली छतें, जो पक्षियों का बसेरा हुआ करती थीं, अब मॉल्स, हाईवे और बहुमंजिला इमारतों की भेंट चढ़ गए हैं। गौरैया, जो कभी हर घर की शोभा थी, अब दुर्लभ हो चली है। बुलबुल की मधुर आवाज और मैना की चंचलता अब शायद ही कहीं सुनाई दे। यह सिर्फ कुछ प्रजातियों का गायब होना नहीं, बल्कि उस पारिस्थितिकी तंत्र का टूटना है, जो हमें जीवन देता है। पक्षी केवल गीत और सौंदर्य नहीं लाते; वे प्रकृति के संतुलन का आधार हैं। वे बीज बिखेरते हैं, कीटों को नियंत्रित करते हैं और जैव विविधता को जीवंत रखते हैं। लेकिन जब उनके घर ही उजड़ जाएंगे, तो वे कहां जाएंगे?

शहरीकरण की अंधी दौड़ ने पक्षियों के लिए कई खतरे खड़े किए हैं। बढ़ता प्रदूषण, मोबाइल टावरों से निकलने वाला विद्युत-चुंबकीय विकिरण, और हरित क्षेत्रों का तेजी से सिकुड़ना उनके अस्तित्व पर संकट बनकर मंडरा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार, भारत के कई शहरों में गौरैया की आबादी में 60-70% तक की कमी आई है, और यह आंकड़ा हर साल बढ़ रहा है। विश्व स्तर पर, 'इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर' ने कई शहरी पक्षी प्रजातियों को लुप्तप्राय की सूची में शामिल किया है। यह संकट केवल पक्षियों तक सीमित नहीं है। जब पक्षी गायब होते हैं, तो कीटों की संख्या बढ़ती है, फसलों को नुकसान होता है, और पारिस्थितिकी तंत्र की पूरी श्रृंखला प्रभावित होती है। फिर भी, हम इस संकट को गंभीरता से क्यों नहीं लेते? शायद इसलिए कि इसका असर तुरंत सामने नहीं आता। यह एक मूक आपदा है, जो धीरे-धीरे हमें घेर रही है।

हमारी अनदेखी का एक कारण यह भी है कि हम पक्षियों को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़कर नहीं देखते। हमारी सुबहें अब अलार्म की घंटियों से शुरू होती हैं, न कि चिड़ियों की चहचहाहट से। बच्चे अब गौरैया को किताबों में या यूट्यूब पर देखते हैं, न कि अपने आंगन में। यह नुकसान सिर्फ पर्यावरण का नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत का भी है। क्या हम चाहेंगे कि हमारी अगली पीढ़ी प्रकृति के इस जीवंत हिस्से से अनजान रहे? क्या हम उन्हें वह अनुभव देने से चूक जाएंगे, जो हमने अपने बचपन में जिया - जब एक गौरैया का दाना चुगना या कोयल का गाना हमें प्रकृति से जोड़ता था?

इस संकट का समाधान असंभव नहीं है, बशर्ते हम अभी कदम उठाएं। छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाव ला सकते हैं। शहरों में छतों पर बगीचे बनाना, पुराने पेड़ों को संरक्षित करना, और पक्षियों के लिए पानी व दाने की व्यवस्था करना शुरुआती कदम हो सकते हैं। स्थानीय निकायों को शहरी नियोजन में पक्षी-अनुकूल नीतियां अपनानी होंगी, जैसे कि पार्कों और हरित पट्टियों को बढ़ाना। स्कूलों में बच्चों को पक्षियों के महत्व और उनकी सुरक्षा के बारे में पढ़ाया जाना चाहिए। सामुदायिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं, ताकि लोग अपने घरों में छोटे घोंसले या बर्ड-फीडर लगाएं। कुछ शहरों ने पहले ही इस दिशा में कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए, दिल्ली और बेंगलुरु जैसे शहरों में स्थानीय संगठनों ने 'स्पैरो प्रोजेक्ट' शुरू किए हैं, जिनके तहत गौरैया के लिए घोंसले और भोजन की व्यवस्था की जा रही है। ये प्रयास प्रेरणादायक हैं, लेकिन इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक समर्थन की जरूरत है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



प्रो. आरके जैन

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

धमकी देता घूमता, फुलझड़ियां ले साथ।
कट जायेंगे वक्त से, पहले उसके हाथ।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# योगी से श्रेष्ठ जीवन के लिए संघर्षरत श्रमिक

आध्यात्मिकता की सर्वोच्च शिखर को प्राप्त करने की कोशिश नहीं करना, ये सोचना की हम कुछ भी कर लें, उस सर्वोच्च शिखर को प्राप्त नहीं कर सकते, ये भाव को अपने मन में उत्पन्न करना ही, ईश्वर से दूर रहने की सोच है, जिसे आध्यात्मिक आलस्य कहा जाता है। ये गूढ़ बातें आज योगदा सत्संग आश्रम के श्रवणालय में आयोजित रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए योगदा भक्तों के बीच स्वामी गोकुलानन्द ने कही। उन्होंने कहा कि हम योगी है, सामान्य कार्य नहीं करेंगे। ऐसी सोचवाले लोग योगी होने के बावजूद भी माया में ही घिरे रहते हैं। ऐसे लोग कभी आध्यात्मिक प्रगति नहीं कर पाते। यह भी आध्यात्मिक आलस्य का ही एक रूप है। हमेशा याद रखें कि बेकार की चीजों को त्यागकर, सामान्य लोगों की तरह जीवन यापन करनेवाला ही आध्यात्मिक प्रगति पर रहता है। मतलब ईश्वर जिस हाल में रखें, उसी हाल में रहने की कला ही आध्यात्मिकता का सर्वोच्च मार्ग है। उन्होंने कहा कि 1970 की बात है। एक बार कुछ दिनों के लिए मां आनन्दमयी रांची यात्रा पर आई। इस दौरान वो योगदा सत्संग आश्रम में भी आई। जहां एक योगदा भक्त उनसे मिलने पहुंचे। योगदा भक्त ने उनसे कहा कि वो हमेशा क्रिया योग में लिप्त रहता है। लेकिन उसे ईश्वर की प्राप्ति नहीं हो रही। मां आनन्दमयी ने कहा कि चेष्टा करो, अर्थात् निष्ठापूर्वक कर्म करो, कोशिश करो। किसी को भी कोई भी आध्यात्मिक सफलता किसी संत के आशीर्वाद से प्राप्त नहीं होती। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक कृपा व ईश्वरीय आशीर्वाद को स्वतः कोशिश करके प्राप्त करना होता है। ईश्वर-गुरु सिर्फ मार्गदर्शन करते हैं। स्वामी गोकुलानन्द ने इसी पर एक मछुआरा और गंधर्व की कहानी सुनाई। एक मछुआरा जो बहुत ही गरीब था, जैसे-तैसे जीवन यापन कर रहा था। उसकी पत्नी को पता चला कि पास में ही एक गंधर्व रहते हैं। जो सभी को मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। अपनी गरीबी से तंग मछुआरा की पत्नी ने मछुआरा पर दबाव बनाया कि वो गंधर्व के पास जाकर अपनी गरीबी से मुक्ति पाने के लिए कुछ वरदान मांगे। पत्नी के दबाव में आकर मछुआरा, गंधर्व के पास जाकर गया और उनसे धन-संपदा की मांग की, जिससे उसे गरीबी से मुक्ति मिल जाये। गंधर्व ने उसकी मनोकामना पूरी कर दी। मछुआरा, धन-संपदा से युक्त हो गया। इसके बाद मछुआरा की पत्नी को शौक हुआ कि वो रानी की तरह राज करें, वो मछुआरा को कही कि वो फिर गंधर्व के पास जाकर उनसे राज-पाट मांग लें। मछुआरा, गंधर्व से राजपाट मांग लिया और यह मनोकामना भी पूरी हो गई। इसी बीच भोग-विलास में लिप्त मछुआरा की पत्नी को देर तक सोने की आदत हो गई और उसकी नींद तब टूटती जब सूर्य का प्रकाश उसकी आंखों तक पहुंचता। जिससे उसके देर तक सोने की आदत के कारण नींद में खलल पड़ जाती। उसने मछुआरा से कहा कि वो गंधर्व के पास जाये और गंधर्व से यह वर मांगे कि सूर्योदय तभी हो, जब उसकी पत्नी की नींद टूटे। गंधर्व को यह समझते देर नहीं लगी कि मछुआरा कर्म की प्रधानता को छोड़, आलस्य में डूबता जा रहा है। गंधर्व ने सबक सिखाने की ठानी और उसे पूर्व की हालत में लाकर पटक दिया। बेचारा मछुआरा क्या करता? फिर वो कर्म की गति में पीसता चला गया और अंततः गरीबी में ही उसका दिन गुजरा। स्वामी गोकुलानन्द ने कहा कि दरअसल ये कहानी बताती है कि बिना मेहनत के जो हमें प्राप्त होता है, उन प्राप्त वस्तुओं का हम इज्जत ही नहीं करते। चाहे वो वस्तु कितना भी प्रासंगिक क्यों न हो?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात




कृष्ण बिहारी मिश्र



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# इन तीन चीजों से बचें ! ब्रेन को पहुंचता है नुकसान




**एजेंसी। नई दिल्ली**

अच्छा खान-पान शरीर के लिए ही नहीं, दिमाग के लिए भी जरूरी होता है। शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है और मन मस्तिष्क भी सभी चिंताओं से मुक्त। ऐसा कई शोध दावा करते हैं। कुछ ऐसे अध्ययन भी हुए हैं जो बताते हैं कि ब्रेन हेल्थ के लिए कुछ चीजों को हमेशा के लिए बाय-बाय कह देना चाहिए। इन विभिन्न स्टडीज के आधार पर आपको बताते हैं उन तीन चीजों या आदतों के बारे में जिन्हें अपनाया तो डिमेंशिया का खतरा टला रहेगा। न्यूरोसाइंटिस्ट्स के मुताबिक बैड हेल्थ हैबिट्स कॉग्नेटिव फंक्शन पर नकारात्मक असर पड़ता है और धीरे-धीरे मनोभ्रंश यानी डिमेंशिया का खतरा बढ़ने लगता है। तीन खाद्य पदार्थों या आदतों से तौबा कर लेनी चाहिए वो हैं- यूपीएफ यानी अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड, खाने की ओवर हीटिंग और स्वीटनर्स।

स्वीटनर- वही जो चीनी के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, सेहत के लिए कड़वा साबित हो सकता है। इसे जीरो कैलोरी वाला ऑप्शन करार दिया जाता है। हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि कुछ कृत्रिम स्वीटनर आंत के बैक्टीरिया को ऐसे बदल सकते हैं जो सूजन को बढ़ावा दे सकता है, यह सूजन कॉग्नेटिव फंक्शन्स को प्रभावित कर सकती है और संभावित रूप से न्यूरोडीजेनेरेटिव विकारों के जोखिम को बढ़ा सकती है। कम कैलोरी वाले स्वीटनर 'एस्पार्टेम' को याददाश्त में खलल और सीखने की प्रवृत्ति कम करने के तौर पर देखा गया है, जबकि अन्य अध्ययनों से पता चला है कि कृत्रिम स्वीटनर के लंबे समय तक उपयोग से स्ट्रोक, हृदय रोग और यहां तक कि समय से पहले मृत्यु का जोखिम बढ़ सकता है।

## अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड और हाई टेम्परेचर कुकिंग से दिमाग और शरीर पर गंभीर असर

यूपीएफ- अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में चीनी, नमक, कृत्रिम तत्व और अनसैचुरेटेड फैट्स की उच्च मात्रा होती है; और ये सुविधाजनक, पैकेज्ड सामान मस्तिष्क सहित पूरे शरीर में सूजन पैदा करते हैं। एक नए अध्ययन से पता चलता है कि यूपीएफ के परिणाम खतरनाक हो सकते हैं। शोध में यूपीएफ से शरीर पर पड़ने वाले नेगेटिव इंपैक्ट साबित हुई है। जिसमें हृदय रोग, कैंसर, चयापचय सिंड्रोम, मोटापा, गैर-अल्कोहल फैटी लीवर रोग, टाइप 2 मधुमेह और यहां तक कि समय से पहले मृत्यु का जोखिम शामिल है। 2022 में न्यूरोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार अगर आप रोजाना 10 फीसदी भी प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ का सेवन करते हैं तो मनोभ्रंश का जोखिम 25 फीसदी बढ़ जाता है। ओवर हीटिंग से भी नुकसान- जब भोजन को ग्रिलिंग, फ्राइंग या ब्रॉइलिंग के माध्यम से उच्च तापमान पर पकाया जाता है, तो यह एडवांस्ड ग्लाइकेशन एंड-प्रोडक्ट्स (एजीई) बनाता है और ये ब्रेन में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन को ट्रिगर करते हैं। इसका सीधा संबंध एमिलॉयड प्लेक से है - वही जमा प्रोटीन जो अल्जाइमर रोग में दिमाग में बनते हैं। तो राय यही है कि उच्च ताप पर खाना पकाने से बचें और जितना हो सके स्टीम कर पकाएं।

# 1993 बम धमाकों के आरोपी फारूक टकला को 5 साल की सजा

**एजेंसी। मुंबई**



● जाली पासपोर्ट मामले में था दोषी

मुंबई की स्पेशल सेशन कोर्ट ने 1993 बम धमाकों के आरोपी फारूक टकला को पासपोर्ट जालसाजी मामले में पांच साल की सजा सुनाई है। फारूक टकला पर 1993 के मुंबई बम विस्फोट मामले के मुख्य मास्टरमाइंड में से एक होने का आरोप है। दरअसल, 66 वर्षीय फारूक यासीन मंसूर उर्फ फारूक टकला को 2018 में फर्जी पासपोर्ट पर दुबई से भारत आने के मामले में बीते शनिवार को दोषी ठहराया गया था। अदालत ने सोमवार को सजा का ऐलान किया और उसे पांच साल की सजा सुनाई। रिकॉर्ड में उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्य से पता चलता है कि आरोपी ने मुस्ताक मोहम्मद मियां नाम का इस्तेमाल करके पासपोर्ट और पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए आवेदन किया था। हालांकि, यह उसका असली नाम नहीं था और उसने पासपोर्ट आवेदन के दौरान गलत जानकारी और जाली हस्ताक्षर किए थे। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आर.डी. चव्हाण ने सजा का ऐलान करते हुए कहा, "ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपी ने अपनी असली पहचान छिपाकर रखी।" 1993 मुंबई बम धमाकों का मुख्य आरोपी दाऊद इब्राहिम के सहयोगी फारूक टकला को साल 2018 में दुबई से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उसे मुंबई डिपोर्ट किया गया। इससे पहले, मुंबई की एक विशेष टाडा कोर्ट ने बीते अप्रैल में 1993 के सिलसिलेवार बम धमाकों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक टाइगर मेमन और उसके परिवार की 14 संपत्तियों को केंद्र सरकार को सौंपने का आदेश दिया था।

## कानपुर में पांच मंजिला इमारत में लगी आग

**कानपुर।** चमनगंज थाना क्षेत्र के गांधीनगर इलाके में पांच मंजिला इमारत में लगी आग में पति-पत्नी और उनकी तीन बेटियों की मौत हो गई। करीब आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। इस इमारत की पहली और दूसरी मंजिल पर जूते-चप्पल का कारखाना है। तीसरी और चौथी मंजिल पर परिवार रहते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रविवार रात करीब 8:30 से 9 बजे के बीच इमारत के निचले तल पर जूते के कारखाने में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग दूसरी मंजिल से चौथी मंजिल तक पहुंच गई। कारखाने में अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री होने की वजह से आग ने विकराल रूप ले लिया।सूचना पर पहुंचे पुलिस और दमकल कर्मियों ने इमारत में फंसे कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस बीच 10 मिनट के अंतराल में जोरदार तीन धमाके हुए जिससे आग और भी तेज धधकने लगी।

## अमृतसर में आतंकी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

**एजेंसी। अमृतसर**

पंजाब पुलिस ने आतंकी और आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान विजय मसीह, अंग्रेज सिंह और इकबाल सिंह के रूप में हुई है, ये सभी तरनतारन के निवासी हैं। इनके तार ब्रिटेन स्थित गैंगस्टर धर्मप्रीत सिंह उर्फ धर्म संधू और तरनतारन के जस्सा पट्टी से जुड़े हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 3 ग्लॉक पिस्तौल, 3 बेरेटा 30 बोर पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस (9 मिमी), 20 जिंदा कारतूस (30 बोर), 4 मोबाइल फोन और एक एक्टिवा स्कूटर बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि ये तीनों अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों के साथ संपर्क में थे और अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल थे। पुलिस ने थाना लोपोके में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "आतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने तीन सहयोगियों विजय मसीह, अंग्रेज सिंह और इकबाल सिंह, सभी तरनतारन के निवासी को गिरफ्तार किया है।

## ऑयल इंडिया के डिप्टी जनरल मैनेजर 7 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के एक बड़े मामले में ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), दुलियाजन, असम के डिप्टी जनरल मैनेजर और नोएडा की एक निजी कंपनी के सेल्स एंड मार्केटिंग डीजीएम को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 7 लाख रुपये की रिश्वत मांगने और लेने का आरोप है। सीबीआई के बयान के मुताबिक, 3 मई को चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि ऑयल इंडिया के अधिकारी प्रयास चक्रवर्ती और कंपनी के डीजीएम ज्योति कुमार सिंह मिलकर ठेके दिलवाने और बिल पास कराने के बदले घूस लेते थे। ऑयल इंडिया अधिकारी ने एक ठेका दिलवाने के बदले 70 ग्राम सोने के आभूषण की मांग की थी लेकिन निजी कंपनी के अधिकारी ने सोने की जगह 7 लाख रुपये नकद देने की बात कही। यह रकम कंपनी के एमडी ने जुटाई और अधिकारी को सौंपी। इस रकम में से ऑयल इंडिया अधिकारी ने नोएडा की एक दुकान से 3.73 लाख रुपये के सोने के सिक्के खरीदे और बाकी रुपये अपने घर ले गया। उसी दिन सीबीआई ने जाल बिछाकर उसे रंगे हाथों नकदी और सोने की खरीद से जुड़े दस्तावेजों के साथ पकड़ लिया।

# कांग्रेस के नेता भारतीय सेना का मनोबल गिरा रहे : सुधांशु



## भारत-पाक तनाव के बीच विपक्ष पर निशाना

- पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाक सीमा पर तनाव बढ़ा है
- सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष पर सेना का मनोबल गिराने के आरोप लगाए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक तरफ जहां भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव की स्थिति है तो दूसरी ओर देश में सियासत गर्म है। विपक्षी दलों के बयानों पर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बड़ा हमला बोला है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव है। पाकिस्तान सीमा पर लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है, वहीं कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता सेना को निशाना बनाकर बयानबाजी कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस और भारत के नेता कहते हैं कि वे सरकार के साथ हैं, लेकिन दूसरी तरफ उनके नेता देश के खिलाफ बयान देते हैं और सशस्त्र बलों का मनोबल गिराते हैं। यह वैसा ही है जैसा पाकिस्तान करता है लेकिन अपनी भूमिका से इनकार करता है। पाकिस्तान इस मामले में भारत से कहीं ज्यादा मजबूत है कि वहां कोई भी विपक्षी नेता सेना का मनोबल गिराने वाला बयान नहीं दे रहा लेकिन भारत में ऐसे बयानों की झड़ी लगी हुई है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, "पाकिस्तान में अगर कोई सत्र या सर्वदलीय बैठक बुलाई जा रही है, तो वहां कोई भी राजनीतिक दल सेना या सरकार के खिलाफ नहीं बोल रहा है।

## 'राफेल से नींबू-मिर्च कब हटेगा', अजय राय का सवाल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने पहलगाम हमले के आतंकवादियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने के लिए रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने नींबू-मिर्च बांधकर राफेल को खड़ा किया हुआ है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने राफेल लिखे हुए एक प्लेन के खिलौने को मीडिया के सामने पेश किया, जिसमें नींबू-मिर्च बंधी हुई थी। उन्होंने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा, "राफेल पर नींबू-मिर्च मैंने नहीं बांधा है। सभी को ध्यान होगा कि जब राफेल भारत आया था, उस समय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उस पर नींबू-मिर्च बांधा था।" उन्होंने तंज कसते हुए कहा, "राफेल पर नींबू-मिर्च सरकार ने बांधा है, मैं बस याद दिला रहा हूं कि राफेल से नींबू-मिर्च कब हटेंगे और राफेल अपना काम कब करेगा? देश की जनता यह जानना चाहती है। पहलगाम हमले में जो लोग मारे गए, उनका परिवार आज जानना चाहता है कि राफेल नींबू-मिर्च के लिए आया है या फिर अपना काम करने के लिए। मैं देश की जनता को दिखाना चाहता हूं कि सरकार ने राफेल पर नींबू-मिर्च बांधकर उसे खड़ा किया हुआ है।" पाकिस्तान से सभी तरह के आयात को बंद करने वाले भारत सरकार के फैसले पर अजय राय ने कहा, "सभी लोग देख लें कि पाकिस्तान और भारत के बीच कितने रुपए का आयात-निर्यात होता रहा है, उससे पता चल जाएगा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से कितना घाटा या मुनाफा हो रहा है। सरकार को पाकिस्तान पर प्रभावी कार्रवाई करके आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करना चाहिए।" उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। यहां के बैसरन घाटी में कुछ आतंकियों ने पर्यटकों पर गोली चलाई, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी।

## पहलगाम आतंकी हमले पर बातें नहीं सख्त कार्रवाई होनी चाहिए : अफजाल

**एजेंसी। गाजीपुर**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले पर गाजीपुर से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अफजाल अंसारी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि 15 दिन होने को आए, सिर्फ कार्रवाई की बातें हो रही हैं। अब बातों से काम नहीं चलेगा। अब एक्शन लेना ही पड़ेगा। पाकिस्तान को कड़ा जवाब दिया जाए। सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान सपा सांसद ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस बयान पर जवाब दिया, जिसमें कहा गया था कि भारत में पीएम मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार है और यह बात पाकिस्तान को भी पता है, मैं देश को आश्वस्त करता हूं कि वह (प्रधानमंत्री) जैसा चाहेंगे, दुश्मनों को वैसा जवाब मिलेगा। सपा सांसद ने कहा कि मैं रक्षा मंत्री से नहीं कह सकता हूं कि उन्हें यह बयान देने की क्या जरूरत थी। अगर किसी का बयान इस मामले पर आना चाहिए था, वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का था। पहलगाम में मासूम पर्यटकों की आतंकियों ने हत्या की। इसकी जवाबदेही तो गृह मंत्री अमित शाह को लेनी चाहिए थी। आतंकी इतनी बड़ी साजिश पहलगाम में रच रहे हैं।

## कांग्रेस देश की मर्यादा खत्म कर रही है : शाहनवाज हुसैन

**एजेंसी। पटना**



भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कांग्रेस नेता अजय राय की राफेल को लेकर की गई टिप्पणी को शर्मनाक बताया है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस देश की मर्यादा को खत्म कर रही है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि देश में विदेशी मुद्दे पर एक रहने की बात है, लेकिन कांग्रेस उस मर्यादा को तोड़ रही है। पहले चरणजीत सिंह चन्नी कुछ कहते हैं और अब अजय राय राफेल विमान को खिलौना बताकर मिर्ची-नींबू टांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब भारत के लोग कांग्रेस पर मिर्ची, नींबू टांग देंगे, यह बात कांग्रेस को याद रखनी चाहिए। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा नेता और पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने महागठबंधन की बैठक को लेकर कहा कि यह कितनी भी बैठकें कर ले, कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। इंडिया ब्लॉक नाम की चीज अब धरती पर ही नहीं है, यह तो समाप्त हो गया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### मुगलों की बहू बताने वाली महिला पहुंची सुप्रीम कोर्ट , कहा

## लाल किले पर कब्जा दिलाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**



● सुप्रीम कोर्ट ने की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर द्वितीय के पोते की विधवा होने का दावा करने और लाल किले पर कब्जा करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये राष्ट्रीय इमारत है और इस पर पैतृक दावा नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस याचिका को दायर करने में 164 साल की देरी है और याचिका में कोई गुण नहीं है। इसके पहले 13 दिसंबर 2024 को दिल्ली हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने याचिका खारिज कर दिया था। याचिका सुल्ताना बेगम ने दायर किया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि जब सुल्ताना के पूर्वजों ने लाल किले पर दावे को लेकर कुछ नहीं किया, अब कोर्ट इसमें क्या कर सकता है। अब बहुत देर हो चुकी है। सुल्ताना का कहना था कि 1857 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने जबरदस्ती लाल किला कब्जे में लिया था।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा था कि सुल्ताना बेगम लालकिले की वैध मालकिन हैं। उन्होंने कहा था कि बहादुर शाह जफर के उत्तराधिकारी सुल्ताना बेगम हैं। याचिका में कहा गया था कि लाल किले पर सरकार ने गैरकानूनी रुप से कब्जा कर रखा है।

## लव जिहाद मामले में पीड़ित छात्राओं के कॉलेज पहुंची

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हिंदू छात्राओं से लव जिहाद, दुष्कर्म और वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने के मामले में भोपाल पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की तीन सदस्यीय टीम गंभीरता से जांच में जुटी है। सोमवार को आयोग की टीम रायसेन रोड स्थित छात्राओं के कॉलेज में पहुंची और यहां कॉलेज प्रशासन, अधिकारियों और पीड़ित छात्राओं को पढ़ाने वाले स्टाफ से लंबी पूछताछ की। इसके साथ ही टीम ने कॉलेज परिसर में छात्राओं की सुरक्षा से जुड़े इंतजामों पर भी विस्तार से जांच की। झारखंड की पूर्व डीजीपी निर्मल कौर के नेतृत्व में भोपाल पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की तीन सदस्यीय जांच टीम ने कॉलेज में जांच के दौरान ये पता लगाने की कोशिश की गई कि क्या पीड़ित छात्राओं ने पहले कभी आरोपितों के खिलाफ किसी भी तरह की शिकायत कॉलेज प्रबंधन या संबंधित अधिकारियों से की थी।

### 'वक्फ' पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद बोले

## सुप्रीम कोर्ट के पास शक्ति है कि वह कानून की समीक्षा कर सकता है

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर फिर से सुनवाई करेगा। इस मुद्दे पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पास शक्ति है कि वह कानून का रिव्यू कर सकता है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "हम वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गए हैं और हमारी तरफ से एक एफिडेविट भी दाखिल किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई है और सरकार की तरफ से भी हलफनामा दाखिल किया गया है, जो झूठ है और सरकार यह भी कह रही है कि इस कानून को रोक नहीं सकते। मैं बता देना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट को पावर है कि वह कानून का रिव्यू कर सकता है। साथ ही वह उस पर रोक भी लगा सकता है।" उन्होंने आगे कहा, "सरकार झूठ बोल रही है और गलत बयानी कर रही है। वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण सरकार का है और यह कभी सरकार से ऊपर नहीं रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या लोकतंत्र में तानाशाही चल रही है, जो भी बना दिया जाएगा, उसे खुदा का आदेश माना जाएगा? सुप्रीम कोर्ट को यह हक है कि वह कानून का रिव्यू करें, अगर सुप्रीम कोर्ट को लगता है कि यह सही है तो सरकार कैसे कह सकती है कि इस कानून को रोक नहीं सकते।" कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान पर कहा, "बातों से कुछ नहीं होगा, अब सख्त एक्शन लेने की बारी है। पूरा देश देखना चाहता है कि सरकार क्या कर रही है। इस सरकार को वैसा ही करना चाहिए, जैसा इंदिरा गांधी ने किया था। उन्होंने (इंदिरा गांधी) पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। उन्हें (केंद्र सरकार) भी कुछ ऐसा ही करना चाहिए, ताकि दुश्मन को हमारी ताकत का अहसास हो सके।

# केदारनाथ यात्रा बनी महिला सशक्तिकरण की मिसाल

**एजेंसी। देहरादून**



● 150 से अधिक महिला समूहों को केदारनाथ यात्रा से मिल रहा कारोबार

केदारनाथ यात्रा से इस वर्ष भी रुद्रप्रयाग जनपद की सैकड़ों महिलाओं को रोजगार मिला है। करीब 150 महिला स्वयं सहायता समूह प्रसाद निर्माण, स्थानीय उत्पादों की बिक्री, जलपान गृह संचालन और होमस्टे जैसी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इससे स्थानीय आर्थिकी को नया बल मिला है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा महिला समूहों के लिए आजीविका का मजबूत आधार बन रही है। सरकार महिला समूहों को स्टॉल, प्रशिक्षण और संसाधनों की हर संभव सहायता दे रही है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील भी की। केदारनाथ प्रसाद की ऑनलाइन भी खरीद की जा सकती है। इसके साथ ही उद्योग विभाग के भटवाड़ीसैंण स्थित ग्रोथ सेंटर में केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति सोवेनियर के रूप में तैयार की जाती है, जिसे श्रद्धालु केदारनाथ मंदिर से स्मृतिचिह्न के रूप में अपने साथ ले जाते हैं। जिला उद्योग केंद्र रुद्रप्रयाग की ओर से संचालित इस ग्रोथ सेंटर का भी स्थानीय महिलाएं ही संचालन करती हैं। इस वर्ष अब तक पांच हजार प्रतिकृतियां तैयार की जा चुकी हैं और यह क्रम जारी है।

**जखोली:** जखोली ब्लॉक में करीब 50 महिला स्वयं सहायता समूह यात्रा से जुड़ा कारोबार कर रहे हैं। इसमें 30 समूह प्रसाद तैयार कर रहे हैं, जबकि 10 समूह धूपबत्ती बनाने और 10 अन्य समूह पहाड़ी उत्पादों को बेचने का काम कर रहे हैं। इसके लिए प्रशासन ने इन्हें दुकानें भी आवंटित की हुई हैं, जहाँ बद्री गाय का घी 1200 रुपए प्रति किलो की दर पर उपलब्ध है।

**अगस्त्यमुनि:** अगस्त्यमुनि ब्लॉक में करीब 38 महिला समूह यात्रा कारोबार से जुड़े हैं। समूह सोवेनियर बनाने से लेकर, प्रसाद पैकेजिंग और स्थानीय उत्पाद यात्रा मार्ग पर बेच रहे हैं। कुछ समूह यात्रा मार्ग पर जलपान गृह भी संचालित कर रहे हैं। इससे करीब 90 महिलाओं को रोजगार मिला हुआ है।

**उखीमठ:** उखीमठ ब्लॉक में करीब 60 महिला समूह यात्रा से संबंधित व्यवसाय कर रहे हैं। 48 महिलाएं सीधे तौर पर प्रसाद तैयार कर रही हैं, जबकि शेष सोवेनियर निर्माण, जलपान गृह, यात्रियों को ठहराने के लिए टेंट संचालन, होमस्टे और स्थानीय उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं।

## मध्य प्रदेश के उज्जैन के महाकाल मंदिर में लगी आग

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में सोमवार को दोपहर में अचानक आग लग गई, जिससे भगवान महाकाल के दर्शन करने के लिए पहुंचे श्रद्धलुओं में हड़कंप मच गया। आग मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर लगी थी, जिसमें पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। इस हादसे के कारण मंदिर में दूर से ही धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। आग लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा। घटना मंदिर के गेट नंबर एक पर स्थित अवंतिका गेट के सोलर पैनल के कंट्रोल रूम में लगी। यह कंट्रोल रूम महाकाल मंदिर की छत पर स्थित है। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कुछ ही देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया।

# दिल्ली ने हैदराबाद के सामने रखा 134 रनों का लक्ष्य

**एजेंसी। हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का 55वां मैच आज सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जा रहा है. इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. दिल्ली की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट खोकर 133 रन बनाए. आशुतोष ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए. वहीं कमिंस ने 3 विकेट झटके।




### ऐसी रही दिल्ली की पारी

पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही. मैच की पहली ही गेंद पर कमिंस ने करुण नायर का विकेट झटका. इसके बाद मानो दिल्ली की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखरने लगी. तीसरे ओवर में फिर कमिंस ने फाफ डु प्लेसिस को आउट किया. फाफ के बल्ले से केवल 3 रन आए. इसके बाद 5वें ओवर में हर्षल ने अभिषेक पोरेल को चलता किया. छठे ओवर में अक्षर भी आउट हो गए. वहीं आठवें ओवर में जयदेव ने केएल राहुल को बाहर का रास्ता दिखाया. राहुल के बल्ले से केवल 10 रन आए. यानी 20 रन बनाने में दिल्ली के 5 खिलाड़ी आउट हो गए. इसके बाद स्टब्स और विप्रज के बीच एक साझेदारी पनप रही थी. लेकिन 12वें ओवर में विप्रज रन आउट हो गए. उनके बल्ले से केवल 18 रन निकले. लेकिन इसके बाद स्टब्स और आशुतोष के बीच अच्छी साझेदारी हुई. दोनों के बीच 66 रनों की पार्टनरशिप हुई. आशुतोष का विकेट आखिरी ओवर में गिरा. उनके बल्ले से 41 रनों की पारी निकली. इसके दम पर दिल्ली ने हैदराबाद के सामने 134 रनों का लक्ष्य रखा है। SRH की टीम के लिए ये मैच करो या मरो की स्थिति वाला है. अगर हैदराबाद ये मैच हारती है तो फिर प्लेऑफ की दौड़ से उसकी उम्मीद खत्म हो जाएगी. वहीं, दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 14 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उनके अभियान को झटका लगा. फिलहाल दिल्ली कैपिटल्स 10 मैचों में 12 अंकों के साथ अंकतालिका में पांचवें स्थान पर है. टीम को अपने प्रमुख बल्लेबाज़ों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी. दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज फाफ डु प्लेसिस ने केकेआर के खिलाफ शानदार अर्धशतक जड़ा, भले ही टीम हार गई. हालांकि, धीमी पिचों पर उनका प्रदर्शन अब भी चिंता का विषय बना हुआ है।

### जानें किसका पलड़ा है भारी

आईपीएल इतिहास में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच अबतक 25 मैच खेले गए हैं. इसमें से दिल्ली की टीम ने 12 मैच जीते हैं और सनराइजर्स हैदराबाद को 13 मैच में जीत मिली है. यानी की दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है।

**सहवाग की सलाह**

## पंत को धोनी से संपर्क करना चाहिए, इससे उन्हें फॉर्म में लौटने में मदद मिलेगी




**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत को आईपीएल 2025 में खराब फॉर्म से बाहर निकलने के लिए अपने आदर्श एमएस धोनी से संपर्क करना चाहिए। पंत, जो पिछली आईपीएल नीलामी में 27 करोड़ रुपये की कीमत के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी थे, इस सीजन में दस पारियों में सिर्फ 128 रन बनाकर निराशाजनक प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके प्रदर्शन में पांच सिंगल-डिजिट स्कोर, एक डक और केवल एक अर्धशतक शामिल है। पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच में, दो शुरुआती आउट होने के बाद पंत चौथे नंबर पर आए, लेकिन 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 गेंदों पर केवल 18 रन ही बना पाए। एलएसजी ने यह मैच 37 रनों से गंवा दिया और अब 11 मैचों में छह हार के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। सहवाग ने क्रिकबज पर कहा, "फिर से, उसके पास एक मोबाइल है, उसे बस फोन उठाकर किसी को कॉल करना है। अगर आपको लगता है कि आप नकारात्मक सोच रहे हैं, तो ऐसे बहुत से क्रिकेटर हैं जिनसे आप चर्चा कर सकते हैं। धोनी उनके आदर्श हैं, इसलिए पंत को उन्हें कॉल करना चाहिए। इससे उनका मन हल्का हो जाएगा। इसके अलावा, सहवाग ने उदाहरण के तौर पर 2006/07 सीजन के अपने अनुभव का हवाला देते हुए सुझाव दिया कि पंत को अपने पिछले प्रदर्शनों की फुटेज को फिर से देखना चाहिए, ताकि वे अपने रूटीन को याद कर सकें।

**विवाद**

## रबाडा के दवाओं के परीक्षण को सार्वजनिक रूप से छुपाने से खुश नहीं हैं पेन




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन इस बात से खुश नहीं हैं कि कैसे कैगिसो रबाडा के मनोरंजक दवाओं के सेवन के बाद सकारात्मक परीक्षण को सार्वजनिक रूप से छिपाया गया। अप्रैल में, रबाडा गुजरात टाइटन्स (जीटी) के लिए आईपीएल 2025 के पहले दो मैच खेलने के बाद घर लौट आए। उस समय, फ्रेंचाइजी ने कहा कि रबाडा का प्रस्थान एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत मामले में भाग लेने के कारण था। शनिवार को, दक्षिण अफ्रीका क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसएसीए) के एक बयान के माध्यम से, रबाडा ने पुष्टि की कि प्रतिबंधित पदार्थ, जो एक अनिर्दिष्ट मनोरंजक दवा है, के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद वह अंतिम निलंबन के तहत थे। "यह बहुत बुरा है। मुझे व्यक्तिगत मुद्दों के इर्द-गिर्द इस तरह का इस्तेमाल पसंद नहीं है, और इसका इस्तेमाल उन चीजों को छिपाने के लिए किया जा रहा है जो व्यक्तिगत मुद्दे नहीं हैं। अगर आपके पास कोई पेशेवर खिलाड़ी है जिसका किसी टूर्नामेंट के दौरान मनोरंजक दवाओं के लिए परीक्षण किया जाता है, जिसमें वह खेल रहा है, तो यह मेरे लिए व्यक्तिगत मुद्दों में नहीं आता है। "यह इस श्रेणी में आता है कि आपने अपना अनुबंध तोड़ा है। यह कोई व्यक्तिगत मुद्दा नहीं है, यह आपके निजी जीवन में हो रहा है। मनोरंजन या प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाएं लेना कोई व्यक्तिगत मुद्दा नहीं है जिसे सिर्फ एक महीने के लिए छिपाया जा सकता है। पेन ने सोमवार को एसईएन रेडियो पर कहा, "किसी व्यक्ति को आईपीएल से बाहर किया जा सकता है, उसे दक्षिण अफ्रीका वापस भेजा जा सकता है और हम इसे ऐसे ही दबा देते हैं।

## भारत का सफेद गेंद के प्रारूपों में शीर्ष स्थान बरकरार, ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में चोटी पर कायम

**दुबई (आईएएनएस)**

**आईसीसी वार्षिक रैंकिंग**




भारत ने आईसीसी पुरुष वनडे और टी20 रैंकिंग में अपना नंबर एक स्थान बनाए रखा, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को प्रीमियर क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी वार्षिक अपडेट के बाद टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बनाए रखने में कामयाबी हासिल की। नवीनतम रैंकिंग, जो मई 2024 से खेले गए सभी मैचों को 100 प्रतिशत और पिछले दो वर्षों के मैचों को 50 प्रतिशत पर रेट करती है, वार्षिक अपडेट के बाद टी20 में रिकॉर्ड 100 टीमों को सूचीबद्ध करती है। वनडे के वार्षिक अपडेट में, भारत ने अपनी बढ़त 12 से 15 अंकों तक सुधारी है और 124 रेटिंग अंक पर है। 2025 आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत पिछले साल की सफल अवधि का मुख्य आकर्षण थी, जिसमें अगस्त 2024 में श्रीलंका के खिलाफ एक विदेशी श्रृंखला हारने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ 3-0 की घरेलू श्रृंखला जीत भी शामिल थी। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता रहे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। लेकिन श्रीलंका ने सबसे बड़ा सुधार किया है - पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ते हुए दो स्थान ऊपर छठे से चौथे स्थान पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया है जबकि वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पीछे छोड़ते हुए नौवां स्थान हासिल किया है।

## रायुडू ने श्रेयस-पोंटिंग की साझेदारी को 'पंजाब में बनी अच्छी जोड़ी' बताया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने कहा कि श्रेयस अय्यर और रिकी पोंटिंग की साझेदारी आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के मौजूदा सेट-अप में एक सफल जोड़ी है, जिसके परिणामस्वरूप वे 11 मैचों में से सात जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर हैं। कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग ने पहले दिल्ली कैपिटल्स में एक साथ काम किया था, जहां वे 2019 सीजन में प्लेऑफ में प्रवेश करने में सफल रहे, इससे बाद 2020 संस्करण में उपविजेता बने। अब पीबीकेएस सेट-अप में फिर से एक साथ, अय्यर-पोंटिंग की साझेदारी ने टीम की किस्मत को इतने शानदार तरीके से फिर से जीवित कर दिया है कि वे अब 2014 सीजन के बाद पहली बार प्लेऑफ में प्रवेश करने की कगार पर हैं। श्रेयस ने दिल्ली (कैपिटल्स) में रिकी पोंटिंग के साथ साझेदारी की है। वे दोनों एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं।

यह बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है। आपको एक कप्तान के रूप में अपने कोच को जानने की जरूरत है क्योंकि दोनों को एक-दूसरे का साथ देना होगा। यह एक लंबा टूर्नामेंट है।

## बार्यन म्यूनिख ने रिकॉर्ड 33वीं बार बुंडेसलीगा का खिताब जीता: हैरी केन ने किया सेलिब्रेशन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



बार्यन म्यूनिख ने जर्मनी की फुटबॉल लीग बुंडेसलीगा का खिताब जीत लिया है। 1963 में बुंडेसलीगा की शुरुआत के बाद से टीम का यह रिकॉर्ड 33वां खिताब है। बार्यन म्यूनिख लीग की सबसे सफल टीम है। हालांकि, अभी सभी टीमों को दो-दो मैच खेलने हैं, उससे पहले ही बार्यन म्यूनिख ने 32 मैच खेलने के बाद 76 पॉइंट्स के साथ पॉइंट टेबल में टॉप पर रहकर खिताब अपने नाम कर लिया है। बुंडेसलीगा में पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली टीम चैंपियन बनती है। लेवरकुसेन 68 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रह गई। सभी 18 टीमें 32-32 मैच खेल चुकी हैं।

अब कोई भी टीम अगर अपने सभी मैच जीत भी जाती है तो बार्यन म्यूनिख को पीछे नहीं छोड़ सकती है। टीम के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने सेलिब्रेशन का वीडियो का वीडियो शेयर किया है।

दूसरे स्थान पर मौजूद बायर लेवरकुसेन ने रविवार को अपना 32वां मैच फ्राइबर्ग के खिलाफ 2-2 की बराबरी पर खेला।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन शानदार, इंडिकेटर्स दिखा रहे मजबूत वृद्धि: सीईए नागेश्वरन



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि मौजूदा इंडिकेटर्स भारत की अर्थव्यवस्था की सकारात्मक तस्वीर दिखा रहे हैं और वैश्विक चुनौतियों के बाद भी घरेलू अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। अशोका यूनिवर्सिटी में एक समारोह में नागेश्वरन ने आगे कहा, "वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। वित्त वर्ष 25 के आंकड़े मई में उपलब्ध होंगे और मौजूदा इंडिकेटर्स संकेत दे रहे हैं कि विकास दर मजबूत रही है। उन्होंने आगे कहा कि देश में ऊर्जा किफायती हो रही है और एनर्जी ट्रांजिशन से रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और छोटे एवं मध्यम एंटरप्राइजेज एवं मैन्युफैक्चरिंग में इजाफा हो रहा है। नागेश्वरन ने मुताबिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एजुकेशन और देश का कुशल कार्यबल विकास दर को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई को नियंत्रित रखते हुए व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता है। साथ ही देश के आगे बढ़ने के साथ समावेशी विकास को टारगेट करना जरूरी है।

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 9 साल**

## 238 करोड़ से अधिक सिलेंडर हुए रिफिल : केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' बीते 9 वर्षों में नारी सशक्तीकरण की मिसाल बनी और 10 करोड़ से ज्यादा परिवारों को योजना का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 1 मई 2016 को शुरू 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के 9 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस योजना की शुरुआत उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से हुई थी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) ने ग्रामीण और वंचित परिवारों को एलपीजी जैसे स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएमयूवाई शुरू की थी। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "उज्ज्वला योजना के 9 साल, 10.33 करोड़ से ज्यादा परिवार खुशहाल! केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' नारी सशक्तीकरण की मिसाल बनी है और गृहणियों के लिए स्वास्थ्य का वरदान बनी है!" केंद्रीय मंत्री पुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएमयूवाई के इन 9 वर्षों में 238 करोड़ से अधिक सिलेंडर रिफिल हुए, जो इस योजना की सफलता को दर्शाता है। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि योजना के तहत अब तक 11,670 नए एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के जुड़ने से सिलेंडर की डिलीवरी सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में भी संभव हुई।

पारंपरिक खाना पकाने के ईंधन के इस्तेमाल से ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य पर इसका हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, पारंपरिक खाना पकाने के ईंधन का पर्यावरण पर भी प्रभाव पड़ता है। यह योजना उन ग्रामीण और वंचित परिवारों के लिए एक वरदान बनी है, जो खाना पकाने के लिए ईंधन के रूप में जलावन, लकड़ी, कोयला, गोबर के उपलों का इस्तेमाल करते थे।

## 'भारत स्टार्टअप यात्रा' में आपका स्वागत है, 'जहां विचार हाईवे पर चलते हैं और सपने इंजन को ईंधन देते हैं'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



छोटे शहरों में भी नवाचार केंद्रों की चमक में एक शांत क्रांति हो रही है। फिल्म निर्माता और अभिनेता शशि वर्मा की नई निर्देशकीय प्रोजेक्ट 'भारत स्टार्टअप यात्रा' देश के अगले बड़े परिवर्तन को लेकर एक बड़ा सिनेमाई अभियान है। सिर्फ जगहों का दस्तावेजीकरण करने के बजाय, यह श्रृंखला देश भर में फैले नवाचार और उद्यमिता की भावना में गहराई से उतरती है, महत्वाकांक्षा और बदलाव की शक्तिशाली कहानियों को कैद करती है। शशि वर्मा ने कहा, "मैंने अपना करियर कैमरे को फेस करने के साथ शुरू किया, लेकिन यात्रा के दौरान कहीं न कहीं, मैं इसके पीछे जुनूनी हो गया कि असल में कैमरे के पीछे क्या होता है। खास कर तब जब कहानियां वास्तविकता पर आधारित हों और इस देश की मिट्टी से उपजी हों। भारत स्टार्टअप यात्रा' आम कहानियों से अलग कुछ बेहद जरूरी को दिखाती है। यह कहानी भारत के चेंजमेकर्स की स्पिरिट को बताती है। धूल भरी गलियों से लेकर चहल-पहल वाले को-वर्किंग स्पेस तक, टियर-2 शहरों से लेकर उभरते टेक हब तक, यह सीरीज भविष्य का निर्माण करने वाले युवा दूरदर्शी लोगों को ट्रैक करती है। इस सीरीज को अलग-अलग शैलियों का मिश्रण वास्तव में अलग बनाता है।

## एप्पल वित्त वर्ष 26 तक भारत में मैन्युफैक्चर कर सकता है 3.36 लाख करोड़ रुपए के आईफोन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल की योजना भारत में अपने उत्पादन को बढ़कर वित्त वर्ष 26 के अंत तक 40 अरब डॉलर (करीब 3.36 लाख करोड़ रुपए) तक ले जाने की है। टेक्नोलॉजी दिग्गज की ओर से भारत में उत्पादन ऐसे समय पर शिफ्ट किया जा रहा है, जब ट्रेड टैरिफ और भू-राजनीतिक तनाव के कारण चीन और अमेरिका के बीच संबंध बढ़ रहे हैं।



इंडस्ट्री अनुमानों के मुताबिक, इस कदम से एप्पल अमेरिका में पैदा होने वाली 80 प्रतिशत आईफोन मांग को पूरी कर पाएगा।

## भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ खुला, अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ खुला। बाजार में चौतरफा तेजी देखी जा रही है। सुबह 9:36 पर सेंसेक्स 276 अंक या 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,741 और निफ्टी 78 अंक या 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,425 पर था।

सेंसेक्स को अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, टाइटन और टाटा मोटर्स जैसे शेयर ऊपर खींचने का काम कर रहे हैं। लार्जकैप के साथ मिडकैप



और स्मॉलकैप में भी खरीदारी का ट्रेंड देखा जा रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 344 अंक या 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,050 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 24 अंक की मजबूती के साथ 16,466 पर था। चॉइस ब्रोकिंग के डेरिवेटिव विश्लेषक हार्दिक मटालिया ने कहा, "सकारात्मक शुरुआत के बाद निफ्टी को 24,300, 24,200 और 24,000 पर सपोर्ट मिल सकता है। ऊपरी स्तर पर 24,500 एक रुकावट हो सकता है। अगर यह टूटता है तो 24,600 और 24,800 के स्तर देखने को मिल सकते हैं। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और एनर्जी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स हैं।

## पीएमश्री प्लस टू हाई स्कूल में जल जमाव से हो रही है परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरकारी विद्यालय को राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय व पीएमश्री का दर्जा हासिल हो गए हैं। मगर, इसके 4-5 साल बाद भी इसका सूरत-ए-हाल नहीं बदला है। अभिभावकों का कहना है कि इस विद्यालय के स्तर का विकास होने से उन्हें बड़ी खुशी मिली है। मगर, अभी तक जल जमाव जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी बारिश में ही मुख्य द्वार से पूरे परिसर में जल जमाव इस स्कूल की बड़ी समस्या हैं। इसका बड़ा कारण चहारदीवारी व भवनों के निर्माण और मुख्यमंत्री पोटो हो खेल मैदान योजना के तहत परिसर के समतलीकरण के साथ जल निकास के लिए नाले का निर्माण नहीं किया जाना है। ऐसे में बारिश के अलावा बाहर का पानी भी इस दौरान स्कूल परिसर में समा जाता है। इससे भारी जल जमाव हो जाता है। ऐसी हालत में पहली से 12 तक के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए थोड़ी सी बारिश में भी परेशानी का सबब बन जाती है। उन्होंने इन समस्याओं को देखते हुए इसके समाधान के लिए बरसात से पहले जल प्रवाह के लिए नाले के निर्माण की जरूरत पर बल दिया है। जिससे बरसात में भी पठन-पाठन में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

# गोंगो में सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप



**14.016 किलोमीटर सड़क का निर्माण होना है**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पीएमजीएसवाई के तहत पांकी से सोनपुरा, लंबाई 14.016 किलोमीटर कार्य का शिलान्यास 1 वर्ष पूर्व किया गया था। फिलहाल सड़क का पिच का कार्य किया जा रहा है। मामले की जानकारी होने के बाद विभाग के कार्यपालक अभियंता सड़क निर्माण कार्य की जांच करने दोपहर तक पहुंचे थे। वहां ग्रामीणों ने कार्यपालक अभियंता से भी इसकी शिकायत की।

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के पगार खुर्द पंचायत के गोंगो गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार के दोपहर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पांकी से बराज, व गोंगो बिनयका होकर गुजरने वाली निमार्णाधीन कालीकरण सड़क निर्माण कार्य का विरोध किया। ग्रामीणों ने संवेदक पर कार्य में अनियमितता बरतने व मानक के अनुसार कार्य न करने का आरोप लगाकर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल, मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह को कार्यस्थल पर बुलाकर इसकी शिकायत की। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। बारिश होने के कारण सड़क पर पानी जमा रहने के बावजूद पिच का कार्य कर दिया है, जिससे दर्जनों स्थान पर पिच अभी से ही उखड़ने लगा हैं। कई जगह पिच को हाथ से आसानी से उठाकर व जमा कर कर स्थानीय ग्रामीणों ने दिखाया। पिच की मोटाई भी मानक के अनुसार नहीं है। घटिया निर्माण कार्य को लेकर कुछ

**ग्रामीणों ने किया विरोध-प्रदर्शन**

ग्रामीणों ने रविवार को कार्य का विरोध भी किया था, लेकिन संवेदक द्वारा इसकी अनसूनी कर कार्य को जैस-तैसे किया जा रहा है। जिससे गांव के सभी ग्रामीण उग्र हो प्रदर्शन करने लगे। मामले की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ,जिला परिषद मुकेश सिंह चंदेल, मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह, नारो सिंह ने ग्रामीणों की मांग को जायज बताया। कहा कि कई दशक बाद सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है। ऐसे में अगर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होगा तो ग्रामीणों को पुनः उसी स्थिति का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मौके पर मौजूद संवेदक को मानक के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया ताकि सड़क टिकाऊ बने। मौके पर मौजूद पूजा कंस्ट्रक्शन के संचालक रणजीत सिंह ने तत्काल कार्य में सुधार लाने का जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को भरोसा दिलाया। मौके पर ग्रामीण धीरज सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, धीरेंद्र सिंह, नवनीत सिंह, मनदीप सिंह, संदीप सिंह, रिंकू सिंह, धनंजय सिंह, राजू रंजन सिंह, सीता सिंह, सुधीर गुप्ता, पिंटू सिंह, सोनी सिंह, वीरेंद्र पासवान, विमलेश सिंह, नीरज सिंह, लाल सिंह, जनेश्वर प्रसाद सिंह, सूरजमल पासवान, प्रभात सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के जपला छतरपुर मुख्य सड़क के ऊपरी गांव के समीप रविवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गयी है। घटना के बाद चालक वाहन ले कर भाग निकला। मृतक की पहचान हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बहोरन बिगहा गांव निवासी मो. रजा खान 50 वर्ष के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर रात में ही ग्रामीणों ने जपला छतरपुर मुख्य सड़क को जाम कर मुआवजा और वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया और शव को अपने कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मो. रजा खान बाहर में मजदूरी का काम करता था। रविवार की रात उसे कमाने के लिये निकलना था। घर में कुछ राशन और जरूरत का सामान लेने के लिए ऊपरी गांव आया हुआ था। इस क्रम में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से यह घटना घटी।

## किसान क्रेडिट कार्ड के लिए शिविर आज से

**मोहम्मदगंज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने के लिए मंगलवार से चार अलग-अलग तिथियों में प्रखंड मुख्यालय में शिविर आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार ने आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि चालू वित्तीय वर्ष में इस प्रखंड के 500 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित किया जाना है। इसे लेकर मई माह में 6,13,20 और 27 तारीख को प्रखंड कार्यालय में शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इन शिविरों में स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक के शाखा प्रबंधकों, जनसेवक, राजस्व उप निरीक्षक, बीटीएम, एटीएम और किसान मित्रों की उपस्थिति अनिवार्य बताया है। जबकि प्रखंड कृषि पदाधिकारी को सभी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए इन तिथियों पर आयोजित विशेष शिविरों में लक्ष्य के अनुरूप किसानों के आवेदन सृजन के साथ केसीसी ऋण से उन्हें आच्छादित करना सुनिश्चित करने का आदेश दिए हैं।

# सड़क हादसे में 21 वर्षीय छात्रा की दर्दनाक मौत, टेंपो चालक हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के जीएलए कॉलेज गेट के पास सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय छात्रा रिद्धि कुमारी की मौत हो गई। वहीं उसकी बड़ी बहन रानी कुमारी (23) गंभीर रूप घायल हो गयी। जिसका इलाज एमएमसीएच में चल रहा है। मृतका पांकी थाना क्षेत्र के पसहर गांव की रहने वाली थी और मेदिनीनगर में रहकर पढ़ाई कर रही थी।

जानकारी के मुताबिक, रिद्धि स्कूटी से बाजार जा रही थी तभी कॉलेज गेट के पास एक मालवाहक टेंपो ने पीछे से उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रिद्धि सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे एमएमसीएच अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही टीओपी-2 की पुलिस मौके पर पहुंची और टेंपो समेत चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

इधर घटना की खबर मिलते ही रिद्धि के परिजन एमएमसीएच पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मासूम बेटी की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस का कहना है कि टेंपो चालक से पूछताछ की जा रही है और दोषी पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### लड़की ने खुद को बाथरूम में बंद कर लगाई आग, मौके पर मौत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टाउन स्थित टीवीएस रोड में सोमवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब 19 वर्षीय युवती ने बाथरूम में खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शाम करीब 5:30 बजे की है। वह स्नातक की परीक्षा दे रही थी। परिजनों के अनुसार, वह घर के बाथरूम में खुद को अंदर से बंद कर पहले अपने ऊपर केरोसिन तेल डाला और फिर आग लगा ली। जब बाथरूम से धुआं निकलता देखा गया तो पड़ोसियों ने शोर मचाया। सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बाथरूम का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे, लेकिन तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि उसके पिता का देहांत पहले ही हो चुका है और परिवार की देखभाल उसके चाचा वीरेंद्र कुमार शर्मा करते हैं। वीरेंद्र ने बताया कि वह सुबह मंदिर में पूजा करने भी गई थी, ऐसे में उसकी आत्महत्या की कोई स्पष्ट वजह समझ नहीं आ रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि युवती का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद घर में मातम का माहौल है और परिजन बदहवासी की हालत में हैं।

### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता के ट्वीट के बाद मजदूर का शव गुजरात से आज पहुंचेगा चंदवा

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत जमीरा ग्राम से काम करने गुजरात गए मजदूर विनोद यादव पिता दशरथ यादव की आकस्मिक मौत शनिवार को गुजरात के जिला भरूच, थाना दहेज अंतर्गत बगरा में हो गई। परिजन आर्थिक अभाव में मृतकों के शव को पैतृक गांव लाने में असमर्थ थे। परिजनों ने लातेहार विधायक प्रकाश राम,भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव, जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, श्रम अधीक्षक से शव को वापस गांव लाने में मदद की गुहार लगाई। इसके बाद प्रतुल शाह देव ने मामले को संज्ञान लेते हुए परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली व मामले में ट्वीट कर झारखंड व गुजरात के मुख्यमंत्री एवं लातेहार से शव वापस लाने में मदद की गुहार लगाई। बाद प्रशासन परिजनों से संपर्क स्थापित कर शव वापस लाने की कवायद में जुट गई थी। मृतक के तीन बच्चे हैं। तीन वर्ष पूर्व मजदूरी करने गुजरात गया था। प्रतुल शाहदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सचिवालय के द्वारा मैसेज दिया गया कि रविवार देर रात एंबुलेंस से शव को चंदवा जमीरा के लिए भेज दिया गया है।

# युवक को मानसिक आरोग्यशाला भेजने की पहल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत रंका कला निवासी गरीब भोटन राम के तीसरे पुत्र जितेंद्र कुमार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी राजेश कुमार चौधरी व अमरेंद्र कुमार ने घर पहुंच कर पूरी मामले की जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि उनके पुत्र की मानसिक स्थिति कुछ माह से अच्छी नहीं होने के कारण के कारण वह इन दिनों पागलों जैसा हरकता करता है। पीएलवी ने अपने सीनियर पीएलवी कृष्णानंद दुबे से मार्गदर्शन व उचिव दिशा-निर्देश प्राप्त कर मानसिक रूप से कमजोर जितेन्द्र कुमार का इलाज रांची के कांके स्थित मानसिक आरोग्यशाला में कराने के लिए पहल की।

## सर्वेक्षण साइट पर हमला करने वाले उग्रवादियों पर मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र तुरीसोत वन क्षेत्र में सीएमपीडीआई के द्वारा किये जा रहे कोयला,खनिज,संपदा,पानी आदि भूगर्भ संपदा के सर्वेक्षण कार्य साइट पर हुए माओवादी हमले के बाद प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गई है। सीएमपीडीआई के अधिकारी के आवेदन के आलोक में चंदवा थाना में अज्ञात माओवादियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान तेज कर दिया गया है। बता दें कि शनिवार की देर शाम नक्सलियों के एक दस्ते ने तुरीसोत में सीएमपीडीआई के कोल टेस्टिंग को लेकर किए जा रहे ड्रिलिंग साइट पर अचानक धावा बोल दिया था। वहां काम में लगे कर्मियों को बंधक बनाकर दो ड्रिलिंग मशीन,दो बोलेरो,दो कैंपर, दो ट्रक को आग के हवाले कर दिया गया था। चंदवा में लंबे समय के बाद हुए माओवादी घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। घटना के बाद पलामू डीआईजी,लातेहार एसपी समेत पुलिस के कई वरीय अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था। पुलिस अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है।

### पारिवारिक विवाद में महिला ने खाया कीटनाशक

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी अरुण सिंह की पत्नी रूपा देवी (30 वर्ष) ने रविवार की रात पारिवारिक विवाद के चलते कीटनाशक दवा खा ली। परिजनों द्वारा तत्काल रूपा देवी को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक सुभग सिंह द्वारा उनका इलाज किया गया। घटना के संबंध में महिला के पति अरुण सिंह ने बताया कि रविवार की शाम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस बात से आक्रोशित होकर रूपा देवी ने सब्जी के खेतों में डालने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया।

## कलश यात्रा के साथ आज शुरू होगा श्री श्री 108 ठाकुरबाड़ी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया पंचायत के हरैया में नवनिर्मित श्री श्री 108 ठाकुरबाड़ी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। मूर्ति नगर भ्रमण 7 मई बुधवार को कुलदेवी पूजन एवं क्षत्रपाल पूजन, 8 मई गुरुवार को महा रुद्राभिषेक एवं अन्य देवता पूजन 9 मई शुक्रवार को प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा,पूजा संपन्न होने के बाद मध्याहन से गोधुली पूर्व तक भंडारा व रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर समिति के मृत्युंजय सिंह,डॉ. मनीष कुमार, त्रिभुवन पाठक,रविकांत दुबे, प्रमोद जायसवाल,बृजकिशोर जायसवाल,बिहारी सिंह,सुबोध जायसवाल,अजय जायसवाल, दीपक भगत,विजय कुमार समेत कई लोग पुरी तन्मयता से जुटे हुए हैं।

**पीएम श्री प्लस टू कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में करियर काउंसलिंग का आयोजन**

# छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण व निरंतर अभ्यास की जरूरत : आनंद कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पीएम श्री प्लस टू कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हुसैनाबाद में सोमवार को करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 10 वीं, 12 वीं की छात्राओं को शैक्षणिक व व्यावसायिक क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं की जानकारी देना और उन्हें करियर निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में इन्फोसिटी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन्स के विशेषज्ञों ने छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी और उनके बीच कौशल विकास, उच्च शिक्षा के अवसर, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, तकनीकी शिक्षा व उद्यमिता से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपने भविष्य से जुड़े सवालों का जवाब विशेषज्ञों से प्राप्त किए। इस अवसर पर



विद्यालय की वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में छात्राओं को समय रहते सही दिशा में मार्गदर्शन मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बालिकाओं को आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करते हैं। विशेषज्ञ आनंद कुमार ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि आधुनिक दौर में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ संवाद कौशल और आत्मविश्लेषण भी करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण और निरंतर अभ्यास की जरूरत बताया। इन्फोसिटी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन्स के निदेशक सतीश अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राएं भी यदि सही मार्गदर्शन और संसाधन प्राप्त करें, तो वे किसी भी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं।

## पेज एक के शेष

### टेस्ला एएस ने...

और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) प्राप्त हुआ।

अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड में विदेशी निवेश के मकसद से यूरोपीय देश स्पेन और स्वीडन गए प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के बार्सिलोना स्थित निमार्णाधीन यूरोप के सबसे बड़े स्टेडियम एफसी बार्सिलोना स्टेडियम और संग्रहालय का दौरा किया। इस दौरान वहां एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट के साथ बैठक की। साथ ही, डी गावा संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां एक पुराने खनन स्थल को एक जियोलॉजिकल म्यूजियम में बदल दिया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी झारखंड के चाईबासा में भी इसी तरह के स्थलों को जियोलॉजिकल म्यूजियम में बदलने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बनाने का निर्देश दिया है। बार्सिलोना में ही एक इंवेस्टर मीट भी आयोजित किया गया। वहां भारतीय प्रवासियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। वन टू वन मीटिंग कर खेल से संबंधित मार्केटिंग एंड ब्रांडिंग, आईईएसई बिजनेस स्कूल में उद्यमिता संकाय, पर्यावरण स्थिरता सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। निवेशकों ने झारखंड में एक बेहतरीन स्टार्टअप पॉलिसी के तहत काम करने की रुचि व्यक्त की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें राज्य में संभावित निवेश को तलाश करने के लिए प्रोत्साहित किया। राजकमल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने ह्यफिरा दी बार्सिलोना इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटरह्न का दौरा किया, जो यूरोप के सबसे बड़े और सबसे आधुनिक प्रदर्शनी स्थलों में से एक है। वहां स्पेन में भारत के राजदूत की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से एक मेगा सम्मेलन और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने के लिए एलओआई प्राप्त हुआ। इसके बाद वैश्विक निवेशकों के लिए मैड्रिड का दौरा किया गया। अरवा राजकमल ने बताया कि स्वीडन के गोथेनबर्ग में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 50 से अधिक वैश्विक निवेशकों के समक्ष झारखंड में विनिर्माण, इलेक्ट्रिक वाहन, खनिज अन्वेषण और प्रसंस्करण तथा स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित निवेश क्षेत्रों को दशार्या। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने गोथेनबर्ग में वोल्वो ट्रक संयंत्र का दौरा किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड में खनन कार्यों में भारी ट्रकों की बढ़ती मांग को देखते हुए झारखंड में एक मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए वोल्वो को आमंत्रित किया। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, खनन आयुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एमडी जिडको वरुण रंजन समेत कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### झामुमो की 63...

इसमें चार हजार प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ध्वनिमत से शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक और हेमंत सोरेन को अध्यक्ष चुना गया था। इसी केंद्रीय अधिवेशन में हेमंत सोरेन को पार्टी की कमेटी के गठन के लिए भी अधिकृत किया गया था।

**चार सचिव बनाए गए :** नंदकिशोर मेहता, अभिषेक प्रसाद पिंटू, पंकज मिश्रा और समीर मोहंती झामुमो के सचिव बनाए गए हैं। विनोद कुमार पांडेय को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। दो महासचिवों सुप्रियो भट्टाचार्य और विनोद कुमार पांडेय के अलावा हेमलाल मुर्मू, कुणाल षाडंगी और मनोज कुमार पांडेय को पार्टी प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है।

### केंद्रीय कार्यकारिणी समिति...

उमाकांत रजक, जगत मांझी, सुदीप गुड़िया, रामसूर्या मुंडा, अमित महतो, अनंत प्रताप देव, अंजनी सोरेन, पटवारी हांसदा, परेश मरांडी और बिद्धू मुर्मू को भी केंद्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

### एसीबी ने जिला...

खनन विभाग के कर्मचारी अब्दुल हाफिज ने कहा कि आपका काम हो जाएगा। दस हजार रुपए ऑनलाइन फाइन भर दीजिए और बयालिस हजार नकद रिश्वत के रूप में लगेगा। अश्वन तिर्की रिश्वत देकर काम नहीं करवाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने आवेदन दिया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने आवेदन के विधिवत सत्यापन के बाद जिला खनन कार्यालय के अधिकारी अब्दुल हाफिज पर लगे आरोपों को सत्य पाया। इसके बाद एसीबी की टीम ट्रैप करने के लिए पहुंची, तो आरोपी अपने प्रतिनियुक्ति स्थान पर उपस्थित नहीं था। उसके बदले जिला खनन कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर आउटसोर्सिंग बिंदेश तिर्की द्वारा बोला गया कि वह काम कर देगा। बिंदेश तिर्की ने कहा, मेरा 2000 रुपए बनता है, उसको मैं लूंगा और बाकी पैसा अब्दुल हाफिज लेंगे। इसके बाद जिला खनन कार्यालय में टीम द्वारा अश्वन तिर्की से रिश्वत की राशि दो हजार रुपए लेते हुए बिंदेश तिर्की को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

### ऐ मेरे प्यासे वतन...

उन्होंने कहा, अक्सर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जल संरक्षण को लेकर बैठकें होती रहती हैं। कैसे जल बचाया जाए, कैसे उसे संरक्षित किया जाए, इन सभी विषयों के बारे में ह्यऐ मेरे प्यासे वतनह्न पुस्तक में महेंद्र मोदी ने लिखा है। इस पुस्तक का लाभ आने वाली पीढ़ी भी बरसों तक ले पाएगी। सेवानिवृत्त आईपीएस महेंद्र मोदी ने कहा, अब यह मेरा पैशन बन चुका है। रुपये नहीं भी रहेंगे, तो भी मुझे यह करते रहना है। उन्होंने कहा, हाल ही मैं एक विद्यालय में वाटर हार्वेस्टिंग तोहफे के रूप में अपने खर्च पर बना कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे मात्र चार महीने में झारखंड में भी जलस्तर को ऊपर लाया जा सकता है। इस लोकार्पण कार्यक्रम में सरयू राय, देवेंद्र कुंवर, सुदर्शन प्रसाद मंडल, पुलिस महानिरीक्षक, संगठित अपराध, सीआईडी, नौशाद आलम, डीआईजी कार्मिक, माणिक लाल हेंब्रम, प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा, मधुकर भारद्वाज, संयुक्त सचिव झारखंड विधानसभा, विनोद विश्वकर्मा बरही, राजेश कुमार गुप्ता, दीपक कुमार, समाजसेवी, पिंकू वर्णवाल एवं अन्य गण्यमान्य अतिथि उपस्थित थे।

### आतंकवाद के खिलाफ...

और उन्हें इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कथित तौर पर 9 मई को मास्को में आयोजित होने वाले विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करने से इनकार कर दिया है। पहले उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के विजय दिवस समारोह में शामिल होंगे। हालांकि, उनके न जाने के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया, लेकिन माना जा रहा है कि पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा स्थिति के कारण ऐसा हुआ। इधर, पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह बैठक वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है और माना जा रहा है कि उन्होंने सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा : ट्रंप ने विदेशी फिल्मों पर कसा शिकंजा

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को विदेशी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमेरिका में फिल्म उद्योग बहुत तेजी से खत्म हो रहा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। उन्होंने अन्य देशों पर आरोप लगाया कि वे तरह-तरह के प्रोत्साहन देकर फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर कर रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, "अमेरिका में उद्योग तेजी से खत्म हो रहा है। अन्य देश हमारे फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर करने के लिए कई तरह के प्रोत्साहन दे रहे हैं। हॉलीवुड और अमेरिका के कई अन्य क्षेत्र तबाह हो रहे हैं। यह अन्य देशों का सुनियोजित प्रयास है और इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।

उन्होंने आगे कहा, "यह प्रचार और संदेश भी है। इसलिए, मैं वाणिज्य विभाग और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव को तुरंत उन सभी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ शुरू करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दे रहा हूं, जो विदेशों में बनी हैं और हमारे देश में आ रही हैं।

हम चाहते हैं कि अमेरिका में फिर से फिल्में बनाई जाएं। रविवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने हॉलीवुड में पिछले कुछ वर्षों में फिल्म निर्माण में कमी के लिए कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम को जिम्मेदार ठहराया।

## ट्रंप का आरोप : दूसरे देश अमेरिका से फिल्म निर्माण क्षमता चुरा रहे हैं

उन्होंने कहा कि अन्य देश अमेरिका से फिल्में और फिल्म निर्माण की क्षमताएं चुरा रहे हैं। ट्रंप ने कहा, "अगर वे संयुक्त राज्य अमेरिका के अंदर फिल्म बनाने के लिए तैयार नहीं हैं, तो हमें फिल्मों के आने पर टैरिफ लगाना चाहिए। रिपोर्ट्स के अनुसार, बजट में कटौती और बाहर अधिक आकर्षक टैक्स प्रोत्साहनों के कारण कैलिफोर्निया में फिल्म निर्माण कम हुआ है। इसके अलावा, हाल के वर्षों में अमेरिकी फिल्म उद्योग को कई आर्थिक झटके लगे, जिनमें हॉलीवुड मजदूर हड़ताल और कोविड महामारी शामिल हैं। जनवरी में ट्रंप ने तीन फिल्म स्टार्स- जॉन वॉइट, मेल गिब्सन और सिल्वेस्टर स्टेलोन को हॉलीवुड में व्यापार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विशेष दूत नियुक्त किया था। ट्रंप ने कहा कि उनका काम हॉलीवुड में बिजनेस वापस लाना है, क्योंकि पिछले चार वर्षों में इस उद्योग को विदेशी फिल्मों के कारण बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने उस दौरान पोस्ट किया था, "वे मेरे लिए विशेष दूत के रूप में काम करेंगे ताकि हॉलीवुड, जो पिछले चार वर्षों में विदेशी फिल्मों के कारण बहुत सारा बिजनेस खो दिया है, उसको पहले से कहीं अधिक बेहतर और मजबूत बनाया जा सके।



### ट्रंप के बयान और प्रस्ताव

- **ट्रंप का आरोप :** अन्य देश अमेरिका से फिल्में और फिल्म निर्माण की क्षमताएं चुरा रहे हैं।
- **ट्रंप ने सुझाव दिया :** अगर कोई देश अमेरिका में फिल्में नहीं बनाता, तो उनकी फिल्मों पर टैरिफ लगाया जाए।
- **उद्देश्य :** अमेरिकी फिल्म उद्योग की रक्षा और पुनरुत्थान।

# एलओसी पर तनाव के बीच रक्षा सचिव ने मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



## सैन्य तैयारियों की दी जानकारी

- जापान के रक्षा मंत्री नाकातानी ने कहा कि "जापान भारत के साथ खड़ा है।
- भारत और जापान के रक्षा मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक में पहलगाम आतंकी हमले की चर्चा हुई।
- नाकातानी ने भारत के प्रति संवेदना व एकजुटता जताई।
- आतंकी हमले को लेकर आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की गई।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी लगातार पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री पूरे मामले पर तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक भी कर चुके हैं। माना जा रहा है कि रक्षा सचिव ने सोमवार को हुई इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री को ताजा हालात और सैन्य तैयारियों की जानकारी दी। वहीं, सोमवार को ही नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा मंत्री से मुलाकात की।

इससे पहले रविवार को भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से पीएम आवास पर मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री को मौजूदा स्थिति और एयरफोर्स की तैयारियों से अवगत कराया। यह मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली। वहीं, शनिवार को नौसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। इस बीच सोमवार को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी के बीच एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। नई दिल्ली में हुई इस मुलाकात के दौरान जापानी रक्षा मंत्री ने भारत को अपना समर्थन दिया।

उन्होंने बताया कि जापान भारत के साथ खड़ा है। भारत और जापान के रक्षा मंत्रियों की इस महत्वपूर्ण बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की भी चर्चा हुई। जापान के रक्षा मंत्री नाकातानी ने पहलगाम हमले के मामले में भारत के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। इससे पहले भारत में जापान के राजदूत ओनो केइची ने रक्षा सचिव से मुलाकात की थी। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से यह मुलाकात हुई थी। इस बैठक के दौरान जापान के राजदूत ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले समेत आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का लगातार उल्लंघन कर रही है। जापान के रक्षा मंत्री फिलहाल भारत में हैं और इस बीच 4-5 मई की रात के दौरान भी पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की है।

पाकिस्तान बीते 11 दिनों से नियंत्रण रेखा पर इस तरह की फायरिंग कर रहा है। सेना के मुताबिक 4-5 मई की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार से गोलीबारी की है।

# परीक्षा एक पाली में कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नीट पीजी परीक्षा में पारदर्शिता कठिनाई स्तरों में एकरूपता मूल्यांकन के समान मानकों को सुनिश्चित करने के लिए**

- यूनाईटेड डॉक्टर्स फ्रंट ने नीट पीजी परीक्षा को दो पाली में कराने को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की
- लिखा- परीक्षा के लिए देशभर में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि परीक्षा एक ही शिफ्ट में हो सके

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नीट पीजी परीक्षा 15 जून को दो पालियों में आयोजित की जानी है, लेकिन उसका विरोध शुरू हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति बी आर गवई व न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष यूनाईटेड डॉक्टर्स फ्रंट ने नीट पीजी परीक्षा को चुनौती देते हुए एक याचिका दाखिल की, जिस पर शीर्ष अदालत ने भारत सरकार, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नोटिस जारी किया है। अभी जो तय है उसमें नीट पीजी परीक्षा दो अलग-अलग पालियों में आयोजित की जानी है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई अगले सप्ताह निर्धारित की है। याचिका में मांग की गई है कि पारदर्शिता, कठिनाई स्तरों में एकरूपता और मूल्यांकन के समान मानकों को सुनिश्चित करने के लिए नीट पीजी परीक्षा 2025 एक पाली में आयोजित की जाए।न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने यह याचिका सुनी, जो सात चिकित्सा पेशेवरों द्वारा दायर की गई थी। इन पेशेवरों ने यह भी अनुरोध किया कि परीक्षा के लिए देशभर में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि परीक्षा एक ही शिफ्ट में हो सके। पीठ ने कहा, "नोटिस जारी करें, एक सप्ताह में जवाब दें।" नोटिस एनबीईएमएस, नेशनल मेडिकल काउंसिल और केंद्र को जारी किए गए हैं, उनसे याचिका पर प्रतिक्रिया देने को कहा गया है। एनबीईएमएस को अनुमोदित विशिष्टताओं में स्नातकोत्तर और पोस्टडॉक्टोरल परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसके परिणामस्वरूप डिप्लोमा ऑफ नेशनल बोर्ड, डाक्टोरेट ऑफ नेशनल बोर्ड , फेलो ऑफ नेशनल बोर्ड की डिग्रियां दी जाती हैं। याचिकाकर्ताओं ने 16 अप्रैल को एनबीईएमएस द्वारा जारी की गई अधिसूचना को चुनौती दी है, जिसमें परीक्षा को 15 जून को दो शिफ्टों में आयोजित करने की घोषणा की गई थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील सुखृति भटनागर व अभिष्ट ने पेशी की। याचिका में कहा गया, "दो शिफ्टों में परीक्षा आयोजित करने से निष्पक्षता में कमी हो सकती है, क्योंकि शिफ्टों के बीच कठिनाई स्तर भिन्न हो सकते हैं, पारदर्शी और सही नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया में चुनौतियां हो सकती हैं, और उम्मीदवारों में तनाव और चिंता बढ़ सकती है।" याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता नीट पीजी परीक्षा को एक ही शिफ्ट में आयोजित करने के लिए निर्देश की मांग कर रहे हैं ताकि "सभी उम्मीदवारों के लिए एक समान, निष्पक्ष और उचित प्रतियोगिता का आधार सुनिश्चित किया जा सके, क्योंकि नीट पीजी परीक्षा में 0.1 अंक का अंतर भी उम्मीदवार की रैंक में सैकड़ों और हजारों का बदलाव कर सकता है।" याचिका में यह भी कहा गया कि ऐसी विस्तृत परीक्षा को दो शिफ्टों में आयोजित करना उम्मीदवारों के अधिकारों का उल्लंघन है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत उनके लिए समान और निष्पक्ष प्रतियोगिता सुनिश्चित करने का अधिकार देता है। दो शिफ्टों में परीक्षा आयोजित करना पारदर्शिता के अभाव में नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया को निष्पक्ष और सही तरीके से लागू करना लगभग असंभव है। याचिका में दावा किया गया है, "यह उम्मीदवारों के अनुच्छेद 21 के अधिकार का भी उल्लंघन है, क्योंकि यह प्रक्रिया उचित परीक्षा के मूल अधिकार का उल्लंघन करती है।"याचिका में यह भी कहा गया कि पिछले साल भी नीट पीजी परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित की गई थी और उस परीक्षा के परिणामों को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई थी, क्योंकि दो शिफ्टों के कारण जो समस्याएं आईं थीं और नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया में जो दिक्कतें आईं, उनके कारण परिणाम विवादित हो गए थे। याचिका में कहा गया, "इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि एक बैच के उम्मीदवारों को दूसरे बैच की तुलना में कठिन प्रश्न पत्र मिल सकता है, जैसा कि पिछले साल हुआ था, जब यह आरोप लगाए गए थे कि दूसरे शिफ्ट का प्रश्न पत्र आसान था।" याचिका में आगे लिखा है- इससे और भी बड़े मुद्दे उत्पन्न होते हैं, जैसे प्रश्नों का मॉडरेशन, स्केलिंग, और नॉर्मलाइजेशन, जो दोनों शिफ्टों के उम्मीदवारों के लिए सवालों के पक्ष में या विपक्ष में काम कर सकते हैं, जिससे परीक्षा के दोनों शिफ्टों में किसी एक शिफ्ट के उम्मीदवारों को फायदा हो सकता है।

# अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान बताकर ट्रंप चीन पर टैरिफ घटाने की बात कर रहे

## हर कुछ दिन में बात व टैरिफ बदल रहे ट्रंप मजाक बनते जा रहे हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों अन्य देशों में बल्कि अमेरिका में भी प्रहसन के सबसे बड़े पात्र बन गये हैं। उनके हर कुछ दिन बाद टैरिफ़ बदलने तथा विदेशियों को देश निकाला अभियान, विश्वविद्यालयों के फंड पर रोक व कटौती आदि से अमेरिका में ही उनका कड़ा विरोध होने लगा है। उनके सहयोगी उद्योगपतियों की कंपनियों के सामान को लोग बायकाट करने लगे हैं। उनके शो रूम पर प्रदर्शन , तोड़-फोड़ करने लगे हैं। इस सबके चलते ट्रंप समर्थक कंपनियों के धंधे चौपट होने लगे हैं, उनके शेयर नीचे आने लगे हैं। ऐसे कंपनियों को अब तक कई लाख करोड़ के चुना लग चुके हैं। इसमें प्रमुख हैं ट्रंप के आंख -कान -नाक बने उद्योगपति मस्क। इन हालात में ट्रंप को होश ठिकाने लगने लगा है। सो अब वह चीन पर लगाए गए टैरिफ को कम करने की बात कहे हैं। ट्रंप ख़ुद कहे हैं कि मौजूदा टैरिफ दरें इतनी ज्यादा हैं कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने एक-दूसरे के साथ व्यापार करना ही बंद कर दिया है। ट्रंप ने एलबीसी के एक शो में कहा कि किसी भी समय मैं चीन पर



टैक्स घटा दूंगा, क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया गया तो उनके साथ व्यापार करना मुमकिन नहीं होगा और वे व्यापार करना चाहते हैं। मालूम हो कि अपनी अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत ट्रम्प ने अमेरिका में सामान बेचने वाले सभी देशों पर 10% टैरिफ लगाया था, लेकिन चीन पर टैरिफ बढ़ाते-बढ़ाते 20 अप्रैल को 145% तक कर दिया था। बदले में चीन ने भी अमेरिकी सामान पर 125% तक का टैरिफ लगा दिया था।लेकिन चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका की ट्रेड बातचीत की पेशकश पर चीन विचार कर रहा है, लेकिन बातचीत तभी शुरू होगी जब ट्रंप एकतरफा तौर पर लगाए गए टैरिफ को खत्म करेंगे।

# ग्वालियर के रेस्टोरेंट में बुलाई फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम, सैंपलिंग कराई

## रेस्टोरेंट में नहीं मिली जगह, मंत्री हो गए नाराज

**नई दिल्ली।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को ग्वालियर के एक रेस्टोरेंट में उस समय गुस्सा आ गया, जब उन्हें टेबल नहीं मिली। उन्होंने होटल में गंदगी की बात कहते हुए तत्काल फूड विभाग का अमला बुला लिया।टीम ने होटल के किचन में आधी रात तक खाद्य सामग्री के सैंपल लिए। भाजपा के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, मीडिया प्रभारी और पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद होटल वालों को अपनी गलती समझ में आ गई। मंत्रीजी को टेबल मिल गई और मामला सुलझ गया। मामला पटेल नगर में क्वालिटी रेस्टोरेंट में रविवार रात का है। कांग्रेस ने X पर लिखा- बीजेपी सरकार के मंत्री सत्ता के नशे में चूर हैं। उधर, बीजेपी सूत्रों की मानें तो पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री कार्यालय ने मामले की रिपोर्ट मांगी है। मंत्री पटेल विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे की शादी के रिसेप्शन में ग्वालियर आए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे परिवार समेत क्वालिटी रेस्टोरेंट पहुंचे थे। पटेल कुर्ता पायजामा में न होकर फॉर्मल ड्रेस में थे। होटल स्टाफ उनको पहचान नहीं सका।

# हूती मिसाइल हमले से इजरायली हवाई क्षेत्र में दहशत



## प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाबी कार्रवाई की खाई कसम

**यरूशलम (आईएएनएस)** । इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यमन में हूती विद्रोहियों और उनके सहयोगी ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई है। जवाबी कार्रवाई का फैसला हूती समूह के इजरायल स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दागे गए मिसाइल हमले के बाद लिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री कार्यालय के आधिकारिक अकाउंट से किए गए एक पोस्ट में दावा किया गया कि "हूती के हमले ईरान की शय पर होते हैं।" इसमें आगे कहा गया कि इजरायल "हमारे मुख्य हवाई अड्डे पर हूती विद्रोहियों के हमले का जवाब देगा।






# बेंगलुरु कॉन्सर्ट के दौरान विवादित टिप्पणी को लेकर सोनू निगम के खिलाफ मामला दर्ज

## गायक ने अब अपनी सफाई दी

### विवाद किस बात पर है?

सोनू निगम बेंगलुरु में अपने कॉन्सर्ट से एक वीडियो वायरल होने के बाद कानूनी मुसीबत में फंस गए। कर्नाटक के अवलाहल्ली पुलिस में पार्श्व गायक के खिलाफ़ एक प्राथमिकी दर्ज की गई, जिन्होंने गायक को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। सोनू निगम का वीडियो बेंगलुरु के ईस्ट पॉइंट कॉलेज में उनके कॉन्सर्ट का है। वीडियो में गायक को एक छात्र को सबक सिखाते हुए देखा जा सकता है, जो कथित तौर पर कन्नड़ में गाना गाने की मांग करते हुए उन पर चिल्ला रहा था। घटना के बाद, गायक ने भीड़ को संबोधित करने के लिए अपना शो रोक दिया। उन्होंने कहा, "अपने करियर में मैंने कई भाषाओं में गाने गाए हैं, लेकिन मैंने अब तक जो सबसे बेहतरीन गाने गाए हैं, वे कन्नड़ भाषा में हैं। जब भी मैं आपके शहर में आता हूँ, तो ढेर सारा प्यार लेकर आता हूँ। हम कई जगहों पर बहुत सारे शो करते हैं, लेकिन जब भी हम कर्नाटक में शो करते हैं, तो हम आपके लिए बहुत सम्मान लेकर आते हैं।



गायक सोनू निगम कन्नड़ गानों पर कथित विवादित टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। अवलाहल्ली पुलिस ने निगम को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। कथित तौर पर यह नोटिस व्हाट्सएप के जरिए भेजा गया था। गायक सोनू निगम कन्नड़ गानों पर कथित विवादित टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। अवलाहल्ली पुलिस ने निगम को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। कथित तौर पर यह नोटिस व्हाट्सएप के जरिए भेजा गया था। जांच के हिस्से के रूप में, पुलिस उन वीडियो क्लिप की जांच कर रही है, जिसमें निगम ने कथित तौर पर बयान दिए थे। अधिकारियों ने इन वीडियो के साथ-साथ इवेंट आयोजकों से रॉ फुटेज भी एकत्र की है। वीडियो और ऑडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए सामग्री को फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी भेजा जा रहा है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता पार्श्व गायक सोनू निगम को बेंगलुरु के एक प्रशंसक को सबक सिखाते हुए देखा गया, जो 'असभ्य' था और उसे किसी अन्य भाषा के बजाय कन्नड़ में गाने के लिए कह रहा था। मंच से गायक ने इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और इसे पहलगाम आतंकवादी हमले से भी जोड़ा, लेकिन इस तरह एक नया विवाद खड़ा हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद, न केवल गायक को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया।